✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290 /90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक :97 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 2 सितम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रूपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन और जापान की अपनी यात्रा खत्म कर दिल्ली पहुंचे

# बिहार में त्योहारी सीजन के लिए बस के किराया में विशेष छूट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना**। बिहार सरकार ने त्योहारी सीजन के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम पीपीपी मोड में 50-60 सीटों की क्षमता वाली एसी, नॉन-एसी और एसी स्लीपर बसों का संचालन करने जा रहा है। ये बसें बिहार से दिल्ली, उत्तर प्रदेश, झारखंड, हरियाणा और पश्चिम बंगाल के विभिन्न शहरों के लिए चलेंगी। सरकार ने यात्रियों को राहत देते हुए बस किराया पर रियायत देने का फैसला किया है।

त्योहारी सीजन में यात्रियों के लिए सस्ते सफर की सौगात

त्योहारी सीजन में भागलपुर-अंबाला रूट के लिए एसी स्लीपर बस के किराए पर सरकार 1,113 रुपये छूट देगी। बस का कुल भाड़ा 3,603 रुपये है जिसमें से यात्रियों को मात्र 2,490 रुपये का भुगतान करना होगा। इसी तरह नॉन-एसी बस के लिए 632 रुपये की छूट तय की गई है और यात्रियों को 1490 रुपये किराया देना होगा जबकि बस का कुल भाड़ा 2,122 रुपये है।

**पटना से दिल्ली का किराया**

पटना से दिल्ली के लिए एसी बस के किराए पर सरकार 619 रुपये सब्सिडी वहन करेगी। एसी बस का कुल किराया 1,873 रुपये है, जिसमें यात्री मात्र 1,254 रुपये देंगे। इसी तरह नॉन-एसी बस के किराए पर सरकार 394 रुपये छूट के रूप में देगी और यात्रियों को 1,133 रुपये किराया का भुगतान करना होगा, जबकि बस का वास्तविक किराया 1,527 रुपये निर्धारित किया गया है। वहीं, एसी स्लीपर बस के कुल किराए पर सरकार 919 रुपये छूट देगी। बस का किराया 2,812 रुपये है, जिसमें यात्री 1,893 रुपये देंगे। इन सभी शहरों से बसों का परिचालन रोजाना किया जाएगा। इससे 20 सितंबर से 30 नवंबर 2025 के बीच दुर्गापूजा, दीपावली और छठ जैसे त्योहारों पर घर लौटने वाले प्रवासी बिहारवासियों को सुरक्षित और सस्ती यात्रा मिलेगी।

## पांच राज्यों के लिए सस्ती बस सेवा

**दिल्ली:** अररिया, भागलपुर, पूर्णिया, दरभंगा, गया, किशनगंज, मुजफ्फरपुर, पटना, शिवहर, सीतामढ़ी, सिवान और सुपौल से बसें उपलब्ध होंगी।

**हरियाणा:** अररिया, पूर्णिया, मधुबनी, गया, मुजफ्फरपुर, पटना-अंबाला, गुरुग्राम और पानीपत के लिए बसें चलेंगी।

**झारखंड:** आरा, बिहारशरीफ, पटना, पूर्णिया-बोकारो, धनबाद, रांची, डाल्टनगंज, गुमला और हजारीबाग के लिए बस सेवा।

**उत्तर प्रदेश:** छपरा, देवरिया, गया, किशनगंज, पटना-बलिया, गाजियाबाद, गोरखपुर, लखनऊ, सारनाथ और वाराणसी के लिए बसें।

**पश्चिम बंगाल:** औरंगाबाद, बेगूसराय, बेतिया, छपरा, फारबिसगंज, गया, गोपालगंज, हिसुआ, जोगबनी, मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, पटना, ठाकुरगंज और वजीरगंज से कोलकाता, सिलीगुड़ी और दुर्गापुर के लिए बसें।

# 'वोटर अधिकार यात्रा' का पटना में समापन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/पटना**। बिहार में विपक्षी दलों की ओर से निकाली गई ऐतिहासिक 'वोटर अधिकार यात्रा' का सोमवार को पटना में भव्य समापन हुआ। गांधी मैदान से अंबेडकर प्रतिमा तक निकाले गए इस मार्च में लाखों लोगों की भागीदारी ने विपक्ष की एकजुट ताकत और जनता के गुस्से का अहसास कराया। यात्रा के 16वें दिन संपन्न इस कार्यक्रम में महात्मा गांधी और बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। समापन अवसर पर डाकबंगला चौराहे पर आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि "वोट चोरी का मतलब है – अधिकार, आरक्षण, रोजगार, शिक्षा और युवाओं के भविष्य की चोरी। भाजपा सिर्फ वोट ही नहीं छीन रही, बल्कि इसके बाद जनता का राशन, जमीन और योजनाओं का हक भी अडानी-अंबानी को सौंप देगी।"

# भारतीय रेल और भारतीय स्टेट बैंक के बीच रेलकर्मी वेतन पैकेज के लिए समझौता ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली**। भारतीय रेल और भारतीय स्टेट बैंक के बीच सोमवार को रेल भवन के सम्मेलन कक्ष में रेलकर्मी वेतन पैकेज हेतु एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के माध्यम से रेलवे कर्मचारियों को उनके वेतन खाते पर बिना किसी प्रीमियम के व्यापक बीमा सुरक्षा और बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। वर्तमान में रेलवे कर्मचारियों को केंद्रीय सरकारी कर्मचारी समूह बीमा योजना के अंतर्गत केवल तीस हजार रुपये (समूह 'सी'), साठ हजार रुपये (समूह 'बी') और एक लाख बीस हजार रुपये (समूह 'ए') तक का बीमा कवरेज मिलता है। अधिकांश रेलकर्मी समूह 'सी' वर्ग में आते हैं, जिनके लिए यह राशि अत्यंत अपर्याप्त मानी जाती रही है। समझौते के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक में वेतन खाता रखने वाले रेलकर्मियों को दुर्घटना में मृत्यु की स्थिति में एक करोड़ रुपये, हवाई दुर्घटना में मृत्यु की स्थिति में एक करोड़ साठ लाख रुपये और अतिरिक्त एक करोड़ रुपये (रुपे डेबिट कार्ड पर) तक का बीमा कवर मिलेगा। पूर्ण स्थायी विकलांगता पर एक करोड़ रुपये और आंशिक स्थायी विकलांगता पर अस्सी लाख रुपये तक की राशि उपलब्ध कराई जाएगी। प्राकृतिक मृत्यु की स्थिति में दस लाख रुपये का समूह जीवन बीमा भी जोड़ा गया है। रेलवे पेंशनभोगियों को तीस लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कवर मिलेगा, जबकि परिवार के चार सदस्यों तक को पांच-पांच लाख रुपये यानी कुल बीस लाख रुपये तक का लाभ दिया जाएगा। इसके अलावा मृत कर्मचारी के पुत्र के लिए आठ लाख और पुत्री के लिए दस लाख रुपये तक की उच्च शिक्षा सहायता तथा अठारह से पच्चीस वर्ष की पुत्रियों के विवाह हेतु पांच-पांच लाख रुपये, अधिकतम दस लाख रुपये की राशि भी उपलब्ध कराई जाएगी। वर्तमान में लगभग सात लाख रेलकर्मियों के वेतन खाते भारतीय स्टेट बैंक में हैं। समझौते के मौके पर सात लाभार्थियों को एक-एक करोड़ रुपये के बीमा दावे ऑनलाइन माध्यम से वितरित किए गए। अगस्त माह के अंतिम सप्ताह में भी चार दावों का भुगतान किया जा चुका था। बैंकिंग सुविधाओं के रूप में रेलकर्मियों को शून्य न्यूनतम शेष राशि की आवश्यकता, सभी बैंकों के एटीएम से असीमित निःशुल्क लेन-देन, डिमांड ड्राफ्ट और ई-भुगतान सेवाओं पर पूर्ण छूट, गृह, वाहन और शिक्षा ऋण पर ब्याज दरों में रियायत और प्रसंस्करण शुल्क में पचास से सौ प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। लॉकर किराए पर आधी छूट, डिमैट और ऑनलाइन ट्रेडिंग खाता, डेबिट कार्ड पर तिमाही आधार पर तीन बार घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लाउंज की सुविधा भी उपलब्ध होगी। साथ ही मात्र आठ सौ रुपये वार्षिक प्रीमियम पर परिवार के चार सदस्यों के लिए तीस लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा दिया जाएगा। यह योजना पूरी तरह स्वैच्छिक है और केवल उन रेलकर्मियों के लिए लागू होगी जिनका वेतन खाता भारतीय स्टेट बैंक में है। रेलवे प्रशासन को अन्य बैंकों के साथ भी इसी तरह की या इससे बेहतर योजनाएं लागू करने की स्वतंत्रता रहेगी। यह समझौता न केवल रेलकर्मियों के जीवन और आजीविका में अतिरिक्त सुरक्षा सुनिश्चित करेगा बल्कि उनके परिजनों को भी आर्थिक मजबूती प्रदान करेगा।






# फ्लॉप साबित हुई महागठबंधन की 'वोटर अधिकार यात्रा' : ऋतुराज सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री श्री ऋतुराज सिन्हा ने आज बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए महागठबंधन की 16 दिवसीय 'वोटर अधिकार यात्रा' पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह यात्रा पूरी तरह विफल रही और इसका असली मकसद 'वोटर अधिकार' नहीं, बल्कि इलेक्टोरल रोल के शुद्धिकरण की प्रक्रिया में बाधा डालना था। श्री सिन्हा ने तथ्यों के आधार पर महागठबंधन के दोहरे मापदंडों को उजागर किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने शुरू से ही इलेक्टोरल रोल से मृत, डुप्लीकेट और गैर-निवासी मतदाताओं के नाम हटाने का विरोध किया। जब चुनाव आयोग ने 1 अगस्त को ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल जारी कर लोगों से आपत्तियां दर्ज कराने की अपील की तो महागठबंधन ने 15 दिनों तक इसका विरोध किया और फिर 16 अगस्त से अपनी तथाकथित 'वोटर अधिकार यात्रा' शुरू कर दी। श्री सिन्हा ने इस यात्रा के समय पर सवाल उठाते हुए कहा, ल्यह यात्रा 31 अगस्त की शाम को खत्म हुई। ठीक उसी समय जब फॉर्म-7 जमा करने की समय सीमा समाप्त हो रही थी। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि यह यात्रा वोटरों को अधिकार दिलाने के लिए नहीं, बल्कि एसआईआर प्रक्रिया को बाधित करने के लिए थी। इसलिए इसे एसआईआर सेबोटाज यात्रा कहना ज्यादा उचित रहेगा।

श्री सिन्हा ने चुनाव आयोग के नवीनतम आंकड़ों का हवाला देते हुए महागठबंधन के दावों की पोल खोलते हुए बताया कि कांग्रेस के 17,000 से अधिक बूथ लेवल एजेंट ने एक भी गलत वोटरों के खिलाफ आपत्ति दर्ज नहीं कराई, इतना ही नहीं आरजेडी के 47,000 से अधिक बीलए ने शून्य आपत्ति दर्ज कराई। सिन्हा ने कहा 67,000 से अधिक बूथ लेवल एजेंट्स होने के बावजूद, महागठबंधन ने एक भी गलत वोटर कार्ड की आपत्ति दर्ज नहीं की। एक तरफ ये लोग 'धांधली' का शोर मचाते हैं और दूसरी तरफ सुधार प्रक्रिया में कोई योगदान नहीं देते। उन्होंने सिर्फ बिहार की जनता को झूठा भय दिखाया कि उनके वोटर कार्ड, पेंशन और राशन कार्ड छीन लिए जाएंगे। ऋतुराज सिन्हा ने महागठबंधन की 16 दिवसीय 'इलेक्शन टूरिज्म' यात्रा की उपलब्धियों पर तंज करते हुए कहा कि इस दौरान जनता को सिर्फ ढोंग और अपमान देखने को मिला। उन्होंने बताया कि 18 अगस्त को भागीरथ मांझी को उन्हीं के घर की चाबी देकर अपमानित किया गया, 19 अगस्त को रंजू देवी के नाम पर गलत जानकारी फैलाई गई और 21 अगस्त को रोड शो में एक सुरक्षाकर्मी शंभू जी का पैर कुचल दिया गया जिसे बाद में देखने तक नहीं गए। इसके बाद 23 अगस्त को राहुल गांधी ने जूते-मोजे पहनकर मखाना की खेती का मजाक उड़ाया, 24 अगस्त को एक युवा को गले लगाने पर उनके सुरक्षाकर्मी ने थप्पड़ मारा और 26 अगस्त को बिहार के डीएनए को गाली देने वाले रेवंत रेड्डी का सम्मान किया गया। 27 अगस्त को उन्होंने अपनी गाड़ी में अंबेडकर जी की तस्वीर लेने से इनकार किया और उसी दिन एम.के. स्टालिन के बेटे को बिहार में लाकर सनातन धर्म का अपमान किया गया। अंत में, 28 अगस्त को कांग्रेस के मंच से प्रधानमंत्री की दिवंगत माताजी के खिलाफ अभद्र गाली दी गई। श्री सिन्हा ने कहा, ल्इन 16 दिनों में महागठबंधन ने सिर्फ एक बात देखीः मोदी जी और नीतीश जी के बनाए शानदार इंफ्रास्ट्रक्चर और सड़कों पर उनका रोड शो सरपट दौड़ा।

# हड़ताल से लौटने वाले विशेष सर्वेक्षणकर्मियों को तीन तक योगदान देने का अंतिम मौका

## अब तक चार हजार से अधिक कर्मी लौटे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय) ने विशेष सर्वेक्षण संविदा कर्मियों के हड़ताल से लौटने की समय सीमा को बढ़ाते हुए तीन सितंबर की शाम 5 बजे तक का अंतिम अवसर दिया है। विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि इस तिथि के बाद किसी भी परिस्थिति में योगदान की समय सीमा नहीं बढ़ाई जाएगी और न ही उक्त तिथि के बाद लौटने वाले कर्मियों को कार्य पर रखने पर विचार होगा। निदेशालय की ओर से बताया गया है कि 16 अगस्त से तथाकथित संघ के आह्वान पर विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, विशेष सर्वेक्षण अमीन एवं विशेष सर्वेक्षण लिपिक हड़ताल पर थे। इस बीच विभाग द्वारा लगातार अपील और सख्ती के बाद हड़ताल तोड़कर 30 अगस्त की अपराह्न तक 4000 से अधिक संविदा कर्मियों ने अपने-अपने बंदोबस्त कार्यालयों में योगदान दे दिया है। विभाग द्वारा सभी का योगदान स्वीकार भी कर लिया गया है। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि 03 सितंबर तक योगदान देने का अवसर केवल उन कर्मियों के लिए मान्य होगा जिनकी सेवा समाप्त करने का आदेश अबतक जारी नहीं हुआ है जो कर्मी हड़ताल के दौरान अनुशासनहीनता में संलिप्त पाए गए हैं, उनके खिलाफ अलग से सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जा रही है। निदेशालय के अनुसार अनेक हड़ताली कर्मियों ने लिखित शिकायत की है कि हड़ताल से लौटने की इच्छा जताने पर उन्हें अपने ही साथियों की ओर से धमकी दी जा रही है और दबाव डाला जा रहा है कि वे हड़ताल पर ही बने रहें। इस तरह की शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है और दोषी पाए जाने वालों पर कठोर कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने कर्मियों से अपील की है कि वे किसी भी तरह के दबाव या अफवाह में न आएं और 03 सितंबर की निर्धारित समय सीमा के भीतर योगदान देकर अपनी सेवाएं सुरक्षित करें। साथ ही यह भी संदेश दिया गया है कि हड़ताल से लौटने वाले कर्मियों को किसी तरह की परेशानियों से बचाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर सख्ती बरती जा रही है।

# पटना मेट्रो में नियुक्ति के नाम पर ठगों का गिरोह सक्रिय

## पीएमआरसीएल ने नौकरी के नाम पर ठगी करने वालों से युवाओं को किया सावधान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड में नौकरी के नाम पर ठगों के कई गिरोह राज्य में सक्रिय हो चुके हैं। पटना मेट्रो में नौकरी के नाम पर ठगों का यह गिरोह लोगों से न केवल ऑनलाइन बल्कि ऑफलाइन तरीके से भी ठगी के नए-नए तरीके अपना रहा है। यह जानकारी किसी और ने नहीं बल्कि खुद पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने दी है। पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि पीएमआरसीएल के नाम पर कुछ फर्जी विज्ञापन विभिन्न माध्यमों जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, ई-मेल, एसएमएस, व्हाट्सएप लिंक और अवैध वेबसाइट्स के माध्यम से प्रसारित किए जा रहे हैं। इन फर्जी विज्ञापनों में पटना मेट्रो में युवकों व युवतियों को नौकरी देने का दावा किया जा रहा है। साथ ही आवेदकों से धनराशि या उनके बैंक खाते का विवरण भी मांगा जा रहा है। मेट्रो ने ऐसे सभी अभ्यर्थियों और आम लोगों को स्पष्ट कर दिया है कि वर्तमान में पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किसी भी प्रकार की नियुक्ति के लिए कोई भी विज्ञापन जारी नहीं किया गया है। पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने यह भी साफ किया कि नियुक्ति प्रक्रिया में कभी भी किसी प्रकार का शुल्क, बैंक खाते का विवरण, क्रेडिट या डेबिट कार्ड समेत किसी भी अन्य वित्तीय जानकारी नहीं मांगी जाती है। किसी भी निजी संस्था, वेबसाइट या व्यक्ति को नियुक्ति के लिए आवेदन स्वीकार करने के लिए अधिकृत नहीं किया गया है। इसमें नियुक्ति सम्बन्धी सभी सूचनाएं केवल बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग की आधिकारिक वेबसाइट तथा प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में प्रकाशित की जाती हैं।

# अब बिहार में इ-पैक्सों की संख्या बढ़कर 1992 : डॉ प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** सहकारिता विभाग ने राज्य के विभिन्न जिलों के कुल 146 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को ई-पैक्स घोषित किया है। इसके साथ ही अब बिहार में ई-पैक्सों की संख्या बढ़कर 1992 हो गई है। पैक्स कम्प्यूटरीकरण योजना के तहत प्रथम चरण में राज्य की कुल 4477 पैक्सों का चयन ई-पैक्स घोषित करने के लिए किया गया है और अगले चरण में सभी पंचायत क्षेत्रों की पैक्सों को कम्प्यूटरीकृत करने की दिशा में काम जारी है। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने इसे सहकारिता आंदोलन के लिए ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि बिहार सरकार पैक्सों को पारदर्शी, जवाबदेह और आधुनिक बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कम्प्यूटरीकरण से न केवल किसानों को त्वरित सेवाएं मिलेंगी बल्कि सहकारी संस्थाओं की वित्तीय स्थिति भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही सभी पैक्सों को ई-पैक्स में परिवर्तित कर दिया जाएगा जिससे सहकारिता आंदोलन को नई दिशा मिलेगी। ई-पैक्स घोषित 1992 समितियों में अब सभी व्यापारिक लेन-देन, खातों, बहियों, पंजियों और वित्तीय विवरणों का संधारण डिजिटल माध्यम से किया जा रहा है। इसके लिए पैक्स प्रबंधक के साथ संबंधित पैक्स क्षेत्र के कार्यपालक सहायक और सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को प्रतिदिन ईआरपी सॉफ्टवेयर पर डे ओपन और डे एंड की जिम्मेदारी दी गई है। वर्तमान में 1992 ई-पैक्सों में से 1065 में दैनिक डायनेमिक डे एंड किया जा रहा है और शेष ई-पैक्सों को भी इस प्रक्रिया से जोड़े जाने का निर्देश दिया गया है। इन ई-पैक्सों का वार्षिक और वैधानिक अंकेक्षण भी अब केंद्रीय प्रायोजित परियोजना के अंतर्गत ई-पैक्स सॉफ्टवेयर पर डिजिटल रूप से किया जाएगा। पैक्स कम्प्यूटरीकरण से समितियों के कार्यों में सुगमता और पारदर्शिता आई है। इससे रिकॉर्ड रखने की व्यवस्था आसान हुई है और अनियमितताओं एवं धोखाधड़ी पर प्रभावी रोक लगी है। किसानों के रिकॉर्ड, ऋण संबंधी विवरण और अन्य वित्तीय आंकड़े अब डिजिटल रूप में सुरक्षित किए जा रहे हैं। इस पहल से पैक्स अन्य सहकारी समितियों और सरकारी विभागों से सीधे जुड़ पा रहे हैं। कम्प्यूटरीकरण ने वित्तीय समावेशन को भी नई गति दी है। अब किसानों के बैंक खातों में सीधे धन अंतरण की सुविधा उपलब्ध है। पैक्सों के कार्यकलापों की निगरानी और उनकी प्रगति का आकलन सरल हुआ है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिला है। बिहार में पैक्स कम्प्यूटरीकरण ने न केवल किसानों और मजदूरों को विभिन्न प्रकार के लाभ उपलब्ध कराए हैं बल्कि सहकारिता की जड़ों को भी और मजबूत किया है। इस योजना से राज्य में 'सहकार से समृद्धि' की परिकल्पना को साकार करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

# कांग्रेस नेताओं ने किया चुनावों में धांधली और बूथ लूट का समर्थन : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पांडेय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा लगाया जा रहा आरोप पूरी तरह से झूठ और हताशा से भरा हुआ है। श्री पांडेय ने तंज कसते हुए कहा कि पहली बार वोट चोरी कांग्रेस नेता पंडित नेहरू ने की थी। कांग्रेस द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को हराने के लिए चुनाव में धांधली की गई थी। वाराणसी में भी कांग्रेसियों द्वारा मतपेटी को गंगा नदी में फेंका गया था। इसलिए आज कांग्रेस का यह आरोप सिर्फ निराशा और बौखलाहट का नतीजा है। कांग्रेस बरसों से बूथ कैप्चरिंग और वोटों की चोरी का करती रही है।

श्री पांडेय ने कहा कि वर्ष 1946 में कांग्रेस के आंतरिक चुनाव में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को 14 वोट और पंडित जवाहर लाल नेहरू को केवल एक वोट मिला था। फिर भी नेहरू को विजेता घोषित कर दिया गया था। यही असली बूथ कैप्चरिंग थी। बिहार में राहुल गांधी व उनके सहयोगियों द्वारा मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस पर आपत्तिजनक टिप्पणी हुई।

# बिहार में पर्यटक बनकर घूम रहे राहुल गांधी : जी. किशन रेड्डी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केन्द्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने भारतीय जनता पार्टी, बिहार के प्रदेश कार्यालय पटना में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और केन्द्रीय राज्य मंत्री सतीश कुमार दुबे से साथ एक पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। किशन रेड्डी ने कहा कि बिहार की जनता ने जंगल राज को देखा है, मैं उन दिनों 40 दिन कि यात्रा पर बिहार आया था, मैंने देखा उस समय बिहार में बिजली के खंबे थे, मगर लाइट नहीं थी। भ्रष्टाचार चरम पर था, महिलाओं के साथ अत्याचार और बलात्कार की घटनाएं आम थी। किसान आत्महत्या करने पर मजबूर थे और यहां के युवाओं को रोजगार के कोई भी अवसर नहीं थे। इतना ही नहीं बंब ब्लास्ट और आतंकी गतिविधि भी बिहार में चलती थी, आईएसआई जैसे आतंकी संगठनों के बिहार में तार जुड़े हुए थे।

उन्होंने कहा कि पिछले 11 सालों में बिहार आतंक, भ्रष्टाचार, जंगलराज, गुंडाराज से बाहर निकला है और विकास एवं प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। मोदी सरकार आतंकवाद और भ्रष्टाचार पर जीरो टोलरेंस नीति पर काम कर रही है। पिछले 11 सालों में देश के प्रधानमंत्री और उसके मंत्रिमंडल पर एक नए पैसे का भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है, यह भारत के इतिहास में पहली सरकार है। पूरा विपक्ष आज तक कोई एक आरोप भ्रष्टाचार का नहीं लगा पाया है। यह हमारी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि भी है और एक नैतिक जीत भी है। आज हम पूरी पारदर्शिता के काम कर रहे हैं।

किशन रेड्डी ने कहा कि आज पूरा विपक्ष विभिन्न मुद्दों पर बात कर रहा है, मगर उसमें देश के विकास से जुड़ा कोई मुद्दा नहीं है, किसान से जुड़ा कोई मुद्दा नहीं है, महिलाओं के सम्मान से जुड़ा कोई मुद्दा नहीं है, गरीब से जुड़ा कोई मुद्दा नहीं है और ना ही बिहार के युवाओं के रोजगार और शिक्षा से जुड़ा कोई मुद्दा है। राहुल गांधी सिर्फ वोट अधिकार यात्रा के नाम पर एक पर्यटक बनकर घूम रहे हैं। क्योंकि उनको जमीनी स्तर का कोई ज्ञान नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत जिस तेज गति से आगे बढ़ रहा है और दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है, इससे सारा का सारा विपक्ष घबराया हुआ है। इसलिए आज पूरा विपक्ष गरीब, किसान, मजदूर, कर्मचारीवर्ग, महिला, युवा और देश के सभी मुद्दों से विमुख होकर देश के संविधान, संसद, न्यायपालिका, विदेश नीति, सरकार, रक्षा व्यवस्था, सेना सहित सुप्रीम कोर्ट तक पर अविश्वास जता रहा है।

# संचार सिस्टम को सुदृढ़ करने में जुटी बिहार पुलिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार पुलिस वायरलेस सिस्टम एवं मोबाइल सिस्टम को सुदृढ़ करने में जुट गई है। विधानसभा चुनाव से पहले इसे पूरी तरह ठीक कर लेने की कार्ययोजना पर पुलिस महकमा की वायरेस संचार इकाई जुटी हुई है और इससे जुड़े सभी पहलुओं को मूर्तरूप देने में जुटा हुआ है। राज्य के सभी शैडो जोन (बिना नेटवर्क वाले क्षेत्र) की पहचान कर इन्हें ठीक करने की कवायद की जा रही है। राज्य के उन जिलों या प्रखंडों में शैडो जोन की पहचान करने के लिए सभी थानों को निर्देश दिया गया है जिन क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है वहां मोबाइल कंपनियों से बात करके टॉवर लगाने की पहल की जाएगी या पुलिस की वायरलेस प्रणाली विकसित करने को लेकर समुचित व्यवस्था की जाएगी। इस मामले में एडीजी (संचार एवं तकनीकी सेवा) एनके आजाद ने बताया कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए शैडो जोन चिन्हित करके वायरलेस सेवा या मोबाइल संचार प्रणाली विकसित की जाएगी। ताकि चुनाव में किसी तरह का व्यावधान पैदा नहीं हो। संचार प्रणाली के सही तरीके से काम करने से चुनाव में किसी तरह की समस्या नहीं होगी और किसी विषम परिस्थिति में तुरंत संचार सेवा स्थापित कर उचित समय पर तमाम राहत एवं बचाव सुविधा उपलब्ध कराई जा सकती है।

# सत्य आचरण से ही आत्म शुद्धि संभव : ब्रह्मचारी मनीष भैयाजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** दस दिवसीय दसलक्षण पर्व के पांचवें दिन पटना के मीठापुर, कदमकुआं, मुरादपुर, कमलदह मंदिर, काली बीबी का कटरा, गुरारा जैन सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में उत्तम सत्य धर्म की पूजा की गयी। भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा की गयी। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि कांग्रेस मैदान मंदिर में शांतिधारा मुकेश जैन एवं रोहित रारा द्वारा किया गया। आरती राजेश जैन साखूनिया परिवार ने किया तथा मूल नायक पर प्रथम कलश विमल जैन पाटनी ने किया। सोनु जैन ने बताया कि कमलदह मंदिर में सुनील सम्यक छाबड़ा ने शांतिधारा किया। गुरारा मंदिर में तिलक एवं प्रतीक जैन के एवं कालीबीबी कटरा मंदिर में अतुल एवं रंजना जैन, मुम्बई ने शांतिधारा किया। मीठापुर जैन मंदिर में मूल प्रतिमा पर प्रथम कलश संजय जैन एवं शांति धारा सुनील जैन ने किया। कदमकुआं स्थित श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में ब्रह्मचारी मनीष भैयाजी ने महापर्व पर्युषण के पांचवें दिन उत्तम सत्य धर्म की पूजा कराते हुए बताया कि पर्युषण पर्व का पांचवां दिवस 'उत्तम सत्य' नामक दिवस है। ब्रह्मचारी मनीष भैयाजी ने बताया कि सत्य का बोध होने पर शब्द की आवश्यकता नहीं होती है। जैसे गुड़ मीठा होता है यह सत्य है, लेकिन शब्दों में नहीं कह सकते हैं कि उसका स्वाद किस तरह का है। सत्य आत्मा का स्वाभाविक गुण है। सत्य आचरण के बिना आत्म शुद्धि असंभव है जो मनुष्य तप एवं साधना के द्वारा सत्य को प्राप्त कर लेता है वह अपनी आत्मा पर विजय प्राप्त कर सकता है।

# राजभाषा पखवाड़ा पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में 1 सितंबर 2025 से 26.09.2025 तक आयोजित राजभाषा पखवाड़ा के दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाएगा। इसी क्रम में 01 अगस्त 2025 को हिंदी कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के कर्मियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि इस कार्यशाला के लिए पूर्व मध्य रेल के सभी विभागों को पूर्व में ही सूचित किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केशव त्रिपाठी, उप महाप्रबंधक (राजभाषा), पूमरे/हाजीपुर ने सभी को राजभाषा पखवाड़ा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हम पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय/हाजीपुर में राजभाषा पखवाड़ा का शुभारंभ करने जा रहे हैं। भारतीय रेल के हर अधिकारी एवं कर्मचारी के लिए यह एक पावन पर्व है जब हमें राजभाषा हिंदी को विशेष सम्मान देने का अवसर मिलता है, प्रश्न उठता है कि हम अपनी राजभाषा को सम्मान कैसे दे सकते हैं। राजभाषा को सम्मानित करने का एकमात्र तरीका है कि हम उसे सही जगह और सही ढंग से प्रयोग करें। सरकारी परिप्रेक्ष्य में हम अपनी सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें। इसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया है। हिंदी कार्यशाला का आयोजन एवं उसमें भाग लेना हमारे सरकारी दायित्वों का एक हिस्सा है। हर सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी के समक्ष राजभाषा के विविध आयामों को प्रस्तुत करना हमारा उद्देश्य है। इस कार्यशाला में बोलते हुए अनिल कुमार शर्मा, राजभाषा अधिकारी ने कहा कि राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार में कार्यशालाओं का महत्वपूर्ण स्थान है। इस अवसर पर उन्होंने भारत सरकार की राजभाषा नीति-नियमों का उल्लेख किया और बताया कि राजभाषा में कार्य करने के लिए नीति-नियमों को जानना जरूरी है।

# रेल परिचालन में बाधा डालने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध आरपीएफ ने की कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दानापुर मंडल के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल ने तीन अलग-अलग घटनाओं में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की है जहां असामाजिक तत्वों ने एंगल कॉक लगाकर रेल परिचालन में बाधा डाली थी। विवरण इस प्रकार हैः- 26.08.2025 की घटना- ट्रेन संख्या 15733 को असामाजिक तत्वों द्वारा बख्तियारपुर टेकाबीघा (किलोमीटर संख्या 499/17) के बीच सुबह 04:08 बजे से 04:38 बजे तक और फिर टेकाबीघा स्टेशन पर सुबह 04:52 बजे से 05:12 बजे तक एंगल कॉक लगाकर अवैध रूप से रोक लिया गया। परिणामस्वरूप, ट्रेन संख्या 63205, 12351 और 22213 विलंबित हो गईं। आरपीएफ पोस्ट बख्तियारपुर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। रेलवे अधिनियम की धारा 141 के तहत 26.08.2025 को मुकदमा संख्या 1020/2025 के रूप में मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति- लक्ष्मण चौधरी, 38 वर्ष, पुत्र कारू चौधरी, निवासी बख्तियारपुर, जिला-पटना (बिहार)।

# रोटरी क्लब ऑफ चाणक्य के अभिषेक अपूर्व अध्यक्ष, राखी शर्मा सचिव तथा आलोक स्वरूप कोषाध्यक्ष बने



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रोटरी क्लब चाणक्य ने पटना के होटल में भव्य स्थापना समारोह एवं आधिकारिक क्लब विजिट का सफल आयोजन किया। यह अवसर नये रोटरी वर्ष की शुरुआत का प्रतीक बना। शाम का कार्यक्रम क्लब असेम्बली से आरंभ हुआ जिसके बाद स्थापना समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को औपचारिक रूप से दायित्व सौंपे गये जिनमें रोटेरियन अभिषेक अपूर्व अध्यक्ष, रोटेरियन राखी शर्मा सचिव तथा रोटेरियन आलोक स्वरूप कोषाध्यक्ष बने। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन नम्रता उपस्थित रहीं। साथ ही पीडीजी एल.बी. सिंह, पीडीजी राकेश प्रसाद और पीडीजी संजीव कुमार ठाकुर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर नमिता होरा एवं रश्मि टेकरीवाल ने मंच संचालन किया।

# रक्सौल और चर्लपल्ली के मध्य चलायी जा रही ट्रेन

## स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि का विस्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** आगामी पर्व त्यौहरों के सीजन में यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा रेलवे द्वारा रक्सौल और चर्लपल्ली के मध्य चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए उसे पूजा स्पेशल के रूप में चलाने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -गाड़ी संख्या 07007 चर्लपल्ली-रक्सौल स्पेशल चर्लपल्ली से अब 03.09.2025 से 26.11.2025 तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को परिचालित की जायेगी। गाड़ी संख्या 07008 रक्सौल-चर्लपल्ली स्पेशल रक्सौल से अब 05.09.2025 से 28.11.2025 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को परिचालित की जायेगी। गाड़ी संख्या 07051 चर्लपल्ली-रक्सौल स्पेशल चर्लपल्ली से अब 04.10.2025 से 29.11.2025 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को परिचालित की जायेगी। गाड़ी संख्या 07052 रक्सौल-चर्लपल्ली स्पेशल रक्सौल से अब 07.10.2025 से 02.12.2025 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को परिचालित की जायेगी।

# सेवानिवृत्त 21 रेलकर्मियों का किया समापक भुगतान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अगस्त माह-25 में सेवानिवृत्त हुए 21 रेलकर्मियों को दानापुर मंडल कार्यालय के सभागार में 'समापक भुगतान एवं विदाई' दिया गया। इसमें रेल सेवा से सेवानिवृत्त उपस्थित कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर विनोद कुमार द्वारा अंगवस्त्र एवं समापक भुगतान दस्तावेजों को देकर सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अतुल कुमार द्वारा किया गया जिन्होंने आज के समापक भुगतान का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर ने अपने संबोधन में उपस्थित सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मचारियों के सुखद, स्वस्थ एवं समृद्ध भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अपने 'समापक भुगतान' की राशि को असुरक्षित जगहों पर निवेश न करें। सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मियों को एक्युप्रेशर, होमियोपैथ एवं आयुर्वेदिक डॉक्टरों द्वारा स्वस्थ तथा दीर्घायु जीवन जीने के तरीके को विस्तारपूर्वक बताया गया। इस मौके पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) राजीव कुमार सहित मंडल के अन्य अधिकारी एवं इ.सी.आर.इ.यू एवं एस.सी. एस.टी.एसोसिएशन एसोसिएशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कैमूर में ठनका से तीन महिलाओं की मौत, पांच झुलसी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के मोहनियां थाना क्षेत्र के कुरई गांव में सोमवार की सुबह आकाशीय बिजली तीन महिलाओं की मौके पर मौत हो गई और पांच गंभीर रूप से झुलस गई। मृतक महिलाओं में अशोक राम की 45 वर्षीय पत्नी मगरी देवी, मदन राम की 45 वर्षीय पत्नी प्रमशिला देवी व मनोज राम की 40 वर्षीय पत्नी कुमारी देवी शामिल हैं।

वहीं आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 40 गीता देवी, 45 वर्षीय जानकी देवी, 40 वर्षीय कुन्ती देवी, 35 वर्षीय मीरा देवी व 40 वर्षीय पुष्पा देवी गंभीर रूप से झुलस गई है। घायलों को मोहनियां अनुमंडल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया जाता है कि सभी महिलाएं धान की खेती में सोहनी करने के लिए जा रही थी, इस दौरान तेज गर्जन के साथ अचानक उनके शरीर पर आकाशीय बिजली गिर पड़ी। इधर महिलाओं की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची मोहनियां थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेज दिया।

# डीडीयू मंडल ने रचा इतिहास, 31 अगस्त को मेल/एक्सप्रेस श्रेणी में शत-प्रतिशत समयपालन


## डीडीयू मंडल समयपालन के क्षेत्र में भारतीय रेल स्तर पर अग्रणी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल भारतीय रेल के अति व्यस्त रेल मंडलों में से एक है और निरंतर सुधार करते हुए ट्रेनों के परिचालन में समय पालन की नई उपलब्धियां बना रहा है। 31 अगस्त 2025 को पूरे मंडल में संचालित सभी 156 मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों का संचालन शत प्रतिशत समय पर किया गया। यह उपलब्धि कोविड के बाद की अवधि में चौथी बार हासिल की गई है – इससे पूर्व इस वर्ष 5 जुलाई, 24 जुलाई और 14 अगस्त को भी डीडीयू मंडल ने इसी तरह का शत प्रतिशत प्रदर्शन किया था। रेलवे बोर्ड की सतत निगरानी, पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर के दैनिक दिशा निर्देश, मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के मार्गदर्शन एवं वरीय मंडल परिचालन प्रबंधक केशव आनंद के प्रभावी प्रबंधन से डीडीयू मंडल ट्रेनों के समय पालन में डीडीयू मंडल लगातार बेहतरीन प्रदर्शन कर रहा है। 31 अगस्त की उपलब्धि के लिए मंडल रेल प्रबंधक द्वारा संबंधित सभी को बधाई दी गई। इस सफलता में परिचालन विभाग की केंद्रीय भूमिका रही है। यह परिचालन विभाग के अन्य विभागों के नियंत्रण कक्ष एवं फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों के कर्मठ और समन्वित प्रयासों का प्रतिफल है। उल्लेखनीय है कि एक ट्रेन के सुगम परिचालन में कई घटक शामिल होते हैं- जैसे- शामिल प्रत्येक स्टेशन, लेवल क्रासिंग, सिग्नल उपकरण, ट्रैक का रखरखाव, ट्रेन के लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर, आवश्यक इलेक्ट्रिक उपलब्धता आदि।

31 अगस्त को मंडल में कुल 156 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन बिना किसी विलंब के किया गया। इनमें 11 राजधानी, 12 वंदे भारत, 4 अमृत भारत, 66 मेल एक्सप्रेस, 58 सुपरफास्ट एवं 5 अन्य श्रेणी की विशेष ट्रेनें शामिल थीं। 31 अगस्त को कुल मिलाकर 606 गाड़ियों का संचालन सफलतापूर्वक किया गया जिनमें 156 मेल/एक्सप्रेस, 85 पैसेंजर और 365 मालगाड़ियां, गाड़ियां शामिल थीं। मेल/एक्सप्रेस श्रेणी में समयपालन दर 31 अगस्त तक 92.90% रही जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 87.36% थी। डीडीयू मंडल पूर्व मध्य रेल के सभी मंडलों में समयपालन के क्षेत्र में अग्रणी है। अगस्त माह में समयपालन दर 95.63% रही, जो पिछले वर्ष के 88.65% की तुलना में उल्लेखनीय सुधार है। मंडल अगस्त माह में 5 बार शीर्ष 5 मंडलों में शामिल रहा जो निरंतर उत्कृष्टता का प्रमाण है। यह उपलब्धि समर्पण, समन्वय एवं सशक्त नेतृत्व क्षमता का उल्लेखनीय उदाहरण है। डीडीयू मंडल भविष्य में भी इसी तरह के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिबद्ध है।

# कैदी के शव की अस्पताल में हथकड़ी लगे रहने से मानवाधिकार हनन की शिकायत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** राष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक संरक्षण का कैंप कार्यालय डिहरी डालमिया नगर (रोहतास) से मनीष कुमार शरण राष्ट्रीय मुख्य सचिव के द्वारा भारतीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली, राज्य मानवाधिकार पटना, पुलिस महानिदेशक बिहार और पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद को इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए लापरवाही बरत रहे अधिकारियों के खिलाफ मानवाधिकार में शिकायत दर्ज कराई गई है और इसकी कॉपी वरिष्ठ पुलिस पदाधिकारी महानिदेशक पटना बिहार और पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद को भी दी गई है। यह कृत्य भारतीय संविधान अनुच्छेद 21(जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) का हनन है। इसमें दोषी पदाधिकारी के ऊपर कार्रवाई की जाए और पीड़ित को उचित मुआवजा मिले।

# कैमूर का मंडल कारा स्वच्छता में राज्य में नम्बर वन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले का मंडल कारा को स्वच्छता के लिए पूरे बिहार में नम्बर वन पर चयन किया गया है। सरकार एवं विभाग द्वारा कारा अधीक्षक संदीप कुमार को राजा बहादुर बैंकेट रामा रेड्डी पुलिस अकादमी हैदराबाद (तेलंगाना) में प्रस्तावित 7 वीं अखिल भारतीय जेल ड्यूटी मीट प्रतियोगिता में भाग लेने का निमंत्रण दिया गया है। इस अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता में पूरे बिहार से सिर्फ मंडल कारा भभुआ का चयन किया गया है। कारा अधीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि जेल आइजी व जिला पदाधिकारी के मार्गदर्शन में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के आधार पर यह चयन विशेष रूप से स्वच्छता एवं हाइजीन के क्षेत्र में किया गया है। उन्होंने कहा कि मेरे नेतृत्व में जिला कारा कर्मियों के सहयोग से स्वच्छता व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। जेल परिसर में नियमित साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, कैदियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण, पौधारोपण, कचरा प्रबंधन एवं स्वास्थ्यपरक वातावरण सुनिश्चित करने हेतु विशेष पहल की गई है। अधीक्षक ने बताया कि जिला कारा भभुआ का चयन पूरे कारा परिवार के लिए गौरव का विषय है। यह उपलब्धि सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

# पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव ने राहुल गांधी का पुतला जलाया



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** एनडीए नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माता के खिलाफ गाली देने के विरोध में राहुल गांधी का पुतला डिहरी अंबेडकर चौक पर जलाया गया। पूर्व विधायक इंजीनियर सत्यनारायण यादव, जिला महामंत्री प्यारेलाल ओझा, जिला प्रवक्ता प्रकाश गोस्वामी, संजय गुप्ता, महिला जिला मंत्री शकुंतला देवी, रेखा सिंह, तारा देवी, उदय कुशवाहा, जेडीयू नगर अध्यक्ष मुन्ना कुशवाहा, विंध्याचल, लोजपा नगर अध्यक्ष गोविंद, हम के नगर अध्यक्ष निरंजन राम, नगर कार्य समिति के पूर्व सदस्य सुनील कुशवाहा, महामंत्री कुंवर, अमित गुप्ता, धनंजय शर्मा, सुनील पाठक, अरुण सिंह उर्फ पप्पू सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

# अजय सिंह ने कर्पूरी चौक पर राहुल गांधी का पुतला जलाया



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** कर्पूरी चौक पर संसद में विरोधी दल के नेता राहुल गांधी के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता के बारे में अभद्र टिप्पणी कराए जाने के विरोध में भाजपा के वरिष्ठ नेता सह प्रदेश कार्य समिति सदस्य अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पुतला दहन किया गया। इस मौके पर केदारनाथ सिंह सचिव बुद्धिजीवी चेतना मंच, सुनीता यादव अध्यक्ष उत्तरी डिहरी नगर, राजेश चौधरी, धर्मेंद्र कुमार, अनिल मिश्रा, राकेश सिंह, छोटू सिंह, पंकज ओझा, गुड़िया देवी, गुंजा देवी, विनोद कुमार सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** अरवल जिले में आगामी विधानसभा चुनाव 2025 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ।जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में आज कुर्था और अरवल विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों में आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जागरूकता अभियान जिले में लगातार चलाया जाएगा। जिससे मतदाताओं के बीच मतदान करने के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

# जमीन से मिट्टी उठाने को लेकर मारपीट, पांच जख्मी, प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** पकड़िया गांव के निजी जमीन से मिट्टी उठाने को लेकर दो पक्षों में बहस हो गई। बहस करते-करते आपस में भीड़ गये और लाठी-डंडा चलाना शुरु कर दिया। लाठी-डंडे की चपेट में आने से एक पक्ष से तीन तो दूसरे पक्ष के दो लोग जख्मी हो गए। ग्रामीणों ने बीच-बचाव करते हुए दोनों पक्षों को अलग करते हुए जख्मी को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाई। दोनों जख्मी ने पुलिस को लिखित आवेदन देकर गुहार लगाई। पुलिस ने उक्त आवेदन को संज्ञान में लेते हुए दोनों पक्षों पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि पकड़िया गांव निवासी सुनील सिंह पकड़िया बाल पर रविवार को मिट्टी की उठाव कर रहे थे। मिट्टी उठाव के दौरान उसी गांव निवासी हीरामोती सिंह व उनके परिजन उक्त जमीन पर पहुंच कर निजी जमीन बताते हुए मिट्टी उठाने से मना कर दिया। मना करने पर अनिल सिंह अपने परिजन को सूचना दिया। सूचना मिलते ही परिजन लाठी-डंडा से लैश होकर पहुंचे और लाठी डंडा चलाना शुरू कर दिए। लाठी डंडा की चपेट में आने से एक पक्ष के हीरामोती सिंह, रामचन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह जख्मी हो गए तो दूसरे पक्ष से अनिल सिंह, अजय सिंह जख्मी हो गए। उन्होंने बताया कि प्रथम पक्ष पर महिला समेत तेरह लोग पर तो दूसरे पक्ष से महिला समेत ग्यारह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# शिक्षाविद एवं पैक्स अध्यक्ष के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दिनारा (रोहतास)।** दिनारा में वांग्मय परिषद के तत्वावधान में शिक्षाविद् अर्जुन एवं पैक्स अध्यक्ष व समाजसेवी तारकेश्वर सिंह के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता लक्ष्मण चौबे ने की। इस अवसर पर मौजूद विद्वत जनों, समाजसेवियो एवं कवि व प्रबुद्ध जनों ने अर्जुन प्रसाद एवं तारकेश्वर सिंह के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।


**बिहार सरकार**

**समाहरणालय, औरंगाबाद**

(जिला प्रोग्राम कार्यालय, आई0सी0डी0एस0 औरंगाबाद)

**विज्ञापन संख्या–02/2025**

**राष्ट्रीय पोषण मिशन (पोषण अभियान) के अंतर्गत संविदा आधारित जिला स्तरीय एवं प्रखण्ड स्तरीय नियोजन हेतु अंतिम मेघा सूची का प्रकाशन**

**विज्ञापन संख्या–02/2025** द्वारा राष्ट्रीय पोषण अभियान अन्तर्गत संविदा आधारित जिला परियोजना सहायक के रिक्त (01) एक पद एवं प्रखण्ड समन्वयक के **रिक्त (04) चार पद** के **काउंसलिंग तिथिः–19.08.2025 एवं साक्षात्कार तिथिः–26.08.025 एवं 27.08.2025** को सम्पन्न कराया गया उक्त से संबंधित अंतिम मेघा सूची जिले के **NIC Website https://aurangabad.bih.nic.in** एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**जिला पदाधिकारी,**
**औरंगाबाद**

PR. No.013225 (SWD) 2025-26

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**


# लूट कांड मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज /रोहतास।** सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिक्रमगंज संकेत कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि 9 अगस्त को थानाध्यक्ष काराकाट को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरिहरपुर के पास एक व्यक्ति का मोटरसाइकिल छीनकर हथियार का भय दिखाकर तीन अपराधकर्मी भाग रहा है जिसमें से एक अपराधकर्मी को कछवां नहर पुल के पास ग्रामीणों द्वारा पकड़ लिया गया है। मामले में प्राप्त आसूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल पहुंच छीनी हुई मोटरसाइकिल एवं पकड़ाये हुए व्यक्ति को पुलिस अपनी अभिरक्षा में ले लिया। पुलिस अभिरक्षा में लिए गए खुशनम कुमार पिता हीरा सिंह ग्राम महादेवपुर थाना तरारी जिला भोजपुर पूछताछ के क्रम में बताया कि हम लोग हथियार का भय दिखा कर मोटरसाइकिल की छिनतई व चोरी करते हैं ।

# किसान के दरवाजे से ट्रैक्टर चोरी,प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दिनारा (रोहतास)।** दिनारा थाना अंतर्गत चितांव गांव में एक किसान का ट्रैक्टर दरवाजे से चोरी हो गया। मामले को लेकर पीड़ित किसान ने दिनारा थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित किसान प्रदीप कुमार, पिता रामप्रवेश पांडेय ने बताया कि उनकी ट्रैक्टर (महिंद्रा बीआर 24 जीसी 8153) दरवाजे पर खड़ी थी। रात में विश्राम करने के बाद जब सुबह उठे तो ट्रैक्टर गायब मिला। परिजनों के साथ आसपास काफी खोजबीन की गई लेकिन गाड़ी का कुछ पता नहीं चला। प्रदीप कुमार ने बताया कि खोजबीन के दौरान चितांव गांव के ही कृष्ण कुमार शर्मा (निवासी लतरा) और रोहित कुमार पासवान (निवासी डोइयां) ने उन्हें यह जानकारी दी कि एक लाख रुपये देने पर ट्रैक्टर बरामद हो सकती है। पीड़ित का आरोप है कि इन दोनों व्यक्तियों ने तीन दिन तक झूठा आश्वासन दिया, लेकिन ट्रैक्टर वापस नहीं मिला। अंततः थक-हारकर उन्होंने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। किसान प्रदीप कुमार का कहना है कि वर्तमान समय खेती का सीजन है और ट्रैक्टर उनके लिए जरूरी कृषि उपकरण था। ट्रैक्टर चोरी होने से खेत की जुताई और अन्य कामकाज प्रभावित हो रहे हैं जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। थाना पुलिस ने मामले की प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# निषाद समाज की शान मुकेश साहनी : राजू चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** वोट चोरी के खिलाफ मतदाता अधिकार यात्रा को लेकर पटना में पदयात्रा के लिए मुकेश साहनी के आह्वान पर डिहरी विधानसभा क्षेत्र से वीआईपी पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष राजू चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों युवा कार्यकर्ता करीब दो दर्जन छोटी बड़ी गाड़ियों से पटना के लिए रवाना हुए। युवा जिलाध्यक्ष राजू चौधरी ने कहा कि हमारे पार्टी के सुप्रीमो मुकेश साहनी निषाद समाज की शान है। उन्होंने हमारे समाज को जगाने तथा एक जुट होकर रहने का मार्गदर्शन किया। इस मौके पर भरत चौधरी, दिनेश चौधरी, श्रवण चौधरी, सुरेन्द्र चौधरी, बाबू चौधरी, विजय गुप्ता, मिट्ठू चौधरी सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए।


**कोलकाता और मऊ जंक्शन के बीच पूजा स्पेशल ट्रेन**

आगामी पूजा, दिवाली और छठ के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, **05064/05063 मऊ जंक्शन– कोलकाता – मऊ जंक्शन** स्पेशल ट्रेन निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन की तिथियों और गठन के अनुसार चलेगी: –

| मऊ जंक्शन– कोलकाता स्पेशल | | | (05064) (05063) | कोलकाता – मऊ जंक्शन स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| बुध | – | **13.30** | ↓ मऊ जंक्शन | **07.45** | – | शुक्र |
| | 17.10 | 17.15 | छपरा जंक्शन | 03.10 | 03.20 | |
| | 18.40 | 18.45 | हाजीपुर जंक्शन | 01.45 | 01.50 | |
| बृहस्पति | 02.50 | 03.00 | आसनसोल | 17.08 | 17.13 | बृहस्पति |
| | 04.46 | 04.48 | बर्द्धमान | 15.36 | 15.38 | |
| | **08.00** | – | कोलकाता ↑ | – | **13.20** | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें मार्ग में दोनों दिशाओं में बेलथरा रोड, सलेमपुर जंक्शन, भटनी जंक्शन, भाटपार रानी, मैरवा, सीवान जंक्शन, एकमा, दिघवारा, सोनपुर जंक्शन, शाहपुर पटोरी, बरौनी जंक्शन, किऊल, जमुई, झाझा, जसीडीह जंक्शन, मधुपुर, चित्तरंजन, दुर्गापुर, बैण्डेल जंक्शन और नैहाटी जंक्शन स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **आवागमन की तिथियाँ: मऊ जंक्शन से – 05064** दिनांक 24/09, 01/10, 08/10, 15/10, 22/10, 29/10, 05/11 एवं 12/11/2025 (बुधवार) को = 08 ट्रिप और **कोलकाता से – 05063** दिनांक 25/09, 02/10, 09/10, 16/10, 23/10, 30/10, 06/11 एवं 13/11/2025 (बृहस्पतिवार) को = 08 ट्रिप। **गठन:** एसी–2 टियर - 01, एसी–3 टियर - 03, शयनयान श्रेणी - 08, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 06 और एसएलआरडी - 02 = 20 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, औरंगाबाद**

संयुक्त कृषि भवन, औरंगाबाद–824101, E-Mail :- dao-aur-bih@nic.in

**अल्पकालीन आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना अंतर्गत विभागीय स्वीकृति ओदश संख्या– CSTL/यो०/11/2025/51/कृ०, पटना, दिनांक–28.05.2025 के आलोक में औरंगाबाद जिले अन्तर्गत 09 प्रखंडों यथा– औरंगाबाद, बारूण, दाउदनगर, गोह, कुटुम्बा, हसपुरा, नवीनगर, ओबरा, रफीगंज में प्रति प्रखंड एक (1) ग्राम स्तरीय मिट्टी जाँच प्रयोगशाला की स्थापना की स्वीकृति दी गई है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार सृजन एवं किसानों को उनके द्वार पर मिट्टी जाँच उपलब्ध कराना है।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक–14–33/2022–Fer.Use दिनांक 22.06.2023 द्वारा ग्राम स्तरीय मिट्टी जाँच प्रयोगशाला की स्थापना के लिए 1.50 लाख रूपये की लागत प्रति प्रयोगशाला निर्धारित की गई है। जिसका घटकवार विवरण निम्न प्रकार है :–

| Sr. No. | Item | Cost (Rs. In Lakh) |
|---|---|---|
| 1 | Soil Testing Machinery with reagents & Shaker Machine and AMC for One Year | 1.00 |
| 2 | Distilled Water, PH Meter, Conductivity Meter, Electronic Balance, Glass Ware, Filter Paper and Other need based Lab Consumables. | 0.50 |
| | Total | 1.50 |

**ग्राम मिट्टी जाँच प्रयोगशाला की स्थापना के लिए लाभर्थी के पास निम्नलिखित अर्हतायें होनी चाहिए।**

1. लाभार्थी का उम्र विज्ञापन की वर्ष की 1 जनवरी को 18 वर्ष से कम तथा 27 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए।
2. SHGs, FPOs, PACs को भी VLSTL रूप में नामांकित किया जा सकता है। इन समूहों के नामांकन की पत्रता (Eligibility) District Level Executive Committee (DLEC) द्वारा तय की जाएगी। उक्त किसी भी प्रकार के समूहों के मुख्य आवेदक पर उक्त शर्ते यथावत लागू होगी।
3. लाभार्थी को विज्ञान संकाय के साथ 10 वीं पास तथा कम्प्यूटर का ज्ञान होना चाहिए। आवेदक को योग्यता प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ आवेदन किया जाना है।
4. लााभार्थी के पास अपना स्वयं का परिसर अथवा कम से कम चार वर्षो के लीज समझौते के साथ किराये का भवन होना चाहिए।
5. योजना अन्तर्गत लाभार्थी को ग्राम स्तरीय मिट्टी जाँच प्रयोगशाला की स्थापना के उपरांत ही 100 प्रतिशत अनुदान की राशि (मो० 1.50 लाख) भुगतेय होगी।
6. आवेदन पत्र जिला कृषि पदाधिकारी, औरंगाबाद, संयुक्त कृषि भवन, ब्लॉक मोड़, औरंगाबाद (बिहार) पिन नं०–824101 पर निबंधित डाक/स्पीडपोस्ट से या कार्यालय में स्वीकार किया जायेगा।
7. आदेवन तिथि 25.08.2025 से 25.09.2025 को संध्या 5:00 बजे तक रहेगी।
8. विशेष जानकारी हेतु सहायक निदेशक (रसायन) जिला मिट्टी जाँच प्रयोगशाला, औरंगाबाद के दूरभाष संख्या–8383018622 से संपर्क करें।
9. उक्त सूचना तथा आवेदन फॉर्म को जिले के अधिकारिक बेवसाईट https://aurangabad.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**जिला कृषि पदाधिकारी,**
**औरंगाबाद**

PR. No. 013186 (Agriculture) 25-26

**नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।**


# शिक्षक के आश्रित को मिली लिपिक की नौकरी, परिजनों में खुशी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस।** उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय नौवां में शिक्षक के आश्रित ने सोमवार को योगदान दी। इससे उसके परिजनों में खुशी की लहर है। बताते चलें कि स्व. राजगृही राम प्राथमिक विद्यालय धनछुआं में प्रधान शिक्षक के पद पर पदस्थापित थे। अकस्मात उनकी मौत हो जाने के कारण उनका परिवार फंकाकशी का शिकार हो गया था क्योंकि परिवार में कोई कमासुत सदस्य नहीं था। वे अपने पीछे दो पुत्रियां व अपनी विधवा को छोड़ गये थे, लेकिन आज पुत्री रिंकू कुमारी को लिपिक क्लर्क के पद पर योगदान करने से परिवार समेत उनके शुभेच्छुओं में खुशी है तथा आशा बंधी है कि गरीबी से उबरने का यह नौकरी सहायक होगा। प्रधानाध्यापक-जय राम सिंह, प्रखंड शिक्षक संघ अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, प्रधान शिक्षक संजय कुमार राम, मुड़वा प्रधान शिक्षक मनोज कुमार, राजेंद्र कुमार, बह्मेश्वर चौधरी आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# छात्र हितों की लड़ाई में अभाविप का आमरण अनशन शुरू

### विश्वछात्रविद्यालय प्रशासन को छात्रों का अल्टीमेटम

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** छात्र हितों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नवादा इकाई ने स्नातकोत्तर पढ़ाई की लंबित मांगों को लेकर सोमवार से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन शुरू कर दिया है। परिषद ने साफ चेतावनी दी है कि जब तक विश्वविद्यालय प्रशासन मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लेता, यह अनशन जारी रहेगा। अनशन पर शिवनारायण कुमार, रौशन कुमार, रवि कुमार, संजय कुमार, धीरज कुमार, सिद्धार्थ कुमार, पियुष कुमार और मानव कुमार सहित कई कार्यकर्ता बैठे हैं। सभी ने



शपथ ली कि "छात्र हितों की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष करेंगे!" परिषद से जुड़े छात्रों ने कहा कि वर्षों से हमारी मांगें उठाने के बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन टालमटोल की नीति अपना रहा है। छात्र हितों की लगातार उपेक्षा और प्रशासनिक उदासीनता ने आंदोलन को उग्र मोड़ दे दिया है। विभाग संयोजक रवि कुमार ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने शीघ्र सकारात्मक कदम नहीं उठाए तो आंदोलन को जिला ही नहीं, राज्य स्तर तक व्यापक किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार, विश्वविद्यालय प्रशासन और नवादा के सांसद की होगी। आंदोलन में गया विभाग के विभाग संगठन मंत्री मोहित जी, नवादा जिला के जिला संगठन मंत्री मयंक झा जी , पीयूष कुमार, मोनू कुमार,आदित्य ,अमन, चंदन, मनीष, शुभम,गोपी दीपक, सनी ,सोनू, विवेक यादव, संजू कुमार,सूरज कुमार आदि सभी उपस्थित थे।

# पर्युषण महापर्व पर जैनियों ने की उत्तम सत्य धर्म की विशेष आराधना

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आत्मशोधन का महापर्व पर्युषण के पांचवें दिन जैन धर्मावलंबियों ने पूरी श्रद्धा एवं निष्ठा के साथ दशलक्षण धर्म के पंचम स्वरूप उत्तम सत्य धर्म की विशेष पूजा-अर्चना की एवं सत्य के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सोमवार को आयोजित इस धर्मिक अनुष्ठान के दौरान जैनियों ने भगवान महावीर के प्रथम शिष्य श्री गौतम गणधर स्वामी की निर्वाण भूमि नवादा स्थित श्री गुणावां जी दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र पर प्रातःकालीन बेला में श्री जिनेंद्र प्रभु का पूरे भक्तिभाव के साथ पंचामृत अभिषेक एवं शांति धारा कर विश्वशांति एवं सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की मंगलकामना की। दैनिक स्तर पर होने वाले पूजा-अर्चना के क्रम में श्रद्धालुओं ने देव शास्त्र गुरू पूजन व चौबीसी पूजन आदि किया। इसके उपरांत दशलक्षण धर्म पूजन के साथ ही उत्तम सत्य धर्म की विशेष आराधना करते हुये अपने व्यवहारिक जीवन में सत्य धर्म के अनुपालन का संकल्प लिया। आज के इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान में जैन समाज से जुड़े लोगों में शामिल लक्ष्मी जैन, खुशबू जैन, अभिषेक जैन, श्रुति जैन, श्रेया जैन सहित कई अन्य सामाजिक प्रतिनिधिगण शामिल हुये।



**सत्य पथिक को होती है आत्मिक सुख व वैभव की प्राप्तिः दीपक जैन**

उत्तम सत्य धर्म दशलक्षण धर्म की पंचम अवधारणा है। उत्तम सत्य धर्म पर प्रकाश डालते हुये जैन समाज के प्रतिनिधि दीपक जैन ने बताया कि सत्य धर्म का अर्थ केवल सच बोलना ही नहीं, बल्कि सत्य का अनुभव करते हुये उस अनुभव को अपने व्यवहार, वाणी और भावना में समाहित करना है। यह जीवन का स्वभाव एवं हर प्राणी का ऐसा आंतरिक गुण है, जो सभी के लिए करुणा, न्याय व ईमानदारी के मार्ग को प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि छल-कपट, अंधभक्ति एवं व्यर्थ की हिंसात्मक गतिविधियों से परे रहकर सच कहते समय सभी के प्रति अंतःकरण से प्रेम व सद्भाव रखना ही उत्तम सत्य धर्म है। दीपक जैन ने कहा कि सत्य पथिक को आत्मिक व मानसिक सुख के साथ ही गौरव व वैभव की प्राप्ति होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### शिवलिंग को किया गया स्थापित

**पकरीबरावां/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पकरीबरावां प्रखण्ड के गंगटी गांव में रविवार को शिवलिंग स्थापित की गई। गौरतलब है कि खेत में मिले शिवलिंग को गांव के मंदिर में रखा गया था। वहां से नए मंदिर निर्माण वाले स्थल पर आज स्थापित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। ढोल- बाजे के साथ गांव भ्रमण के बाद प्रतिमा स्थापित की गई। इस दौरान हर- हर महादेव सहित देवी- देवताओं के जयकारे से माहौल भक्तिमय हो गया। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

### शिक्षक के विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन



**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखण्ड के देवनगढ़ पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय भोरमबाग में कार्यरत शिक्षक रामनरेश प्रसाद के सरकारी सेवा से सेवानिवृत्ति उपरांत सोमवार को विद्यालय परिसर में भावविनी विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक दिवाकर प्रसाद ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक रामनरेश प्रसाद काफी मिलनसार एवं हँसमुख स्वभाव के व्यक्ति हैं। जिनका विद्यालय परिवार से लगभग 18 वर्षों से लम्बा नाता रहा। इस दरम्यान वे शिक्षकों,बच्चों एवं अभिभावकों के दिल में अपना स्थान बनाया। जो काबिलेतारीफ है। वक्ताओं ने कहा कि सेवानिवृत्ति के उपरान्त निश्चित रूप से उनकी कमी विद्यालय परिवार को खलेगी। इस अवसर पर लोगों ने उन्हें फूल मालाओं से लादकर उनके उज्ववल भविष्य एवं स्वस्थ मंगल जीवन की कामना की। विद्यालय परिवार को ओर से सेवानिवृत्त शिक्षक को अंगवस्त्र,बुके एवं अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों को मिली योजनाओं की जानकारी



**पकरीबरावां/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को पकरीबरावां प्रखण्ड की दक्षिणी ग्राम पंचायत के बाजपुर गांव में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। बताया गया कि किसान सहकारी चौपाल के तहत नवादा जिला के सभी पैक्सों में शिडयूल के अनुसार नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों के सहकारिता विभाग की योजनाओं का प्रचार- प्रसार किया जा रहा है। बिन्दु भारती कला संगम दहियावां के कलाकारों निशु राय, गोलू कुमार, धनंजय कुमार, नीतू कुमारी, अमलेश कुमार, अमन कुमार, सन्नी कुमार एवं अजय आंनद ने गीत- संगीत एवं नाटक के माध्यम से किसानों को विभागीय विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर उपस्थित प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी राहुल रंजन ने किसानों को विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी एवं कहा कि किसान इन योजनाओं का पूरा- पूरा लाभ उठाएं। नुक्कड़ नाटक को देख किसान काफी खुश हुए। किसानों ने बताया कि यह कार्यक्रम उनके लिए काफी उपयोगी रहा। इस अवसर पर कार्यपालक सहायक गुड़िया कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### 24 घंटे के अंदर 30 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक, अभिनव धीमान ने बताया कि 31 अगस्त 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, आर्म्स एक्ट में 01, हत्या के प्रयास में 01, मद्य निषेध में 02 एवं अन्य गिरफ्तारी 26 कुल 30 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अंतर्गत 573 लीटर देशी महुआ शराब एवं 0.375 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वाहन जॉच के क्रम में कुल 475 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 88 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत स्कॉर्पियो 01 एवं ट्रैक्टर 01 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

### केरल एसोसिएशन बिहार ने धूमधाम से मनाया ओणम

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खंदकपर स्थित सेंट जोसेफ एके-डमी में रविवार को केरल की संस्कृति और परंपरा से सराबोर रहा। अवसर था केरल एसोसिएशन बिहार द्वारा आयोजित ओणम महोत्सव का। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पारंपरिक व्यंजनों ने यहां मौजूद लोगों को केरल



की याद दिला दी। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद सदस्य एडवोकेट डीन कुरियाकोस रहे। उनकी पत्नी डॉ. नीता पॉल एम और विश्व स्वास्थ्य संगठन की सदस्य डॉ. शिम्ना अजीज विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुई। इस अवसर पर बिहार के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे 500 से अधिक मलयाली परिवारों ने भाग लिया। केले के पत्तों पर परोसे गए ओणसद्या (पारंपरिक भोज) में विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों ने लोगों को केरल की संस्कृति और स्वाद से जोड़े रखा।

**कार्यक्रम में प्रस्तुत गीत, संगीत, नृत्य और लोक कलाओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच पर बच्चों से लेकर बड़ों तक ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर खूब तालियां बटोरीं**

एशोसिएशन के अध्यक्ष दीप्ति के.एस. ने कहा कि ओणम केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. जोसेफ टी.टी. ने बताया कि ऐसे आयोजन बिहार में बसे मलयाली समुदाय को अपनी जड़ों और परंपराओं से जोड़ने का माध्यम हैं। एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारियों ने भी कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक उत्सव आपसी भाईचारे और सामुदायिक सद्भाव को मजबूत करते हैं।

# जदयू नवादा नगर कमेटी की सूची हुई जारी

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जदयू कार्यालय नवादा में 25 सदस्यीय नगर कमिटी की सूची, जदयू के नगर अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने जदयू के जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी जी से स्वीकृत कराकर संयुक्त रूप से जारी किया। जिसमें सात नगर उपाध्यक्ष - शुभम कुमार सिंह, अमन सिन्हा, शेखर भाई, नीरज कुमार, रवि कुमार, अनिल कुमार चंद्रवंशी, मो. महबूब काजमी। सात महासचिव - विकास कुमार, राकेश कुमार, मंटू कुमार सिंह, रौशन कुमार, दीपक कुमार, दीपक कुमार चंद्रवंशी, मो इरशाद अहमद। सचिव - मयंक कुमार, विनोद कुमार (बबलू), मो साजिद आलम, कुन्दन चंद्रवंशी, राजन कुमार, नीरज कुमार। कोषाध्यक्ष - पीयूष कुमार। प्रवक्ता - रितेश कुमार भगत। मीडिया प्रभारी - प्रियांशु कुमार को बनाया गया। जदयू जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने नवगठित नगर कमिटी के पदाधिकारियों को अपनी



शुभकामनाओं के साथ बधाई देते हुए कहा है कि आपलोगो को कमिटी में आने से निश्चित रूप से हमारा संगठन और मजबूत हुआ है। आपलोगों पर मुझे पूर्ण विश्वास है कि आगामी विधानसभा चुनाव में आपलोग मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं को जन जन तक पहुंचाएंगे। नीतीश कुमार जी ने बिहार में हर तबके का, बिना भेद भाव के, चौमुखी विकास किया है जो किसी से छुपा नहीं है। उन्होंने वोट का बिना प्रवाह करते हुए महिलाओं को नौकरी और पंचायती राज चुनाव में आरक्षण देकर सशक्त, मजबूत और आत्मनिर्भर बनाया। इसके अलावे जीविका के माध्यम से महिलाओं को स्वावलंबी बनाकर एक नई ऊर्जा दी है। महिलाओं को स्वरोजगार और आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक और ऐतिहासिक उठाया गया जिसमे बिहार के सभी दो करोड़ सत्तर लाख परिवार के महिला को 10 हजार रुपए पहली किश्त के रूप में देने का निर्णय लिया गया है। यह उनके आत्मनिर्भर, स्वावलंबन की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगा। आज बिहार की महिलाएं नीतीश कुमार जी को हृदय से धन्यवाद दे रही है और पुनः मुख्यमंत्री बनने की कामना कर रही है। जब से बिहार की गद्दी पर नीतीश जी को बैठने का मौका मिला, तबसे उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में भी अमूल-चूल परिवर्तन किया, जिसमे बिहार के सभी पंचायतों में 10+2 विद्यालय संचालित किया जा रहा है, वहीं सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है जो निमार्णाधीन है। आज बिहार के सभी जिलों में ए एन एम, जी एन एम , पॉलीटेक्निक, आईटीआई, इंजीनियरिंग की पढ़ाई निर्विवाद तरीके से संचालित की जा रही है। बिहार के दर्जनों जिलों में नए मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं, जिसमे पढ़ाई जारी है और साथ ही उन्होंने तय किया है बहुत जल्द सभी जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे जो प्रक्रियाधीन है। मौके पर जदयू के जिला उपाध्यक्ष शशि कुमार शेष, जदयू मीडिया सेल जिलाध्यक्ष प्रिंस प्रभात (दांगी), युवा नेता अंकित राय उपस्थित रहे।

# वारिसलीगंज प्रखंड के मकनपुर स्थित मसुदा सामुदायिक भवन में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन तथा धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा के निर्देशन पर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा द्वारा वारिसलीगंज प्रखंड के मकनपुर ग्राम पंचायत के मसुदा सामुदायिक भवन परिसर में आश्रय गृह में रहने वाली विधवाओं के लिए ह्न्याय की पहुँचह्न के तहत कानूनी जानकारी प्रदान करने हेतु दिनांक 31 अगस्त, 2025 को विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा के लीगल एड डिफेंस काउंसिल मो० साजिद अयुब खान, पी०एल०वी० अश्विनी कुमार, वारिसलीगंज प्रखंड के मकनपुर ग्राम पंचायत के मुखिया एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संयुक्त रूप से किया। अपने संबोधन में डिफेंस काउंसिल के सदस्य मो० साजिद अयुब खान ने कहा कि विधवाओं के सामने आने वाली चुनौतियों को लेकर शिविर का लगातार आयोजन किया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि आश्रय गृह में रहने वाली विधवाओं के लिए न्याय तक पहुँचना केवल कानूनी प्रतिनिधित्व का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह उनकी गरिमा, समानता और सशक्तिकरण से जुड़ा हुआ है। राज्य न्यायपालिका, विधिक सेवा प्राधिकरणों और नागरिक समाज के सामूहिक प्रयासों से ही इन वंचित महिलाओं के विधिक अधिकारों को वास्तविकता में बदला जा सकता है। लीगल एड डिफेंस काउंसिल मो० साजिद अयुब खान ने उपस्थित सभी



जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र की विधवा महिलाओं एवं आश्रय गृह में रहने वाली महिलाओं की मदद कर उन्हें शोषण से बचाएँ तथा उनके अधिकारों के बारे में लोगों को जागरूक करें। इस मौके पर प्रखंड के पदाधिकारी, कर्मचारी, ग्राम पंचायत मकनपुर के मुखिया, लीगल एड मो० साजिद अयुब खान एवं पी०एल०वी० अश्विनी कुमार ने वर्तमान समय में लोगों को कानून की जानकारी उपलब्ध कराए जाने पर बल दिया। वहीं डिफेंस लॉयर एवं पी०एल०वी० ने ग्राम पंचायत मकनपुर के सभी जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र की विधवा एवं आश्रय गृह में रहने वाले गरीबों और मजलूमों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने में सहयोग का आग्रह किया।

# शिक्षक पुरुषोत्तम पांडेय का विदाई समारोह चिरैला से मुबारकपुर तक का सफर

**रजौली/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्राथमिक विद्यालय चिरैला उर्दू में कार्यरत शिक्षक पुरुषोत्तम पांडेय को विद्यालय परिवार ने भावभीनी विदाई दी।



उनका स्थानांतरण प्राथमिक विद्यालय मुबारकपुर, सिकंदरा, जमुई में हो गया है। इस अवसर पर उनके सम्मान में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रधान शिक्षिका कुमारी रेखा और पूर्व प्रभारी राकेश सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक इरशाद अनवर ने किया। समारोह में प्रखंड और संकुल के कई गणमान्य शिक्षक और प्रतिनिधि उपस्थित थे। इनमें शिक्षक प्रतिनिधि सुशील कुमार दानी, चंदन सर, रितेश सर, सुभाष चंद्र बोस, मध्य विद्यालय चिरैला के प्रधानाध्यापक सोमनाथ, तथा संकुल के विभिन्न विद्यालयों से नीतू कुमारी सिंह, ओमप्रकाश आर्य, संजय कुमार, बाल्मीकि प्रसाद, प्रीति कुमारी, सुनील कुमार, रेखा कुमारी, पिंकी कुमारी और मुकेश कुमार सिंह शामिल थे। शिक्षक नेता अजित कुमार की उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई।उपस्थित सभी लोगों ने शिक्षक पुरुषोत्तम पांडेय को अंग वस्त्र और फूल-माला भेंट कर सम्मानित किया। एक-एक करके सभी वक्ताओं ने उनके कार्यकाल की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह विदाई समारोह न केवल उनके सम्मान में था, बल्कि यह उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदान को भी दशार्ता है।

### पुलिस ने वारंटी व प्राथमिकी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**रजौली/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस ने रजौली थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से चार वारंटी और एक प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि प्राथमिकी अभियुक्त रजौली थाना क्षेत्र के एकंबा गांव निवासी कुलदीप प्रसाद यादव के बेटे राकेश कुमार एवं वारंटी रजौली थाना क्षेत्र के अधबरवा गांव निवासी लखन राजवंशी के बेटे प्रसाद राजवंशी, जमुना राजवंशी, बद्री राजवंशी के बेटे मेवालाल राजवंशी, सत्येंद्र राजवंशी को थाने के पुलिस बल ने उसके घर से सभी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार सभी लोगों को अनुमंडलीय अस्पताल रजौली में स्वास्थ्य जांच कराने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# नालंदा को मिली दो केंद्रीय विद्यालयों की सौगातः कौशलेंद्र कुमार

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार के अथक प्रयास से नालंदा को दो केंद्रीय विद्यालय की सौगात मिली है इसमें एक नालंदा और दूसरा बिहार शरीफ में स्थापित होगा। दोनों केंद्रीय विद्यालय के मंजूरी केंद्र सरकार से मिल चुकी है। नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जी को एक पत्र लिखकर दोनों केंद्रीय विद्यालय जिसमें नालंदा और बिहार शरीफ शामिल है उसकी स्थापना यथा शीघ्र हो उसके लिए युद्ध स्तर परकार्रवाई करने का अनुरोध किया है ।दोनों केंद्रीय विद्यालय के लिए जमीन भी आवंटित बिहार सरकार ने कर दिया है। दोनों



केंद्रीय विद्यालय बन जाने से नालंदा के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगा एवं नालंदा ज्ञान का केंद्र कहा जाता है उसमें एक ईट साबित होगा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार को शिक्षा का हव बनाने की जो सोचे हैं,उसमें यह दोनों विद्यालय मील का पत्थर साबित होगा। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी एवं शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के प्रति आभार प्रकट किया।

### तीन पैक्स को किया गया कम्प्यूटराइज्ड

**नारदीगंज,नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केंद्र सरकार की योजना है कि सभी पैक्सों को कम्प्यूटराइज्ड करना है। सहकारिता विभाग के माध्यम से होना है। नारदीगंज में 11 पैक्स है। जिसमे तीन पैक्स को कम्प्यूटराइज्ड किया गया है। तीनों पैक्स लाइव हो चुका है। द नवादा सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक ,नारदीगंज के शाखा प्रबंधक रमेश कुमार ने कहा नारदीगंज, ननौरा के अलावा पेस पैक्स लाइव हो चुका है। यह तीनों पैक्स कम्प्यूटराइज्ड होने के बाद अब दैनिक लेनदेन शुरू हो गया है। पैक्सों का लेखा जोखा इसी के माध्यम से होगा। पैक्सों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। इस तकनीक से पीडीएस,धान अधिप्राप्ति, ऑडिट रिपोर्ट समेत अन्य कार्य होंगे। उन्होंने कहा अन्य पैक्सों को भी कम्प्यूटराइज्ड भी किया जाएगा।

# मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन,संचालक समेत दो गिरफ्तार

### भारी मात्रा में हथियार बनाने के उपकरण बरामद

**हिलसा (नालंदा)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हिलसा अनुमंडल के चिकसौरा बाजार में अवैध रूप से चल रहे एक मिनी गन फैक्ट्री का पुलिस ने उद्भेदन करते हुए फैक्ट्री संचालक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सोमवार को डीएसपी सुश्री शैलजा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। उसने ने बताई कि चिकसौरा थाना क्षेत्र के चिकसौरा बाजार में विजय कुमार के द्वारा अपने दुकान में मिनी गन फैक्ट्री लगाकर हथियार बनाने एवं बिक्री किए जाने की गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। डीएसपी के नेतृत्व में चिकसौरा थाना अध्यक्ष के द्वारा गठित छापामारी दल के साथ रविवार की शाम विजय कुमार के दुकान की घेराबंदी कर छापेमारी की गयी। जहां एक देसी पिस्टल मैगजीन के साथ लोहे एवं लकड़ी का बना हुआ पांच देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, और देसी पिस्तौल के 12 पीस बैरल,रेती, ट्रिगर, ट्रिगर गॉड, बेस मशीन, ड्रिल मशीन, एक आरी फार्मा, गरेन्नडर मशीन, हैंडल मशीन, रिंच, हथौड़ी, पेचकस , भट्ठी , स्प्रिंग , पेंच सहित भारी मात्रा में उपकरण बरामद किया गया है। साथ ही दुकान संचालक चिकसौरा निवासी विजय कुमार एवं उनके स्टाफ प्रदीप विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया गया है। इस छापेमारी दल में डीएसपी सुश्री शैलजा, चिकसौरा थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार, दरोगा रामचंद्र मंडल,मनोज कुमार, समेत चिकसौरा थाना की सशस्त्र बल मौजूद रहे।



# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के कर कमलों द्वारा सोमवार को सिविल कोर्ट, नवादा के मुख्य द्वार से 13.09.2025 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन/विधिक जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह प्रचार वाहन शहर के प्रमुख चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जाकर आमजन को राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जागरूक करेगा तथा पंपलेट आदि का वितरण करेगा, जिससे नवादा वासियों को दिनांक 13.09.2025 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में उनके वादों का निष्पादन सुलभ हो सके। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, नवादा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीशगण, धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष, सभी न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, पैनल अधिवक्तागण, पारा विधिक स्वयंसेवक, व्यवहार न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# राजगीर विधानसभा क्षेत्र में 3 सितंबर को होगा एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी तीन सितंबर को नालंदा जिले के राजगीर विधानसभा क्षेत्र के घोसरामा ग्राम में एनडीए का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर सोमवार को बिहारशरीफ स्थित सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में नालंदा जिले के एनडीए के पाँचों घटक दलों के जिलाध्यक्ष मौजूद रहे। उन्होंने संयुक्त रूप से बताया कि यह सम्मेलन कार्यकताओं को संगठन की नीतियों, योजनाओं एवं भविष्य की रणनीति से जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर होगा। जिलाध्यक्षों ने कहा कि राजगीर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों एवं बूथ स्तर के कार्यकताओं की उपस्थिति



इस सम्मेलन में रहेगी। सम्मेलन के माध्यम से कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाने और आगामी चुनावी गतिविधियों को लेकर रोडमैप तैयार करने पर विशेष चर्चा होगी। राजगीर विधायक कौशल किशोर ने कहा कि एनडीए गठबंधन की सरकार विकास और सुशासन के प्रति प्रतिबद्ध है। इस सम्मेलन का उद्देश्य कार्यकताओं को एकजुट कर जनता तक सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुँचाना और स्थानीय स्तर पर संगठन को मजबूत करना है। सम्मेलन की तैयारियाँ जोरों पर हैं। बड़े पैमाने पर कार्यकताओं और पदाधिकारियों के शामिल होने की संभावना है।

CMYK

# गया जंक्शन पर बनेंगे चार सेक्टर, 26 पोस्ट

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच तीर्थयात्रियों की होगी निगहबानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया जी।** पितृपक्ष मेला 06 सितंबर से शुरू हो रहा है जो 21 सितंबर को समाप्त होगा।जिले में पितृपक्ष मेला में ट्रेन द्वारा आने-जाने वाले तीर्थयात्रियों व सामान्य यात्रियों की सुरक्षा को लेकर इस बार रेल पुलिस उनकी रखवाली, देखरेख, चौकसी, निगरानी और रक्षा करने को लेकर कटिबद्ध है।हर व्यक्ति, वस्तुओं पर सावधानीपूर्वक नजर रखने, उसकी हिफाजत करने, उसकी रक्षा करने के लिए गया जंक्शन के हर उस जगहों पर निगहबानी होगी। इसको लेकर पटना रेल जिला के वरीय पुलिस अधीक्षक अमृतेन्दु शेखर ठाकुर की अध्यक्षता में सोमवार को एक बैठक हुई। गया जंक्शन को चार सेक्टर में बांट कर समुचित जगहों पर कुल 26 पोस्ट बनाए गए हैं। हर पोस्ट पर एक रेल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में पर्याप्त संख्या बलों की तैनाती की जाएगी जो तीन पालियों में 24 गुणे 7 कार्य करेंगे। रेल एसपी श्री ठाकुर ने बैठक में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों से कहा कि मेला के दौरान देश विदेश से तीर्थयात्रियों का आगमन होता है जो गया जी आकर अपने पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक पिंडदान का कर्मकांड करते हैं। ऐसे में रेल पुलिस का दायित्व बनता है कि उनकी सेवा और सुरक्षा प्रदान करें। ताकि यहां से जब वे अपने घर लौटें तो एक अच्छा अनुभव लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के ख्याल से तीर्थयात्रियों की यात्रियों के सामानों की भी जांच की जाएगी। इसके लिए पर्याप्त संख्या में मेटल डिटेक्टर उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही सामानों की जांच के बाद ही उन्हें आगे बढ़ने दिया जाएगा, बॉडी और सामानों की भी स्कैनिंग की व्यवस्था की जाएगी। गया जंक्शन के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर और फुट ओवर ब्रिज पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। जगह-जगह पर पदाधिकारी व जवानों की तैनाती की जाएगी जो भीड़ को नियंत्रित करने के साथ साथ तीर्थयात्रियों को सुरक्षा देते हुए उनकी मदद भी करेंगे। तीर्थयात्रियों को पिंडवेदियों तक पहुंचने के लिए उचित राह दिखाएंगे। कोई भी तीर्थयात्री भटके नहीं, इस पर सुरक्षा बलों की नजर रहेगी। तीर्थयात्रियों की सुरक्षा, सहायता एवं आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिए गया रेल थाना के करीब एक सौ पदाधिकारी एवं जवानों के अलावा गया रेल पुलिस अनुमंडल के विभिन्न थानों के अलावा पटना रेल जिला पुलिस थाने के पदाधिकारियों व जवानों की ड्यूटी यहां लगाई जाएगी। वैसे तो गया रेल के लिए रेल एसपी से 300 अतिरिक्त पुलिस बलों की मांग की है जहां रेल एसपी ने मेला को लेकर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल मुहैय्या कराने की बात कही है। गया जंक्शन पर एक कंट्रोल रूम का फीता काटकर वरीय रेल पुलिस अधीक्षक अमृतेन्दु शेखर ठाकुर ने शुभारंभ किया। इस कंट्रोल रूम में जीआरपी, आरपीएफ के पदाधिकारियों की तैनाती रहेगी जो प्लेटफॉर्म के अंदर और बाहर की हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। मौके पर रेल डीएसपी, रेल पुलिस अंचल निरीक्षक, गया रेल थानाध्यक्ष, आरपीएफ के पोस्ट प्रभारी निरीक्षक के अलावा रेल थाना के पुलिस पदाधिकारी व जवान उपस्थित थे।

## व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की कक्षाएं 3 सितम्बर से

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्ववित्तपोषित, वोकेशनल और व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के तहत सत्र 2025-26 की कक्षाएं 3 सितम्बर से प्रारंभ करने का निर्देश जारी किया है। विश्वविद्यालय ने अंगीभूत और सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों, प्रभारी प्राचार्यों, निदेशकों और समन्वयकों को निर्देश दिया है कि नामांकित छात्र-छात्राओं की नियमित पढ़ाई समय पर सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में छात्र कल्याण विभाग की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि सभी महाविद्यालय निर्धारित तिथि से कक्षा संचालन प्रारंभ करें ताकि नए सत्र की शैक्षणिक गतिविधियां सुचारू रूप से चल सकें और विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस सूचना की प्रति कुलपति और प्रति कुलपति के निजी सचिव, कुलसचिव के निजी सहायक तथा नोडल पदाधिकारी को भी भेजी है। यह आदेश छात्र कल्याण विभाग, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के अध्यक्ष द्वारा जारी किया गया है।

## मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के लिए विश्वविद्यालय ने जारी किए निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय ने मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना में आवेदन करने वाली छात्राओं के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जो छात्राएं इस योजना का लाभ लेना चाहती हैं, वे सीधे एमकेयूवाई पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर सकती हैं। निर्देशों में कहा गया है कि यदि किसी छात्रा का मोबाइल नंबर बदल गया है तो इसके लिए विश्वविद्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। छात्राएं नया मोबाइल नंबर पंजीकरण करते समय सीधे पोर्टल पर दर्ज कर सकती हैं। इसी तरह यदि परिणाम पोर्टल पर अपलोड नहीं है तो छात्राओं को विश्वविद्यालय आने के बजाय अपने संबंधित महाविद्यालय से संपर्क करना होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने दोहराया है कि छात्राओं को किसी भी कारणवश अनावश्यक रूप से विश्वविद्यालय का चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। पंजीकरण और अन्य आवश्यक कार्य पोर्टल और महाविद्यालय स्तर पर ही पूरे किए जा सकते हैं। यह सूचना मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के नोडल पदाधिकारी द्वारा जारी की गई है।

## मगध विश्वविद्यालय में अगस्त क्रांति पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन होगा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता संग्राम की स्वर्णिम गाथा को जीवंत बनाने के लिए 'अगस्त क्रांति' पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रकोष्ठ और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। नाटक का आयोजन 2 सितम्बर को पूर्वाह्न 2 बजे विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर किया जाएगा। इसमें विश्वविद्यालय के सभी स्नातकोत्तर विभागों और स्ववित्त पोषित विभागों के शिक्षक, गैर-शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी शामिल होंगे। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में देशभक्ति की भावना को प्रबल करना और आज़ादी के आंदोलन के महत्त्व को समझाना है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी हितधारकों से अनुरोध किया है कि वे इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर इसे सफल बनाने में सहयोग करें। यह जानकारी मगध विश्वविद्यालय, बोधगया की राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. प्रियेका सिंह ने दी है।

## इंटर्न डॉक्टरों ने इमरजेंसी सेवा की ठप,आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया जी।** जिले के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एएनएमसीएच) में सोमवार सुबह बड़ा बवाल हो गया।अस्पताल परिसर में जूनियर डॉक्टर और एक प्राइवेट एंबुलेंस चालक के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि बात हाथापाई तक पहुंच गई।देखते ही देखते अस्पताल का माहौल जंग के मैदान में बदल गया।घटना से नाराज इंटर्न डॉक्टरों ने इमरजेंसी सेवा ठप कर दी और आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। इमरजेंसी बंद होने से अस्पताल में भर्ती मरीजों और आपातकालीन इलाज के लिए पहुंचे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी।सूचना मिलते ही मगध मेडिकल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति संभालने में जुट गई।अस्पताल प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और डॉक्टरों को मनाने का प्रयास किया। आखिरकार अधीक्षक और प्राचार्य के समझाने के बाद जूनियर डॉक्टरों ने अपना प्रदर्शन खत्म कर दिया और इमरजेंसी सेवा फिर से शुरू कर दी।वहीं अधिक्षक डॉ. के.के. सिन्हा ने कहा कि मामले की जानकारी मिल चुकी है।जल्द ही पूरे प्रकरण की समीक्षा की जाएगी।उन्होंने बताया कि यह मामला कॉलेज प्रशासन से जुड़ा है और विस्तृत जानकारी प्राचार्य देंगे।

## दलित समागम सह सम्मान समारोह का आयोजन

**टिकारी।** सोमवार को टिकारी नगर परिषद् के मैरेज हॉल में दलित समागम सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के ओर से आयोजित समारोह में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह लघु सिंचाई मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन और प्रदेश अध्यक्ष सह क्षेत्रीय विधायक डॉ. अनिल कुमार को कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कार्यक्रम में मंत्री संतोष कुमार सुमन ने दलित समाज के लोगों से एकजुटता बनाये रखने की अपील की है। बिहार में एनडीए की सरकार की योजनाओं पर चर्चा करते हुए श्री सुमन ने कहा कि नीतीश कुमार हम सभी का ख्याल रखते हैं।

## स्नातक कक्षाओं में छात्राओं के लिए स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में कॉलेज के आईक्यूएसी के तत्वाधान में प्रधानाचार्या डॉ. सीमा पटेल के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में सत्र 2025 से 2029 के लिए विभिन्न विभागों में स्नातक कक्षाओं में नवनामांकित सेमेस्टर वन की छात्राओं के लिए एक दिवसीय स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम (छात्रा उन्मुखीकरण कार्यक्रम) का सोमवार को आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या डॉ. सीमा पटेल एवं मंचासीन प्रोफ़ेसरों ने दीप प्रज्ज्वलन करके किया।तत्पश्चात कॉलेज की अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी के निर्देशन में छात्रा अन्या, हर्षिता, निधि एवं तान्या ने महाविद्यालय कुलगीत एवं स्वागत गीत की सुमधुर प्रस्तुति दी।कार्यक्रम का समन्यवन कर रहीं अर्थशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. वीणा कुमारी जायसवाल ने स्टूडेंट इन्डक्शन प्रोग्राम की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्या की गरिमामय उपस्थिति में कॉलेज के राजनीति विज्ञान, इतिहास, अर्थशास्त्र, वनस्पति विज्ञान, जंतु विज्ञान, रसायनशास्त्र, भौतिकी, अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, गृहविज्ञान, दर्शनशास्त्र, मनोविज्ञान विभागों के सभी प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं ने छात्राओं को अपना व्यक्तिगत परिचय देते हुए कॉलेज तथा संबंधित विभागों के गौरवशाली अतीत, अवसरों से भरे वर्तमान और आशाओं से भरे भविष्य से परिचित करवाया। इसके साथ ही कॉलेज की कुलानुशासक प्रो अफ्शां सुरैया, पूर्व प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ सहदेब बाउरी, नैक समन्वयक डॉ शगुफ्ता अंसारी, एनसीसी सीटीओ डॉ नगमा शादाब, एनएसएस पदाधिकारी डॉ प्रियंका कुमारी, खेलकूद प्रभारी डॉ पूजा राय, परीक्षा प्रभारी डॉ प्यारे मांझी, नैट्स प्रभारी डॉ विजेता लाल ने छात्राओं को कॉलेज में संचालित इन सभी इकाइयों द्वारा भविष्य को संवारने हेतु मिलने वाले अवसरों से रूबरू करवाया।फैकल्टीज ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से पिछले वर्षों में कॉलेज एवं विभागों की विभिन्न उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए छात्राओं से नियमित रूप से कॉलेज आने का आग्रह किया।शिक्षकेतर कर्मियों में संजू कुमार, मोसन्ना जलाल, राजेश कुमार आदि ने भी अपना परिचय दिया।कार्यक्रम को संबोधित करती हुई कॉलेज की प्रधानाचार्या ने छात्राओं से आग्रह किया कि वे कॉलेज को एक परिवार की तरह समझें।प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं के सानिध्य का लाभ उठायें।कॉलेज में प्राप्त सभी शैक्षणिक तथा सह-शैक्षणिक अवसरों का लाभ उठायें।डॉ. पटेल ने कहा कि शिक्षा वही है, जो हममें सही और गलत की समझ विकसित करे।उनके बीच स्थित विभेद को समझाए।

## नरेंद्र मोदी का चीन दौरा ऐतिहासिक : डॉ. मनीष पंकज मिश्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में भाग लेने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चीन दौरा ऐतिहासिक महत्व का रहा।इस दौरान प्रधानमंत्री और चीन के राष्ट्रपति के बीच लगभग 50 मिनट तक गहन वार्ता हुई।दोनों शीर्ष नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा देने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया।चीन के राष्ट्रपति ने सकारात्मक ऊर्ज़ा के साथ प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया और विश्वास व्यक्त किया कि भारत-चीन संबंध आने वाले समय में और प्रगाढ़ होंगे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस महत्वपूर्ण बैठक में भारत के दृष्टिकोण को मजबूती से रखते हुए आर्थिक सहयोग, क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त प्रयास, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक स्थिरता जैसे अहम मुद्दों पर स्पष्ट विचार प्रस्तुत किए।उन्होंने यह भी कहा कि पड़ोसी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण और सहयोगपूर्ण संबंध भारत की प्राथमिकता है।इस ऐतिहासिक बैठक को लेकर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने प्रधानमंत्री मोदी की भूरी-भूरी प्रशंसा की।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की ताकत और नेतृत्व क्षमता को फिर से सिद्ध किया है।डॉ. मिश्रा ने बताया कि शंघाई सहयोग संगठन जैसी बड़ी और प्रभावशाली संस्था में भारत की सक्रिय भागीदारी से न केवल एशिया बल्कि विश्व स्तर पर भारत की स्थिति और मजबूत होगी।

## रामजी प्रसाद मिश्र की 14वीं पुण्यतिथि मनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** टिकारी प्रखंड अंतर्गत ग्राम बेनीपुर निवासी भाजपा नेता शिवबल्लभ मिश्र की पिता स्व रामजी प्रसाद मिश्र की 14वीं पुण्यतिथि मनाई गई। भाद्र पद शुक्ल पक्ष अष्टमी तिथि को दिन में स्व मिश्र के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण सहित पिंड प्रधान तर्पण हवन कार्य कर देर रात्रि में रामायण के प्रसंग दशरथ मरण आधारित निर्गुण, भक्ति भजन का आयोजन किया गया। इस बीच है कोई पार के जवैया खुलत बा नैया सहित निर्गुण आदि धुन पर झूमते नजर आए। मालूम हो कि स्व रामजी प्रसाद मिश्र नवीनगर प्रखंड में प्रधान सहायक पद पर रहते हुए कार्यकाल में ही मृत्यु 23सितंबर 2012 को हो गई थी। वे एक प्रखर समाजसेवी सहित प्रतिष्ठित व्यक्ति में एक थे।

## दुष्कर्म और हत्या कांड में नेताओं का दौर जारी, आरोपित मनोज फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के बरई गांव में हुए दुष्कर्म और हत्या कांड ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया है। घटना के बाद से विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं का पीड़ित परिवार के घर पहुंचने का सिलसिला जारी है। नेता पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधा रहे हैं और दोषियों को स्पीडी ट्रायल के तहत जल्द से जल्द कड़ी सजा दिलाने की मांग कर रहे हैं। कई सामाजिक संगठनों ने भी घटना की निंदा करते हुए इसे जिले की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल बताया है। पुलिस ने अब तक मामले में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हालांकि एक आरोपी मनोज चौधरी अब भी फरार है। पुलिस लगातार उसके संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने सोमवार शाम 5 बजे कहा कि आरोपी जल्द ही गिरफ्तार होगा। कांड संख्या 95/25 के वादिनि का कहना है कि 'हमारी मां की मौत व्यर्थ नहीं जानी चाहिए जब तक सभी दोषियों को सख्त सजा नहीं मिलती, हमें चैन नहीं मिलेगा।' वहीं एक राजनीतिक दल जन सुराज के नेता डॉ बीडी शर्मा ने कहा कि सरकार को चाहिए कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के साथ-साथ सुरक्षा भी उपलब्ध कराए। अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। बीडीओ बिपुल भारद्वाज ने कहा कि प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को त्वरित राहत राशि पारिवारिक लाभ बीस हजार रुपए उपलब्ध कराई गई है और आगे मुआवजा देने का आश्वासन दिया गया है। अधिकारियों ने परिवार की सुरक्षा के लिए आंती पुलिस बल की तैनाती भी की है। गांव और आसपास के क्षेत्रों में लोगों का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है।

## अवैध बिजली चोरी पर छापेमारी, दो महिलाओं पर जुर्माना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** विद्युत विभाग की टीम ने रविवार को दिघी टोला मौलागंज और बालापर गांव में अवैध रूप से बिजली चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। कनीय अभियंता कोंच विकास कुमार के नेतृत्व में की गई छापेमारी के दौरान दो मामलों का खुलासा हुआ। बिजली विभाग ने मौलागंज निवासी ऊषा देवी, पति तपेश्वर प्रसाद पर 48,304 रुपए का जुर्माना लगाया है। वहीं, बालापर निवासी सुशीला देवी, पति डोमन सिंह पर 64,084 रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। कनीय अभियंता ने बताया कि ये उपभोक्ता बिना मीटर और लाइन से सीधे कनेक्शन लेकर बिजली की खपत कर रहे थे जिससे विभाग को राजस्व की हानि हो रही थी। छापेमारी के दौरान विभागीय टीम ने मौके पर अवैध तारों को जब्त किया और बिजली चोरी की पुष्टि के बाद दोनों पर मामला दर्ज सोमवार को किया। विद्युत कनीय अभियंता विकास कुमार ने चेतावनी दी कि बिजली चोरी को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगे भी ऐसे क्षेत्रों में अभियान चलाकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे नियमित मीटरयुक्त कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें अन्यथा पकड़े जाने पर न सिर्फ भारी जुर्माना बल्कि कानूनी कार्रवाई का भी सामना करना पड़ेगा।

## आइआइएम बोधगया ने आइपीएम के पांचवें बैच का किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोधगया(गयाजी)।** आइआइएम बोधगया ने 29 अगस्त, 2025 को आयोजित एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम के साथ आईपीएम के अपने पाँचवें बैच का स्वागत किया। इस कार्यक्रम ने संस्थान में छात्रों की शैक्षणिक यात्रा की औपचारिक शुरुआत को चिह्नित किया।इस वर्ष, संस्थान ने 174 छात्रों को शामिल किया, जिनमें 59 लड़कियां और 115 लड़के शामिल हैं,जो भारत की भौगोलिक विविधता का प्रतिनिधित्व करते हैं, साथ ही 9 अंतर्राष्ट्रीय छात्र भी शामिल हैं।चार दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद वर्चुअल कैंपस टूर और बैच प्रोफ़ाइल की प्रस्तुति दी गई।बिहार सरकार के मुख्य सचिव, आईएएस प्रत्यय अमृत ने मुख्य अतिथि के रूप में आने वाले बैच को संबोधित करते हुए छात्रों को प्रेरित किया कि वे आईआईएम बोधगया में अपने समय को केवल शैक्षणिक खोज न मानें, बल्कि उसे नेतृत्व, विकास और उद्देश्य की एक यात्रा के रूप में देखें।अपने संबोधन में, संस्थान की निदेशक प्रोफ़ेसर विनीता एस. सहाय ने शैक्षणिक यात्रा शुरू करने वाले नए बैच का उत्साहवर्धक शब्दों में स्वागत किया।उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक दक्षिण का प्रतिनिधित्व करता है, और हम दुनिया को आगे का रास्ता दिखाने और उसका नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। आप छात्र उस यात्रा का हिस्सा होंगे, एक ऐसी पीढ़ी के रूप में जो निर्णायक कदम उठाएगी।पीडब्ल्यूसी में पर्यटन विशेषज्ञ सलाहकार प्रियंको चक्रवर्ती और डेलॉइट के निदेशक विकास चंद्रा ने कॉर्पोरेट अनुभव और अनुकूलनशीलता व भावनात्मक सूझबूझ के महत्व पर अपने विचार साझा किए।पूर्व छात्र रवि बरनवाल, आईबीएम में उत्पाद प्रबंधक, और साई प्रसाद एसएन (जो वर्तमान में न्यूजेन सॉफ्टवेयर में कार्यरत हैं) ने छात्रों के साथ बातचीत की और अपने पेशेवर सफ़र के अनुभव साझा किए।ओरिएंटेशन के तीसरे दिन, बिहार के पर्यटन रोजगार तंत्र पर एक पैनल चर्चा आयोजित की गई, जिसमें वरिष्ठ उद्योगी नेता एवं नीति विशेषज्ञ शामिल हुए। इस चर्चा ने छात्रों को क्षेत्रीय विकास के अवसरों पर व्यापक दृष्टिकोण प्रदान किया।कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों के माध्यम से छात्रों को शैक्षणिक समितियों, संस्थागत सहयोग तंत्र और नीतियों से परिचित कराया गया।


**बिहार सरकार**

### समाहरणालय, औरंगाबाद

(RFCTLARR-2013 की धारा–5 के अधीन)

औरंगाबाद जिला अन्तर्गत कुटुम्बा अंचल के कुल 07 मौजों में औद्योगिक क्षेत्र के स्थापना के लिए सार्वजनिक प्रयोजनार्थ परियोजना हेतु भू–अर्जन अपेक्षित है, इसलिए राज्य एस0आई0ए0 ईकाई एल0एन0 मिश्रा, आर्थिक अध्ययन एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान, पटना द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया गया है, जिसका ड्राफ्ट कॉपी प्राप्त हुआ है। इस निमित संबंधित स्थल पर सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन हेतु **RFCTLARR-2013** की धारा 5 के तहत सुनवाई किया जाना आवश्यक है। अतएव सूचित किया जाता है कि कुटुम्बा अंचल जिला–औरंगाबाद में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 441.798 एकड़ कुल मौजा–07, कुल प्लॉट–516 में मानक माप का अर्जनाधीन भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है।

| क्र0 सं0 | अंचल का नाम | मौजा/थाना सं0 | सुनवाई की तिथि, समय एवं स्थान का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | कुटुम्बा | महसू/515 | दिनांकः– 04.09.2025<br>समयः– 11.00 बजे पूर्वा0 से<br>स्थलः– महसू (पंचायत सरकार भवन) |
| 2 | | जोड़ा/575 | |
| 3 | | ईरियप/514 | |
| 4 | | करमडीह/576 | |
| 5 | | निरंजनपुर/494 | |
| 6 | | कझपा/495 | |
| 7 | | सहदेई परसावां/430 | |

चूँकि उक्त भूमि परियोजना हेतु तुरंत अपेक्षित है, अतएव राज्य सरकार ने सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कार्यान्वित करने का विनिश्चय किया है।

सामाजिक प्रभाव आकलन के निमित सुनवाई की निर्धारित तिथि को हितबद्ध रैयत स्थल पर उपस्थित रहेगें। अंचल अधिकारी, कुटुम्बा अपने अंचल अन्तर्गत अधिग्रहित मौजा के हितबद्ध रैयतों को सुनवाई के समय स्थल पर उपस्थित रहने हेतु सूचित करेंगे।

निर्धारित तिथि को अधियाची निकाय के प्रतिनिधिगण, अपर जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, औरंगाबाद लोक सुनवाई में भाग लेंगे। अंचल अधिकारी, कुटुम्बा अंचल निरीक्षक, कुटुम्बा एवं सभी संबंधित हल्का कर्मचारी, कुटुम्बा लोक सुनवाई के समय एस0आई0ए0 दल की सहयोग के लिए उपस्थित रहेंगे। लोक सुनवाई की कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग अधियाची विभाग द्वारा करायी जायेगी।

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No.013228 (Revenue) 2025-26

समाहर्त्ता, औरंगाबाद

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।



**बिहार सरकार**

### बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्

ई–मेल- msbspcb-bih@gov.in, वेबसाईट-http://bspcb.bihar.gov.in

**लोक-सुनवाई की सूचना**

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533, दिनांक 14.09.2006 एवं यथा संशोधित अधिसूचनाओं के आलोक में राज्य पर्यावरण समाधात निर्धारण प्राधिकरण के समक्ष मेसर्स आर. आर. इंटरप्राईजेज, आवेदकः श्री राजाराम सिंह, श्री लक्ष्मणदेव सिंह, पता–वार्ड संख्या– 13, पूर्वी पाली, नीयर पाली स्कूल, डिहरी ऑन सोन, जिला– रोहतास–821307 (बिहार) द्वारा औरंगाबाद सोन नदी स्थित औरंगाबाद सोन–2–B बालू घाट, मौजा–महमदपुर, थाना–दाउदनगर, प्रखंड–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद (बिहार) में प्रस्तावित बालू खनन परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति का प्रस्ताव विचाराधीन है।

इस परियोजना के कार्यान्वयन के पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु राज्य पर्यावरण समाधात निर्धारण प्राधिकरण द्वारा **TOR (Terms of Reference)** निर्गत की गयी हैं तथा लोक–सुनवाई की जानी है।

परियोजना का पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन तैयार किया गया है। जिसमें संभावित कुप्रभावों को निरस्त करने के उपाय प्रस्तावित है। उक्त प्रतिवेदन तथा परियोजना के कार्यपालक सार की प्रति पर्षद् मुख्यालय, पटना, जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद; कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, औरंगाबाद; महाप्रबंधक, जिला उधोग केन्द्र, औरंगाबाद एवं जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद के कार्यालय में प्रभावित क्षेत्र के लोगों के अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं। परियोजना की विवरणी का अवलोकन पर्षद् के वेबसाईटः **http://bspcb.bihar.gov.in** पर भी किया जा सकता है। वैसे व्यक्ति जो इस परियोजना से प्रभावित होने वाले हों, अपना लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य इस सूचना प्रकाशन के 30 (तीस) दिनों के अन्दर पर्षद् कार्यालय में भी जमा कर सकते है। साथ ही पर्षद् के ई–मेलः msbspcb-bih@gov.in पर अथवा डाक के माध्यम से भी लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य भेजी जा सकती है।

परियोजना प्रभाव क्षेत्र के नागरिकों के लिए लोक–सुनवाई निम्नानुसार आहूत किया गया हैः–

| दिनांकः | समय | प्रखंड का नाम | बालू घाट का मौजा | बालूघाट का नाम | लोक–सुनवाई का स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 24.10.2025 | अपराह्न 12:30 बजे | दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद | महमदपुर | औरंगाबाद सोन–2–B बालू घाट | प्रखंड कार्यालय, दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद |

सभी आम लोगों/संबंधित से अनुरोध हैं कि उपरोक्त लोक–सुनवाई के दौरान सरकार द्वारा निर्गत कोविड–19 गाईड–लाईन का पालन करते हुए परियोजना के संबंध में अपने मंतव्य/सुझाव /विचार से अवगत करायेगें।

PR. No. 013245 (B&C) 2025-26

सदस्य सचिव

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

यौन जनित रोग छुपाओ नहीं ईलाज कराओ, खुद के साथ अपने जीवन साथी को भी सुरक्षित करें।



### कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू

दूरभाष (मो0) सं0– (जिला भू–अर्जन शाखा) **Email** {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**

(3G Award के तहत् घोषित)

**Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 (Section-III)**

(पलामू जिला अन्तर्गत कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण।)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) (कि0मी0 147.450 भोगू से कि0मी0 196.870 शंखा तक पथ का 4 लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार संरचना/मकान/भूमि अर्जन की जा रही है। तद्नुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा/आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

**एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा–चियांकी, थाना–सदर मेदिनीनगर, थाना नं0– 206**

**पत्रांक–803 (A)/भू0अ0, दिनांक–21.08.2025**

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | चियांकी | 128 | 1981 | गै०मा० | मकान, हाता | 0.000 | 1 | आर्या कॉरपोरेशन, प्रो०–राकेश सहानी, पिता ओम प्रकाश सहानी | |
| 2 | | 83 | 1396 | रैयती | मकान | 0.000 | 2 | सत्यनारायण कुमार, पिता सुरेन्द्र प्रसाद | |
| 3 | | 188 | 1808 | रैयती | हाता | 0.000 | 3 | श्याम सुन्दर, पिता स्व० सत्यदेव प्रसाद | |
| | | | | | कुल | 0.0000 | | | |

नोट :– परियोजना निदेशक, भा०रा०रा०प्रा०, मेदिनीनगर के पत्रांक–1533, दिनांक–29.03.2025 द्वारा छुटे हुए संरचना का प्राक्कलन का मूल्यांकन तैयार कर उपलब्ध कराया गया था, जिसे कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के पत्रांक–574/अनु०, दिनांक– 13.05.2025 द्वारा प्राक्कलन का मूल्यांकन को सत्यापित कर उपलब्ध कराया गया है, जिसके आधार पर 3G प्रकाशन हेतु तैयार किया गया है।

PR 360915 (Palamu)25-26*D

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय,पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

संपादकीय

# चुनौतियों से लड़ने का हौसला देने में है दयालुता

मां की ममता को दुनिया में अतुलनीय माना जाता रहा है, लेकिन अब खबर है कि चीन के वैज्ञानिक एक ऐसा रोबोट बनाने में जुटे हैं जो नौ महीने तक बच्चे को गर्भ में रखने के साथ ही उसे जन्म भी दे सकता है. कहा जा रहा है कि इससे महिलाओं को गर्भावस्था से जुड़ी जटिलताओं और खतरों से राहत मिल सकती है. अभी तक की जानकारी के अनुसार पूरे ब्रह्माण्ड में धरती ही एक ऐसा ग्रह है जहां जीवन है. इसको संभव बनाने के लिए यहां हर चीज में इतना अद्‌भुत संतुलन है कि जानकर दंग रह जाना पड़ता है. धरती अगर सूरज से जरा भी और दूर होती तो असहनीय ठंड के कारण और जरा सा नजदीक हो जाती तो भयावह गर्मी की वजह से शायद हम मनुष्यों का अस्तित्व संभव न हो पाता. इसी तरह चंद्रमा से हमारे ग्रह की दूरी थोड़ी सी भी कम या ज्यादा होती तो कहते हैं जीवन के लिए आवश्यक परिस्थितियां पैदा न हो पातीं. धरती पर हर चीज इतने आश्चर्यजनक ढंग से सटीक है कि शायद इसे देखकर ही महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने क्वांटम यांत्रिकी के अनिश्चितता के सिद्धांत के प्रति अपनी असहमति व्यक्त करते हुए कहा था कि ईश्वर पासे नहीं खेलता. या फिर हमको लगने लगा है कि खेलता है! और इसीलिए क्या हम विषमताओं से भरी दुनिया में अपनी मानव जाति को कष्टों-संघर्षों से कृत्रिम तरीके से बचाना चाहते हैं?

हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें एक बिल्ली का बच्चा सीढ़ी पर चढ़ने के चक्कर में बार-बार गिर रहा था लेकिन मां उसे मुंह से उठाकर ऊपर चढ़ाने की बजाय खुद चढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही थी. आखिर कई असफल कोशिशों के बाद वह बच्चा ऊपर चढ़ने में सफल हो ही गया. किसी भी जीव के नवजात बच्चों को अपने पैरों पर खड़ा होने में जन्म के बाद कुछ घंटों या कुछ दिनों से ज्यादा का समय नहीं लगता; फिर दुनिया का सबसे बुद्धिमान प्राणी होने के बावजूद हम मनुष्य इतने नाजुक क्यों होते हैं? आज तक जितने भी आविष्कार हमने किए हैं, अपनी सुख-सुविधाओं में इजाफे के लिए ही किए हैं. कहीं ऐसा तो नहीं कि जितना हम सुविधाभोगी बनते जाते हैं, उतना ही कमजोर भी होते जाते हों! यह सच है कि स्वास्थ्य ही जीवन का नियम होना चाहिए, बीमारियों का मतलब है कि कहीं न कहीं कुछ गड़बड़ है. यह भी सच है कि सारे जीव-जंतुओं में सबसे ज्यादा बीमार हम मनुष्य ही होते हैं. लेकिन प्रायः हम बीमारियों का कारण ढूंढ़कर उसे खत्म करने की बजाय उसके लक्षणों को मिटाने में ही लगे रहते हैं.क्या यह ऐसा ही नहीं है जैसे प्रेशर कुकर से निकलती भाप को रोकने के लिए उसकी सीटी के छेद को ही बंद कर दिया जाए! महिलाओं को प्रसव पीड़ा से बचाने के चक्कर में हम प्रेग्नेंसी रोबोट तो बना रहे हैं लेकिन उस रोबोट में मां की ममता कैसे ला पाएंगे! और ममताविहीन शिशु क्या इंसान बन पाएगा? महान कवि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने अपनी नोबल विजेता कृति 'गीतांजलि' में कहा है, 'हे प्रभु, मैं यह नहीं चाहता कि मेरे दुःखों को हर लो, लेकिन यह वरदान जरूर मांगता हूं कि मुझे उन्हें सहने की शक्ति दो.' हमें भी अपनी मानव जाति के जीवन को चुनौती विहीन बनाने की बजाय शायद उन्हें चुनौतियों से जूझने का हौसला देना चाहिए. दुनिया में सारे जीव 'सर्वाइवल ऑफ द फिटेस्ट' की अवधारणा पर चलते हैं अर्थात जो सबसे ज्यादा फिट होगा, वही सर्वाइव कर पाएगा. हो सकता है प्रकृति का यह सिद्धांत हमें 'जंगलराज' जैसा लगे, जहां निर्बलों के लिए कोई जगह नहीं होती, लेकिन अपने बीच की निर्बलता को स्वेच्छा से सबलता में बदलने की कोशिश तो हम कर ही सकते हैं! और तब शायद हमें समझ में आ सके कि दयालुता किसी मां को प्रसव पीड़ा से बचाने के लिए प्रेग्नेंसी रोबोट का निर्माण करने में ही नहीं होती बल्कि अपने बच्चे को ऊंचाई पर स्वयं चढ़ाने के बजाय उसकी हौसला-अफजाई करने वाली बिल्ली में भी होती है. और क्या पता, वह बिल्ली ही वास्तविक अर्थों में दयालु हो!

# अच्छी पहल ऑनलाइन गेमिंग ऐप पर सख्त कानून

**देश में प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मैट्रो रेल स्टेशन, एयरपोर्ट, हाइवे, सड़क, हवाई जहाज, रेल, मैट्रो रेल, बस आदि में पैसे लगाओं, टीम बनाओं, करोड़ों कमाओं जैसी टैग लाइन के साथ भ्रमित करने वाले ऑनलाइन गेमिंग ऐप का प्रचार चर्चित चहरों के साथ बड़े पैमाने पर होता नज़र आता है। इन चर्चित चेहरों के प्रमोशन करने के चलते देश में करोड़ों लोग ऑनलाइन गेमिंग ऐप के माध्यम से चल रही सट्टेबाजी, ठगी व साइबर फ्राड आदि का शिकार होकर के अपने जीवन भर की कमाई गंवाकर मानसिक तनाव में आकर के अनमोल जीवन तक को समाप्त करने का कार्य कर रहे थे, लेकिन मोदी सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग की नकेल कसने का कार्य शुरू कर दिया है। हालांकि ऑनलाइन गेम की मुख्य रूप से दो कैटेगरी मानी जाती है, पहली कैटेगरी में ई-स्पोर्ट्स जिसमें गेम खेलने के लिए किसी भी प्रकार से पैसों का आदान-प्रदान नहीं किया जाता है व दूसरी कैटेगरी में रियल मनी गेम्स में पैसों का लेन-देन होता है, दूसरी कैटेगरी पर ही मोदी सरकार ने अंकुश लगाया है।**

**दीपक कुमार त्यागी**

देश में इंटरनेट की सुलभता से पहुंच होने के चलते ऑनलाइन गेमिंग ऐप का आलम यह हो गया था कि देश के दूरदराज के गांवों से लेकर कस्बों शहरों तक में भी यह लोगों को घर बैठे-बैठे हुए ही सट्टेबाजी करने के लिए प्रेरित करने लगा है, घर की चौपाल से लेकर के गली, मोहल्ले, नुक्कड़ हर तरफ ऑनलाइन गेमिंग ऐप की चर्चा सुनना अब आम बात हो गयी थी।

लेकिन नरेन्द्र मोदी की सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग की इस गंभीर चुनौती को समय रहते समझने का कार्य करते हुए, 19 अगस्त 2025 को देश के घर-घर में छोटे व बड़े-बूढ़े तक के बीच में भी अपनी पैठ बना चुके ऑनलाइन गेमिंग ऐप पर नियंत्रण लगाने के लिए एक कानून ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक 2025 को कैबिनेट में पारित करवाने का कार्य करते हुए, 20 अगस्त 2025 को चंद मिनटों में ही ध्वनि मत से देश दोनों सर्वोच्च सदनों से पास करवाया। हालांकि देश के कुछ लोगों को इस कानून से कोई भी फर्क नहीं पड़ता है, लेकिन जिन लोगों के घर ऑनलाइन गेमिंग ऐप के माध्यम से चल रही पैसों की सट्टेबाजी के चलते बर्बादी के कगार पर आकर खड़े हो गये हैं, इस सख्त कानून से उन लोगों के बिखरते घर-बार व कारोबार बच जायेंगे। साथ ही जो परिवार इन ऑनलाइन गेमिंग ऐप के नाम पर चल रही सट्टेबाजी व साइबर फ्राड आदि का शिकार होकर धन-दौलत यहां तक की परिजनों को भी खो चुके हैं, उन परिजनों को भी संतोष मिलेगा की अब भविष्य में उनकी तरह किसी का घर-परिवार तबाह नहीं होगा। वैसे तो देश में ऑनलाइन गेमिंग ऐप का बहुत बड़ा कारोबार है, देश में इसके ग्राहक छोटे-छोटे बच्चों से लेकर के बड़े-बुजुर्ग तक भी हैं, जो इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले अपने मोबाइल फोन में इन ऑनलाइन गेमिंग के विभिन्न ऐप डाउनलोड करके ऑनलाइन गेम खेलते हुए इनकी भयंकर लत व मानसिक अवसाद के शिकार हो रहे हैं। वहीं इन गेम के प्लेटफार्मों पर खुल्लमखुल्ला



पैसे लगाओं, टीम बनाओं, करोड़ों कमाओं जैसी आकृषित करने वाली टैग लाइन के साथ सट्टेबाजी चल रही है, इन प्लेटफार्मों पर लोग कमाई के झांसें में आकर के जीवन भर की अपनी गाढ़ी कमाई को गंवाने का काम कर रहे थे। साथ ही देश में जिस तरह से साइबर फ्राड की घटनाएं ऑनलाइन गेमिंग ऐप के सहारे आये-दिन घटित हो रही हैं, वह चिंतित करने वाली स्थिति है। जिसके चलते ही नरेन्द्र मोदी सरकार की ऑनलाइन गेमिंग के इस कारोबार पर पैनी नज़र बनी हुई थी। उसी कड़ी में वर्षों पहले ही मोदी सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग ऐप पर रुपए-पैसों की किसी भी प्रकार की ट्रांजेक्शन पर 1 अक्टूबर 2023 में 28 प्रतिशत और वर्ष 2024-2025 में जीती गयी धनराशि पर 30 प्रतिशत जीएसटी लागू कर दिया था, जिससे सरकार को लगभग 20 हज़ार करोड़ रुपए सालाना की भारी-भरकम धनराशि जीएसटी के रूप में मिल रही थी। ऑनलाइन गेमिंग के पिछले कुछ वर्षों में लगभग 400 स्टार्टअप भारत में शुरू हुए हैं, वहीं लगभग 25 हजार करोड़ निवेश हुए हैं। लेकिन मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने खुलासा किया था कि भारतीय हर वर्ष लगभग 1 लाख 20 हज़ार करोड़ रुपए भारी-भरकम धनराशि इन ऑनलाइन गेमिंग ऐप के चक्कर में खर्च कर रहे हैं, जो बेहद ही चौंकाने वाली व चिंताजनक स्थिति है। वहीं केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद में बताया था कि ऑनलाइन गेमिंग के चक्कर में हर वर्ष 45 करोड़ भारतीय 20 हज़ार करोड़ रुपए गंवा देते हैं। वहीं देश में साइबर सुरक्षा पर पैनी नज़र रखने वाली एजेंसियों ने भी इन ऑनलाइन गेमिंग के प्लेटफॉर्मों पर सख्ती कर रखी थी, इन एजेंसियों ने ऑनलाइन गेमिंग ऐप की आड़ में साइबर फ्राड करने वाले हजारों ऐप को बैन तक करके लोगों को ठगी से बचाने का कार्य किया है, अकेले वर्ष 2022 में ही सरकार ने 1400 से ज्यादा वेबसाइट को ब्लॉक किया था। लेकिन सरकार की लाख सख्ती के बावजूद भी ऑनलाइन गेमिंग ऐप वाले लोगों की जेब से पैसा निकालने की कुछ ना कुछ नयी तिकड़म बैठाकर के लोगों को चूना लगाने में कामयाब हो ही जाते थे।

जिसके चलते ही नरेन्द्र मोदी की सरकार ने लोगों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले ऑनलाइन मनी गेमिंग ऐप की लूट-खसोट पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कानून बनाने की शुरुआत की, नरेन्द्र मोदी की सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में 19 अगस्त 2025 को ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक 2025 को मंजूरी देते हुए अगले दिन ही 20 अगस्त 2025 को लोकसभा व राज्यसभा में पास करवा कर के, इस विधेयक को महामहिम राष्ट्रपति से हरी झंडी मिलने की मंजूरी के लिए भेज दिया, जहां पर इस विधेयक को 22 अगस्त 2025 को राष्ट्रपति की मंजूरी की मोहर लगने का बाद यह कानून देश में लागू हो गया है। इस नये कानून के अनुसार ऑनलाइन गेमिंग ऐप पर रुपए-पैसों के लेन-देन वाली ट्रांजैक्शन देश में पूरी तरह से प्रतिबंधित है। अब देश में ऑनलाइन गेमिंग ऐप में रुपए-पैसों का लेन-देन उपलब्ध करने वाले लोगों को तीन वर्ष तक की कड़ी सजा और एक करोड़ रुपए तक का जुर्माना भुगतान होगा। वहीं जिस तरह से ऑनलाइन गेमिंग ऐप भोले-भाले लोगों को अपने चंगुल में फंसाने के लिए आये-दिन खेल जगत के चर्चित चहरों व विभिन्न सेलिब्रिटी का सहारा लेने का कार्य करते थे, उस पर भी दो वर्ष की सजा और 50 लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान होने से ऑनलाइन गेमिंग के प्रोमोशन पर अंकुश लगेगा। सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग ऐप पर बनाये प्रावधानों में यह साफ कर दिया है कि यह एक सामाजिक बुराई है, जिस पर केंद्र सरकार पूरी तरह से अंकुश लगाना चाहती है। वैसे ऑनलाइन गेमिंग ऐप के मुद्दे पर पक्ष के साथ-साथ विपक्ष भी यह मानता था कि यह एक गंभीर सामाजिक बुराई बन चुकी है, तब ही यह विधेयक लोकसभा व राज्यसभा दोनों सदनों में महज 26 मिनट में पास हो गया। हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस विधेयक का समर्थन करते हुए कहा था कि यह कानून देश में ई-स्पोर्ट्स को बढ़ावा देगा, लेकिन उन ऑनलाइन गेमिंग ऐप को रोक देगा, जिनका सीधा असर लोगों की आर्थिक स्थिति और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस कानून को समाज को हानिकारक प्रवृत्तियों से बचाने की दिशा में बड़ा कदम बताया। हालांकि नये कानून के बाद देश में ऑनलाइन गेमिंग का कार्य करने वाले बहुत सारे प्लेटफार्मों ने रुपए-पैसे के लेन-देन बंद करने की घोषणा कर दी है, जो ऑनलाइन गेमिंग ऐप की दुनिया में व आम जनमानस के हित में एक सकारात्मक बदलाव का संकेत है।

## अध्यात्म

### धैर्य से बैठ कर समस्या का समाधान ढूढ़ना चाहिए



एक दिन की बात है एक चिड़िया आकाश में अपनी उड़ान भर रही होती है। रास्ते में उसे गरुड़ मिल जाता है। गरुड़ उस चिड़िया को खाने को दौड़ता है। चिड़िया उससे अपनी जान की भीख मांगती है। लेकिन गरुड़ उस पर रहम करने को तैयार नहीं होता। तब चिड़िया उसे बताती है कि मेरे छोटे-छोटे बच्चे हैं और उनके लालन-पालन के लिए मेरा जीवित रहना जरूरी है। तब गरुड़ इस पर चिड़िया के सामने एक शर्त रखता है कि मेरे साथ दौड़ लगाओ और अगर तुमने मुझे हरा दिया तो मैं तुम्हारी जान बख्श दूंगा और तुम्हें यहां से जाने दूंगा।

गरुड़ इस बात को जानता था कि चिड़िया का उसे दौड़ में हराना असंभव है। इसलिए उसके सामने इतनी कठिन शर्त रख देता है। चिड़िया के पास इस दौड़ के लिए हां करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं बचता। लेकिन चिड़िया को इस बात का अंदाजा था कि गरुड़ को दौड़ में हराना नामुमकिन है लेकिन फिर बी वह इस दौड़ के लिए हां कर देती है। पर वह गरुड़ से कहती है कि जब तक ये दौड़ ख़त्म नहीं होता वह उसे नहीं मरेगा। गरुड़ इस बात पर राजी हो जाता है।

दौड़ शुरू होती है चिड़िया फट से जाकर गरुड़ के सिर पर बैठ जाती है और जैसे ही गरुड़ दौड़ के आखिरी स्थान पर पहुंचता है चिड़िया फट से उड़ कर लाइन के पार पहुंच जाती ही और जीत जाती है। गरुड़ उसकी चतुरता से प्रसन्न हो जाता है और उसको जिंदा छोड़ देता है। चिड़िया तुरंत ही वहां से उड़ जाती है और अपने रास्ते चल देती है। कठिन परिस्थितियों में हालातों पर रोना नहीं चाहिए बल्कि समझदारी और चतुरता के साथ मुसीबत का सामना करना चाहिए। विरोधी या कार्य आपकी क्षमता से ज्यादा मजबूत हो तो इसका मतलब यह नहीं कि आप पहले से ही हार मान कर बैठ जाएं बल्कि समझदारी और धैर्य से बैठ कर समस्या का समाधान ढूढ़ना चाहिए। अपने ऊपर एवं अपने प्रभु पर विश्वास रखना चाहिए, अगर प्रभु चाहें तो कोई भी किसी भी हालत में जीत सकते है।

# आत्मनिर्भर भारत की नई उड़ान: ईवी और हाइब्रिड बैटरियों का संगम

**अब जब भारत के ईवी 100 से अधिक देशों में निर्यात के लिए तैयार हैं, तो यह केवल ऑटो इंडस्ट्री की सफलता नहीं है बल्कि यह 'ब्रांड इंडिया' की साख को भी वैश्विक स्तर पर मजबूत करेगा। अंतरराष्ट्रीय व्यापार विशेषज्ञ मानते है कि यदि भारत आने वाले पांच सालों में अपनी ईवी निर्यात क्षमता को वार्षिक 50 बिलियन डॉलर तक ले जाता है तो यह अकेला सेक्टर ही भारत की जीडीपी में 1.5प्रतिशत अतिरिक्त योगदान दे सकता है। भारत की ईवी यात्रा केवल वाहनों तक सीमित नहीं है। यह ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरणीय संतुलन, विदेशी मुद्रा बचत और औद्योगिक आत्मनिर्भरता की कहानी है। हाइब्रिड बैटरी प्लांट का उद्घाटन इस यात्रा का नया अध्याय है। आने वाले वर्षों में यह पहल भारत को न केवल दुनिया के सबसे बड़े ईवी बाज़ारों में शामिल करेगी बल्कि वैश्विक निर्यातक की श्रेणी में भी मजबूती से खड़ा करेगी।**

**अमित शर्मा**

कभी पूरी तरह से आयात पर निर्भर रहने वाला भारत आज बैटरियों, इलेक्ट्रिक वाहनों और हाइब्रिड तकनीक का ग्लोबल एक्सपोर्टर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। गुजरात के हंसलपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मारुति सुजुकी की पहली बैटरी इलेक्ट्रिक एसयूवी ई-विटारा का उद्घाटन और देश में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड उत्पादन की शुरुआत का शुभारंभ इस दिशा में बड़ा कदम है। यह आत्मनिर्भरता और स्वदेशी तकनीकी क्षमताओं के विकास में बड़ा बदलाव है जो वाकई 'मेक इन इंडिया' से 'मेक फॉर द वर्ल्ड' की यात्रा को और सशक्त बनाने वाला है। ईवी के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, आने वाले वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था, रोजगार और निर्यात पर गहरा प्रभाव डालेगी।

2014 के बाद से नरेंद्र मोदी सरकार ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को केवल पर्यावरणीय मजबूरी के रूप में नहीं देखा बल्कि इसे औद्योगिक आत्मनिर्भरता और रोजगार निर्माण का एक बड़ा साधन बनाया। एक तरफ फेम-इंडिया जैसी योजनाओं ने ईवी अपनाने को बढ़ावा दिया तो उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन स्कीम ने बैटरी और कंपोनेंट निर्माण के लिए भारी निवेश आकर्षित किया। 2025 तक भारत सरकार का लक्ष्य है कि ईवी बिक्री का हिस्सा कुल वाहन बिक्री में 30प्रतिशत तक पहुंचे। अभी भारत में लगभग 25 लाख से अधिक ईवी सड़क पर हैं और पिछले साल की तुलना में इस क्षेत्र में 40प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है।

अब जब भारत में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड मैन्युफैक्चरिंग शुरू हो चुकी है तो इसके परिणाम केवल औद्योगिक उत्पादन तक सीमित नहीं रहेंगे। पहले भारत लिथियम-आयन सेल्स और बैटरियों के लिए लगभग 90प्रतिशत आयात चीन और दक्षिण कोरिया से करता था जिससे विदेशी मुद्रा पर दबाव और सप्लाई चेन की असुरक्षा बनी रहती थी। गुजरात में शुरू हुई इस पहल से भारत आयात-निर्भरता को घटाकर न केवल आत्मनिर्भर बनेगा बल्कि 'नेट एक्सपोर्टर' की स्थिति तक पहुंच सकेगा। आज चीन दुनिया का सबसे बड़ा ईवी निर्यातक है, जिसने 2024 में करीब 5.2 मिलियन ईवी निर्यात किए। यूरोप, विशेषकर जर्मनी और फ्रांस, ने भी ईवी उत्पादन और बैटरी तकनीक में भारी निवेश किया है। भारत की स्थिति अभी शुरुआती है लेकिन इसकी खासियत 'किफ़ायती ईवी मॉडल' और 'बड़े घरेलू बाज़ार' में है। अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि भारत अपनी उत्पादन क्षमता को 2030 तक 10 मिलियन यूनिट्स वार्षिक तक ले जाने में कामयब रहा तो वह चीन और यूरोप के बाद तीसरा सबसे बड़ा ईवी निर्यातक बन सकता है। मोदी सरकार इस दिशा में तेजी से कदम उठाती नजर आ रही है।

ईवी इंडस्ट्री केवल उत्पादन तक सीमित नहीं है। इसमें डिजाइन, रिसर्च, सॉफ्टवेयर, बैटरी तकनीक, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और आफ्टर-सेल्स सर्विस जैसे अनेक क्षेत्र शामिल हैं। नीति




आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में ईवी सेक्टर 2030 तक लगभग 1 करोड़ नौकरियों के सीधे और अप्रत्यक्ष अवसर पैदा कर सकता है। 'स्किल इंडिया' मिशन के तहत खासतौर पर बैटरी प्रबंधन, चार्जिंग स्टेशन तकनीशियन और ईवी रिपेयरिंग में युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इससे न केवल रोजगार बढ़ेगा बल्कि तकनीकी दक्षता भी विकसित होगी, जिससे भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूती आएगी।

भारत सरकार और राज्य सरकारें मिलकर कई जगह 'ईवी इंडस्ट्रियल क्लस्टर्स' विकसित कर रही हैं। तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात और उत्तर प्रदेश में पहले से ही ईवी हब बनने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इन क्लस्टर्स में बैटरी निर्माण, वाहन असेंबली, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और रिसर्च-डेवलपमेंट को एक ही जगह इकट्ठा किया जा रहा है। इस मॉडल से लागत घटेगी, सप्लाई चेन तेज होगी और निर्यात की संभावना भी बढ़ेगी। चीन ने जिस 'ईवी क्लस्टर मॉडल' से सफलता पाई, उसी का भारतीय संस्करण अब आकार ले रहा है।

गुजरात में ईवी क्रांति की यह कहानी दरअसल 2012 में लिखी गई थी, जब नरेंद्र मोदी राज्य के मुख्यमंत्री थे। उस समय उन्होंने मारुति सुजुकी को हंसलपुर में जमीन अलॉट की थी। शुरुआत में यह फैसला आसान नहीं था। स्थानीय राजनीति, ज़मीन अधिग्रहण और औद्योगिक असहमति जैसी चुनौतियां थीं लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री मोदी ने उस समय औद्योगिक विकास को भविष्य की प्राथमिकता माना और निवेशकों को भरोसा दिलाया। परिणाम यह हुआ कि आज वही इलाका एक प्रमुख ऑटो हब के रूप में जाना जाता है और हजारों युवाओं को रोजगार मिल रहा है। उस निर्णय की दूरगामी सोच ने ही आज गुजरात को भारत का 'ईवी गेटवे' बना दिया है।

अब जब भारत के ईवी 100 से अधिक देशों में निर्यात के लिए तैयार हैं, तो यह केवल ऑटो इंडस्ट्री की सफलता नहीं है बल्कि यह 'ब्रांड इंडिया' की साख को भी वैश्विक स्तर पर मजबूत करेगा। अंतरराष्ट्रीय व्यापार विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि भारत आने वाले पांच सालों में अपनी ईवी निर्यात क्षमता को वार्षिक 50 बिलियन डॉलर तक ले जाता है तो यह अकेला सेक्टर ही भारत की जीडीपी में 1.5प्रतिशत अतिरिक्त योगदान दे सकता है। भारत की ईवी यात्रा केवल वाहनों तक सीमित नहीं है।

यह ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरणीय संतुलन, विदेशी मुद्रा बचत और औद्योगिक आत्मनिर्भरता की कहानी है। हाइब्रिड बैटरी प्लांट का उद्घाटन इस यात्रा का नया अध्याय है। आने वाले वर्षों में यह पहल भारत को न केवल दुनिया के सबसे बड़े ईवी बाज़ारों में शामिल करेगी बल्कि वैश्विक निर्यातक की श्रेणी में भी मजबूती से खड़ा करेगी। भारत आज जिस रास्ते पर चल पड़ा है, वह उसे 'आयात-निर्भर उपभोक्ता' से 'आत्मनिर्भर आपूर्तिकर्ता' बनाने की ओर ले जाएगा। जब आने वाले सालों में दुनिया के कई देशों की सड़कों पर 'मेड इन इंडिया' ईवी दौड़ेंगी तो यह केवल औद्योगिक उपलब्धि नहीं होगी बल्कि राष्ट्रीय गर्व और आर्थिक शक्ति की नई पहचान होगी।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कार्यक्षेत्र में विरोधी परेशान करेंगे। छाती व फेफड़ों में समस्या आ सकती है। दवाइयों के कारोबार से जुड़े लोगों के लिये दिन जबरदस्त है।

**वृषभ**
विनम्र व्यवहार के कारण व्यापारिक सम्बन्ध मजबूत होंगे। आज अव्यावहारिक निर्णय लेने से बचना चाहिये। पेट में जलन की शिकायत हो सकती है।

**मिथुन**
स्वादिष्ट भोजन व विलासी जीवनशैली का आनन्द लेंगे। पुराने लोन के कारण थोड़े चिन्तित होने की सम्भावना बन रही है। घर में विवाद हो सकता है।

**कर्क**
आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पुराने दोस्तों से मुलाकात होने की सम्भावना बन रही है। व्यवसाय में सहयोगियों के माध्यम से धन लाभ हो सकता है।

**सिंह**
आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। शरीर में थकावट व ऊर्जा में कमी महसूस करेंगे। कुण्ठित यौन आकर्षण आपके काम में बाधा बन सकते हैं।

**कन्या**
नयी जॉब ढूँढ रहे लोगों को सफलता मिल सकती है। अनुभवी लोगों की राय से लाभ होगा। खर्चों पर नियन्त्रण पा लेंगे। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।

**तुला**
अपनी क्षमता से अधिक खर्च का बजट न बनायें। धन को लेकर परिवार में झगड़ा हो सकता है। आवश्यक न हो तो आज लम्बी यात्रा न ही करें।

**वृश्चिक**
वैवाहिक जीवन बेहद रोमान्टिक रहेगा। घर में प्रसन्नता का वातावरण रहने वाला है। आपके उदार व्यवहार की लोग प्रशंसा करेंगे।

**धनु**
व्यवसाय में वृद्धि के लिये निवेश कर सकते हैं। पुराने सम्पर्क से लाभ होगा। एकाग्रचित्त होकर अपने काम पर ध्यान दें। जीवनशैली में कुछ परिवर्तन आ सकते हैं।

**मकर**
राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। अधिकारी गण आपकी राय व विचारों के आधार पर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व कम होगा। कानूनी पचड़ों में घिरने की आशंका है। पुरूष जातकों की महिला सहकर्मियों से अनबन हो सकती है।

**मीन**
कारोबार में नये प्रयोग करना लाभकारी हो सकता है। पहले की गयी मेहनत का सुखद परिणाम प्राप्त होगा। प्रेम विवाह को परिवार की सहमति मिल सकती है।

# चुनाव को लेकर पदाधिकारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

## 6 से 10 सितंबर तक ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी कौशल कुमार के आदेश के आलोक में बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 की तैयारी के लिए दरभंगा जिलान्तर्गत सभी 10 (दस) विधान सभा क्षेत्रों के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सेक्टर पदाधिकारियों का 06 सितम्बर से 10 सितम्बर 2025 तक विधानसभा क्षेत्रों की बैठक-सह-प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन दरभंगा, समाहरणालय परिसर स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेदकर सभागार में किया



जाएगा। उन्होंने कहा कि बैठक-सह-प्रशिक्षण कार्यशाला का प्रमुख्य उद्देश्य ई.वी.एम./वी.वी.पैट संचालन, प्रशिक्षण एवं भेद्यता मानचित्रण से संबंधित प्रपत्रों के प्रारंभिक प्रतिवेदन की तैयारी से संबंधित प्रशिक्षित करना है। उन्होंने कहा कि 78-कुशेश्वरस्थान (अ.जा.) विधान सभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी एवं सेक्टर पदाधिकारी का प्रशिक्षण 06 सितम्बर को पूर्वाह्न 11:00 बजे, 79-गौड़ाबौराम विधान सभा के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी एवं सेक्टर पदाधिकारी का प्रशिक्षण अपराह्न 02:00 बजे से होगा। 07 सितम्बर को 80-बेनीपुर विधान सभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी एवं सेक्टर पदाधिकारी का प्रशिक्षण पूर्वाह्न 11:00 बजे से, 81-अलीनगर विधान सभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी एवं सेक्टर पदाधिकारी का प्रशिक्षण अपराह्न 02:00 बजे से होगा। 08 सितम्बर को 82-दरभंगा ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी एवं सेक्टर पदाधिकारी का प्रशिक्षण पूर्वाह्न 11:00 बजे 83-दरभंगा विधान सभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी एवं सेक्टर पदाधिकारी का प्रशिक्षण अपराह्न 02:00 बजे से होगा। 09 सितम्बर को 84-हायाघाट विधान सभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी एवं सेक्टर पदाधिकारी का प्रशिक्षण पूर्वाह्न 11:00 बजे से, 85-बहादुरपुर विधान सभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी एवं सेक्टर पदाधिकारी का प्रशिक्षण अपराह्न 02:00 बजे से होगा। 10 सितम्बर को 86-केवटी विधान सभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी एवं सेक्टर पदाधिकारी का प्रशिक्षण पूर्वाह्न 11:00 बजे से, 87-जाले विधान सभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी एवं सेक्टर पदाधिकारी का प्रशिक्षण अपराह्न 02:00 बजे से होगा।

## अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए एंबुलेंस कर्मी

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एंबुलेंस कर्मी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने से आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं ठप हो गई है। 102 एंबुलेंस कर्मचारी संघ के बैनर तले सभी एंबुलेंस कर्मियों ने सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। संघ के जिलाध्यक्ष रंजन कुमार के नेतृत्व में सदर अस्पताल परिसर में जारी है, जहां दर्जनों कर्मचारी धरने पर बैठे हुए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से अपनी तीन प्रमुख मांगों को लेकर प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। बार-बार मिले आश्वासन के बावजूद वेतन, सुविधा और मरम्मत व्यवस्था जैसी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। इस उपेक्षा के विरोध में उन्होंने सेवाएं ठप कर अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की है।संघ के अध्यक्ष रंजन कुमार ने अपनी तीन प्रमुख मांगें विस्तार से बताते हुए कहा कि श्रम अधिनियम के तहत वेतन और सुविधाएं कर्मचारियों को उनके कार्य के अनुसार उचित वेतन और अतिरिक्त कार्य का भुगतान मिलना चाहिए।

## एक नजर

### शिक्षक को दी गई श्रद्धांजलि

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विष्णुदेव नारायण उच्च विद्यालय तेयाय के शिक्षक व बरौनी फ्लैग निवासी पियूष कुमार के असामयिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। वे पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर प्रधानाध्यापक रामा रमण की अध्यक्षता में सोमवार को विद्यालय प्रांगण में आयोजित शोकसभा में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर शिक्षक ममता झा, मुकेश मिश्रा, सुजीत कुमार, संदीप कुमार, महादेव चौधरी, श्वेता रमन, शिवराम कुमार, गोपाल कुमार, शिम्पी, प्रियंका, रूपम आदि मौजूद थे।

### राजद के प्रखंड अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के मुरादपुर गांव में सोमवार को राजद के जिला महासचिव अर्जुन यादव के दरवाजे पर मोहम्मद हनान के अध्यक्षता में प्रखंडस्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें पिछले बैठक की संपुष्टि करते हुए बिहार में चल रहे मतदाता गहन पुनरीक्षण का अवलोकन किया एवं वर्तमान राजद के प्रखंडध्यक्ष मोहम्मद अफरोज का इस्तीफा पत्र पर विचार करते हुए स्वी.त कर पद से उनको मुक्त किया गया। जिसकी जानकारी देते हुए डक्टर सूरज यादव ने बताया कि अगली बैठक की तिथि 7 सितंबर को रखा गया है जिसमें राजद वीरपुर के प्रखंड अध्यक्ष और युवा प्रखंड अध्यक्ष के पद पर मनोनयन किया जाएगा। बैठक में वीरपुर के पूर्व जिला परिषद सदस्या सुल्ताना बेगम, विपिन पासवान, उमा शंकर यादव, शंभु कुमार चौरसिया, प्रमोद कुमार, अभिनव कुमार, रवि कुमार, रामेश्वर ठाकुर, कृष्णनंदन यादव समेत कई अन्य राजद कार्यकर्ता शामिल थे।

### नशे की हालत में गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने पहसारा से एक नशेड़ी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। प्रभारी थानाध्यक्ष विश्वजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार नशेड़ी पहसारा पश्चिमी पंचायत के वार्ड संख्या 03 का संतोष झा का पुत्र रोहित कुमार है। वह नशे की हालत में कर्पूरी स्मारक चौक पर उत्पात कर रहा था। इसकी सूचना ग्रामीण ने 112 पुलिस पदाधिकारी को दी। गश्ती पदाधिकारी उसे सूचना स्थल पर पहुंच कर हिरासत में ले लिया। ब्रेथ एनालाइजर से जांच के बाद शराब पीने की पुष्टि हुई। उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के तहत सूचना दर्ज कर उसे न्यायालय में उपस्थापित किया गया। इस गिरफ्तारी में एएस आई सुबोध कुमार तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### अपहृत किशोरी 38 दिनों बाद बरामद

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने स्थानीय पंचायत के वार्ड संख्या 12 से एक माह पूर्व अपहृत किशोरी को हरियाणा से बरामद किया है। प्रभारी थानाध्यक्ष विश्वजीत कुमार ने बताया कि अपहृता की माँ ने थाने में आवेदन देकर कांड संख्या 161/25, 22 जुलाई को दर्ज कराई थी। उसमें उसने बताया कि वह कालेज के लिए घर से निकली थी पर देर शाम तक वापस नहीं लौटी। तकनीकी साक्ष्य तथा मोबाइल लोकेशन के आधार पर उसे हरियाणा के फरीदाबाद में रहने का सुराग मिला। उसके आधार पर उसे उक्त स्थल पर से स्थानीय पुलिस की मदद से बरामद किया गया। बीएनएस 183 के तहत बयान दर्ज कराने न्यायालय में उपस्थापित किया गया। इस बरामद्गी में एसआई रंजीत कुमार तथा स्थानीय थाने के पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### पीड़ितों के पुनर्वास को लेकर प्रशासन सक्रिय

**शाहपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जवईनियां गांव में गंगा नदी के कटाव से बेघर हुए पीड़ित भूमिहीनों को पर्चा दिए जाने से संबंधित भूमि स्थल का अनुमंडल पदाधिकारी संजीत कुमार एवं शाहपुर अंचलाधिकारी ने निरीक्षण किया। जवईनियां गांव मे गंगा नदी कटाव से सबसे अधिक प्रभावित इलाका है। यहाँ के कई परिवार अपना घर-बार गंवाकर भूमिहीन हो चुके हैं। निरीक्षण के क्रम में एसडीओ एवं सीओ ने संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम संजीत कुमार ने कहा कि भूमिहीन पीड़ितों की सूची को अंतिम रूप देकर उन्हें शीघ्र ही पर्चा उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे सुरक्षित आवास और स्थायी ठिकाने का निर्माण कर सकें। स्थानीय ग्रामीणों ने अधिकारियों के इस कदम का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि उन्हें अब जल्द ही सरकारी जमीन पर पर्चा उपलब्ध कराया जाएगा और वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित जीवन जी सकेंगे। इस दौरान संबंधित कर्मचारी एवं अन्य कर्मी भी मौजूद रहे।

### माउंट लिट्रा में विश्व पोषण दिवस आयोजित

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में सोमवार को विश्व पोषण दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अभिभावकों के सम्मानपूर्ण स्वागत से हुई। नन्हे-मुन्नों ने रंग-बिरंगे परिधानों में आकर्षक फैंसी ड्रेस प्रस्तुति देकर सभी को पौष्टिक भोजन के महत्व से अवगत कराया। विद्यार्थियों ने संतुलित आहार पर लघु नाटिका प्रस्तुत की, जिसने सभी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का प्रेरक संदेश दिया। मधुर काव्य-पाठ के माध्यम से सब्जियों के महत्व को रोचक अंदाज में साझा किया गया। विद्यालय के निदेशक डा. मनीष देवा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए संतुलित और पोषक आहार अत्यंत आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों में न केवल जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि परिवारों को भी स्वस्थ खानपान अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। विद्यालय की प्राचार्या डा. शीतल ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में सभी को शुभाशीष प्रदान किए और पोषण व स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

## शिक्षकों ने काला दिवस मनाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नावकोठी।** प्रखंड के प्राइमरी, मिडिल एवं प्लस टू स्कूल में कार्यरत सभी कोटि के शिक्षकों ने एनपीएस के विरोध में काली पट्टी बांधकर सोमवार को काला दिवस (ब्लैक डे) मनाया। शिक्षकों ने अपने-अपने कार्य स्थल पर हाथों में काली पट्टी बांधकर कार्य का निष्पादन किया तथा सरकार के दोहरी नीति का विरोध किया। बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष साकेत सुमन ने बताया की संपूर्ण राष्ट्र में नेशनल ओल्ड पेंशन यूनियन के आह्वान पर शिक्षक सहित विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारी जो नई पेंशन योजना से अच्छादित है, वे सभी विरोध में आज काली पट्टी बांधकर आज के दिन को काला दिवस के रूप में मना रहे हैं। जब तक सरकार पुरानी पेंशन योजना को लागू नहीं करती हम लोग चरणबद्ध आंदोलन जारी रखेंगे। प्रखंड अध्यक्ष कन्हैया कुमार ने कहा कि एक ही सेवा संवर्ग के कर्मियों के साथ दोहरा मापदंड अपनाया गया है। एक तरफ राष्ट्र निर्माण में लगे शिक्षकों को एनपीएस के मकरजाल में फंसाया गया है। वहीं विधायक सांसद को ओपीएस सहित एक से अधिक पेंशन का लाभ लेने की खुली छुट दी गयी है। इसके अलावा शिक्षकों के विभिन्न मांग के तरफ सरकार का ध्यान आ.ष्ट कराने के लिए आज संपूर्ण प्रखंड के सभी शिक्षक अपनी एकजुट का प्रदर्शन करते हुए काली पट्टी बांधकर सरकार का विरोध किया है। इस अवसर पर साकेत कुमार, नंदन ठाकुर, शैलेश कुमार सुधाकर, संतोष कुमार, राजेश यादव, प्रवीण कुमार, ललन कुमार, धर्मशील कुमार आदि मौजूद थे।

## सड़क हादसे में एक की मौत, आधा दर्जन घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** लाखो थाना क्षेत्र स्थित पनसल्ला के सूरदासा ढाला के पास सोमवार को तीन गाड़ियों की जोरदार टक्कर हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में एक ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि करीब आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इनमें से तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक ट्रक का ब्रेक फेल हो गया। जिससे वह सामने चल रहे दूसरे ट्रक से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा चालक गाड़ी में फंस गया। कड़ी मशक्कत के बाद उसे निकाला गया। इसी बीच अररिया की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार चारपहिया वाहन भी ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में चारपहिया वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। उस पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को बेगूसराय सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की पहचान पटना जिले के रहने वाले सानू कुमार, जावेद इकबाल और निहाल हुसैन के रूप में हुई है। इसके अलावा ट्रक चालक बृजेश कुमार यादव और उसका उपचालक भी घायल हैं। मृतक ट्रक चालक की अब तक पहचान नहीं हो पाई है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है।

## मुख्य पार्षद ने नगर विकास मंत्री से मिलकर रखी विकास की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जिले में सोमवार को नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री जीवेश कुमार द्वारा आयोजित शिलान्यास, उद्घाटन और समीक्षा बैठक के दौरान नगर विकास व आवास मंत्री जिवेश कुमार से जगदीशपुर नगर पंचायत के मुख्य पार्षद संतोष कुमार यादव ने गुलदस्ता भेट करके नगर के विकास के लिए अपनी विभिन्न मांगे रखी है। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर चर्चा की। मुख्य पार्षद संतोष



कुमार यादव ने नगर विकास मंत्री को बताया कि जगदीशपुर नगर पंचायत एक ऐतिहासिक नगरी है यह 1857 के महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुँवर सिंह की जन्मभूमी है। नगर पंचायत जगदीशपुर मे स्थित बाबू वीर कुँवर सिंह किला मैदान का सम्पूर्ण सौन्दर्यीकरण कराने की बात कही, चुकी नगर पंचायत जगदीशपुर का सामरिक व व्यापारिक दृष्टिकोण से अलग महत्व है। किला मैदान मे प्रतिदिन औसतन तीन-चार सौ आम लोगो का आना-जाना लगा रहता है। सर्वांगीण विकास से जगदीशपुर नगर पंचायत एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो सकता है। सम्राट अशोक भवन निर्माण हेतु संबंधित विभाग से यथाशीघ्र अनापति प्रमाण पत्र प्राप्त कराने हेतु भी बात कही है ताकि यथाशीघ्र सम्राट अशोक भवन का भी निर्माण कराया जा सके। इसके साथ ही नगर पंचायत जगदीशपुर में नल जल योजना के आधे-अधूरे कार्य कराने के कारण कार्रवाई करने की मांग की है। मुख्य पार्षद ने भूमिहीन लोगों को भी आवास दिलाने हेतू प्रकिया आरंभ करने का अनुरोध किया। नगर विकास व आवास मंत्री ने मुख्य पार्षद को आश्वस्त दिया कि जगदीशपुर नपं के विकास के लिए वह अवश्य मदद करेंगे।

## मिथिला विश्वविद्यालय के कई कॉलेजों के प्राचार्य बदले

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय अंतर्गत सभी चार जिलों के अंगीभूत महाविद्यालयों में प्राचार्य बदले गये हैं। कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी के आदेश से शनिवार को कुलसचिव कार्यालय से जारी अधिसूचना के अनुसार कई प्रधानाचार्यों को स्थानांतरित किया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार डॉ सिद्धार्थ शंकर सिंह को मिल्लत कॉलेज, दरभंगा, डॉ शशि भूषण कुमार 'शशि को समस्तीपुर कॉलेज, समस्तीपुर, डॉ अनिल कुमार मंडल को आर के कॉलेज, मधुबनी, अंग्रेज़ी विभाग के एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ प्रभात रंजन कर्ण को जे एन कॉलेज, नेहरा में प्रोफ़ेसर इनचार्ज, डॉ नंद कुमार को सीएमजे कॉलेज, दोनवारीघाट खुटौना मधुबनी, डॉ धर्मराज राम को डॉ एलकेवीडी कॉलेज, ताजपुर समस्तीपुर, डॉ बीरेंद्र कुमार चौधरी को आरबी कॉलेज दलसिंहसराय, समस्तीपुर और प्रो अजय कुमार को एएनडी कॉलेज, शाहपुर पटोरी के साथ - साथ यूआर कॉलेज, रोसड़ा, समस्तीपुर के प्राचार्य का भी दायित्व सौंपा गया है।

## शौच गए किशोर की डूबकर मौत

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** फुलवरिया थाना क्षेत्र के नगर परिषद के वार्ड संख्या 15 स्थित तालाब में सोमवार सुबह एक किशोर की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान शोकहरा निवासी राम विलास महतो के 19 वर्षीय पुत्र घनश्याम कुमार के रूप में हुई है। बताया गया कि किशोर सुबह शौच के लिए तालाब के पास गया था जहां पैर फिसलने से वह पानी में गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही फुलवड़िया थाना पुलिस मौके पर पहुंची शव को पोस्टमार्टम हेतु बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया।

## एल एन मिथिला विश्वविद्यालय का खेल एवं सांस्कृतिक कैलेंडर जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के खेल एवं सांस्कृतिक विभाग द्वारा सत्र 2025-2026 का आधिकारिक कैलेंडर रविवार को कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने जारी किया। वार्षिक खेल कैलेंडर जारी करते हुए कुलपति ने कहा कि खेल केवल शारीरिक दक्षता का साधन नहीं हैं, बल्कि मानसिक सशक्तिकरण, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के विकास का भी माध्यम हैं। विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताएं छात्रों में टीम भावना, सहयोग और उत्कृष्टता की भावना को सुदृढ़ करती हैं। इस अवसर पर कुलपति ने सभी महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया कि वे आगामी प्रतियोगिताओं के लिए पूरी तैयारी सुनिश्चित करें। प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए आगे कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि वार्षिक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में खेल के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास में भी सहायक सिद्ध होंगी। इस मौके पर विश्वविद्यालय खेल पदाधिकारी अमृत कुमार झा ने कहा कि कुलपति के दूरदर्शी एवं कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में निरंतर प्रगति कर रहा है। ज़ोनल स्तर पर ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी विश्वविद्यालय के छात्र अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए जारी खेल कैलेंडर सभी महाविद्यालयों एवं विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगा। विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित करेगा कि सभी प्रतियोगिताएँ सुरक्षित, व्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हों। उन्होंने आयोजक महाविद्यालयों से आग्रह किया कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रतियोगिताओं का आयोजन करें, जिससे टीम गठन एवं चयन प्रक्रिया सुचारु तरीके से आगे बढ़ सके।

## डा. सिद्धार्थ ने प्रधानाचार्य का पद भार किया ग्रहण

**दरभंगा (नबिटा संवाददाता)।** एम.के.एस. कॉलेज, त्रिमुहान, चंदौना के प्राचार्य डा. सिद्धार्थ शंकर सिंह ने मिल्लत कॉलेज, दरभंगा के अतिरिक्त प्रभार के रूप में प्राचार्य के पद पर अपना योगदान दिया। उन्होंने प्रभारी प्रधानाचार्य प्रोफ़ेसर इफ्तेखार अहमद से प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकों एवं कर्मियों ने मिलकर उनका हार्दिक स्वागत किया। विदित हो कि डा. सिंह पूर्व में कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति रह चुके हैं। डॉक्टर सिंह ने सभी से पूर्ण सहयोग मिलने की अपेक्षा की एवं आशा व्यक्त की कि सभी लोग मिलकर छात्र हित में समर्पित होकर कार्य करेंगे।

## संस्कृत, संस्कृति एवं दायित्व के निर्वहन का होगा पूर्ण प्रयास : प्रो कृष्णकान्त

**दरभंगा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी के आदेश से निर्गत पत्र के आलोक में विश्वविद्यालय संस्कृत विभाग में नए अध्यक्ष के रूप में डॉ कृष्णकान्त झा ने योगदान किया। उन्होंने निवर्तमान अध्यक्ष डॉ घनश्याम महतो से पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वे एम एल एस कॉलेज, सरिसव-पाही में संस्कृत विभागाध्यक्ष थे। इस अवसर पर प्रो जीवानन्द झा, डॉ आर एन चौरसिया, डॉ ममता स्नेही, डॉ मोना शर्मा, डॉ शिवानन्द झा, डॉ प्रियंका राय, डॉ संजीत कुमार राम, डॉ प्रत्यूष नारायण, डॉ विमलेश कुमार चौधरी, मंजू अकेला, संदीप घोष, सदानंद विश्वास, मणिपुष्पक घोष, मौसमी आकुली, सम्पा नन्दी, अमित कुमार झा, योगेन्द्र पासवान, ब्यूटी कुमारी तथा उदय कुमार उद्देश आदि उपस्थित थे। नए विभागाध्यक्ष तथा निवर्तमान विभागाध्यक्ष को पाग एवं चादर से सम्मानित किया गया। डॉ कृष्णकान्त झा ने कहा कि संस्कृत, संस्कृति एवं दायित्व के संवर्धन हेतु मैं अपने स्तर से पूर्ण प्रयास करूंगा। हमारे लिए छात्रहित सर्वोपरि रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों एवं छात्र-छात्राओं के सहयोग से संस्कृत विभाग की गरिमा का संरक्षण एवं संवर्धन किया जाएगा। पीजी संस्कृत के पूर्व अध्यक्ष एवं सीएमबी कॉलेज, घोघरडीहा के प्रधानाचार्य प्रो जीवानन्द झा ने कहा कि हर व्यक्ति में अपने गुण होते हैं, जिनका सदुपयोग कर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए।

**कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू**

**पलामू जिला के किसान भाई/बहनों के लिए आवश्यक सूचना**

पलामू जिला के सभी किसान भाईयों/बहनों को सूचित करना है कि श्री अन्न (मिलेट फसल) योजना को बढ़ावा देने हेतु राज्य मेंझारखण्ड मिलेट मिशन योजना कार्यान्वित की जा रही है। योजना के तहत जिले में मिलेटफसलों की खेती करने वाले सभी किसानों को प्रति एकड़ 3000 रू0 (एक किसान को अधिकतम 5 एकड़ तक) की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। योजना का लाभ प्राप्त करन हेतु इच्छुक किसान अपने नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र पर जाकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

किसानों के लिए पात्रता मानदंड :–

1. वैसे किसान जो अपने खेत में मिलेट की खेती कर रहे हों।
2. जो किसान पट्टे की भूमि पर मिलेट की खेती कर रहे हों।
3. किसान झारखण्ड राज्य के स्थायी निवासी हों।
4. किसान के पास वैध आधार नम्बर हो।
5. किसान के पास वैध मोबाईल नम्बर हो।
6. किसान के पास वैध बैंक पासबुक हो।
7. न्यूनतम 10 डिसमिल से 5 एकड़ भूमि में मिलेट की खेती करने वाले किसान।

किसान पंजीकरण हेतु आवश्यक दस्तावेज

1. भूमि दस्तावेज।
2. मुखिया द्वारा सत्यापित वंशावली।
3. आधार कार्ड।
4. बैंक खाता पासबुक
5. बटाईदार के मामले में भूमि मालिक का अनापत्ति प्रमाण पत्र।

के साथ अपने नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र पर जाकर 30 अगस्त 2025 से पहले योजना के पोर्टल https://jhmm.jharkhand.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं।

जिला कृषि पदाधिकारी
पलामू

PR.NO.360938 Agriculture(25-26):D

**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।**
दूरभाष (मो0) सं0– (जिला भू–अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**
(3G Award के तहत् घोषित)
**Name of Project :-** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 **(Section-III)**
(पलामू जिला अन्तर्गत कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण।)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) (कि0मी0 147.450 भोगू से कि0मी0 196.870 शंखा तक पथ का 4 लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार संरचना/मकान/भूमि अर्जन की जा रही है। तद्नुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा/आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा–बैरिया, थाना–सदर मेदिनीनगर, थाना नं0–197
पत्रांक–**803 (F)**/भू0अ0, दिनांक–21.08.2025

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | बैरिया–197 | 73 | 42 | गै०मा० | टंकी | 0.000 | 1 | शंकर राम, पिता राजमुनी राम | |
| 2 | | 73 | 42 | गै०मा० | कुआं | 0.000 | 2 | उर्मिला कुंवर | |
| | | | | | कुल | **0.000** | | | |

नोट :– परियोजना निदेशक, भा०रा०रा०प्रा०, मेदिनीनगर के पत्रांक–1533, दिनांक–29.03.2025 द्वारा छुटे हुए संरचना का प्राक्कलन का मूल्यांकन तैयार कर उपलब्ध कराया गया था, जिसे कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के पत्रांक–574/अनु०, दिनांक–13.05.2025 द्वारा प्राक्कलन का मूल्यांकन को सत्यापित कर उपलब्ध कराया गया है, जिसके आधार पर **3G** प्रकाशन हेतु तैयार किया गया है।

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR 360923 Palamu(25-26)D

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस अधीक्षक ने दो दरोगा को किया निलंबित

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना में रविवार को देर संध्या एसपी डॉ. शौर्य सुमन ने थाना अभिलेखों एवं दैनिकी कांडों का गहन समीक्षा लगभग दो घंटा तक किया इस दौरान एसपी ने थाना परिसर के अभिलेखों की जांच की। उन्होंने (बताया कि इस दौरान कर्तव्यहीनता और लापरवाही बरतने के आरोप में सरिसवा 112 के दरोगा अखिलेश कुमार तथा थाना में कार्यरत दरोगा अरुण कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया )एसपी ने सख्त लहजे में कहा कि कानून-व्यवस्था में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हालांकि थाना परिसर के साफ सफाई तथा विधि व्यवस्था से संतुष्ट दिखे उन्होंने थाना के अन्य पुलिसकर्मियों को भी समय पर ड्यूटी करने, जनता की शिकायतों का तत्काल निवारण करने का निर्देश दिया समीक्षा के दौरान प्रभारी थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार समेत थाना में तैनात सभी पुलिस पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

### मध्यस्थता अभियान की मुहिम हुई तेज

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नालसा द्वारा संचालित नेशन फॉर मेडिएशन कैंपेन के तहत न्याय मंडल पश्चिमी चंपारण में लगभग 100 मामलों में पक्षकारों के बीच सुलह समझौता के आधार पर सफल मध्यस्थता अभी तक की गई। विभिन्न न्यायिक पदाधिकारियों के द्वारा इन सफल मध्यस्थता वादों में सुलहनीय आपराधिक मामले, वैवाहिक विवाद तथा बटवारा वाद से संबंधित मामले शामिल हैं। इधर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद नंदन सिंह ने मध्यस्थता कैंपेन के तहत और अधिक से अधिक मामलों में पक्षकारों के बीच सुलह समझौता कराने के साथ-साथ आगामी 13 सितंबर को आयोजित नेशनल लोक अदालत की सफलता को ले न्यायिक पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की। जिला जज ने कहा कि नेशन फॉर मेडिसिन कैंपेन तथा नेशनल लोक अदालत का लाभ से कोई भी पक्षकार वंचित न रहे इसका हमें पूरा ख्याल रखना होगा। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अमरेंद्र कुमार राज ने विभिन्न थानों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें न्यायालय द्वारा निर्गत नोटिस का सत प्रतिशत तमिल पक्षकारों को करने के लिए निर्देश दिया।

### बिजली चोरी का केस दर्ज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भंगहा थाना क्षेत्र मे बिजली चोरी करने के आरोप में केस दर्ज की गई है। जेई देव ऋषि ने आवेदन देकर सबेया के राम लखन ,सबिता देवी जयनारायण पर्वत राजकुमार प्रसाद वासुदेव हाजरा जयलाल पासवान लाल बहादुर हाजरा के खिलाफ केस दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

### घटिया नाला निर्माण को ले लोगों ने किया हंगामा

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टोला चपरिया पंचायत के रामपुरवा गांव में वार्ड नंबर 9 में घटिया नाला निर्माण को लेकर लोगों ने हंगामा करते हुए नाला निर्माण कार्य को रोक लगा दिया। वार्ड सदस्य विद्यावती देवी सचिव रविशंकर दुबे वार्ड प्रतिनिधि राजेंद्र शाह सुरेश शाह हरिशंकर दुबे दीपक राम कृष्णा राम सूरज राम आदि ग्रामीणों ने बताया कि रामपुरवा गांव वार्ड नं 9 में विनोद गिरि घर से लेकर रविशंकर दुबे का मकान तक नाला निर्माण का कार्य कराया जा रहा है जिसमें घटिया ईंट आदि सामग्री का का प्रयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत भाजपा नेता समृद्ध वर्मा से की। इधर शिकायत पर पहुंचे भाजपा नेता समृद्ध वर्मा ने जिला प्रशासन से शिकायत कर जांच कर अविलंब कारवाई करने की मांग की है।

### दहेज के लिए विवाहिता की पिटाई

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दो लाख रुपये दहेज के लिए ससुराल वालों ने मानपुर थाना क्षेत्र के डमरापुर निवासी बिट्टू राम की पत्नी सुनम देवी को मारपीट कर जख्मी कर दिया है। मामले में सुनम देवी ने अपने पति बिट्टू राम, सास सीता देवी, ससुर महेश राम के खिलाफ मानपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में सुनम देवी ने बताया है कि उसकी शादी वर्ष 2022 में बिट्टू राम से हुई। शादी में उसके पिता साठी थाना क्षेत्र के राय बरवा निवासी किशोर राम ससुराल वालों को उपहार स्वरूप दो लाख रुपये, कपड़ा, बर्तन व अन्य सामान देकर विदा किए। वह ससुराल में कुछ दिनों तक ठीक से रही। इसके बाद ससुराल वाले उसके साथ मारपीट करने लगे। दहेज में दो लाख रुपये की मांग करने लगे। विगत 27 अगस्त को वह अपने कमरे में थी। तभी आरोपित आए और उसकी स्त्री धन, आभूषण की मांग करने लगे। आभूषण देने से इनकार करने पर मारपीट कर उसे जख्मी कर दिए। इसके बाद उसने इसकी सूचना मायके वालों को दी। सूचना पर उसका भाई आया और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिकी के बाद पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

### दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को मिला बीमा का पैसा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस केंद्र के सभागार में सोमवार को जिला पुलिस बल के दो दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को बीमा की राशि की चेक दी गई। चंपारण क्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक हर किशोर राय व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन की मौजूदगी में बैंक ऑफ बड़ौदा के पदाधिकारियों ने सहायक अवर निरीक्षक स्व. सिमन हांसदा व सिपाही स्व. भगवान सिंह के स्वजनों को 20-20 लाख रुपये का चेक सौंपा। दोनों पुलिसकर्मियों का कुछ माह पूर्व असामयिक निधन हो गया था। सिमन हासदा की मौत बीमारी की वजह से हुई थी। उनके निधन के बाद पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई थी। इस अवसर पर डीआईजी ने कहा कि पुलिस बल की सबसे बड़ी पूंजी उसके जवान और अधिकारी होते हैं। उनकी असामयिक मृत्यु से जो कमी आती है, उसे पूरा तो नहीं किया जा सकता, लेकिन यह आर्थिक सहयोग उनके स्वजनों के जीवन-यापन और भविष्य को सुरक्षित करने में मददगार साबित होगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि हर संभव तरीके से पुलिस कर्मियों के स्वजनों को सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही विभागीय स्तर पर ऐसे बीमा योजनाओं को और मजबूती देने पर बल दिया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस महकमें और बैंक के कई पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

### तीन लाख नगद के साथ साइबर अपराधी गिरोह के सदस्य गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार के पश्चिमी चंपारण की बेतिया साइबर पुलिस की टीम ने सात साइबर अपराधियों को 3 लाख रुपये नगद के साथ गिरफ्तार किया है। साइबर डीएसपी गौतम शरण ओमी ने बताया कि गुप्त सुचना मिली कि कुछ साइबर अपराधी साइबर ठगी की नगद राशि को लेकर एक चार पहिया सलेटिया रंग का डिजायर गाडी एवं एक दो पाहिया गाडी के साथ मनुआपुल थाना क्षेत्र से गुजरने वाले है। उक्त सभी साइबर अपराधी के पास भारी मात्रा मे साईबर ठगी की नगद राशि है। उक्त सुचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन के निर्देशनुसार वरीय पुलिस उपाधीक्षक (साइबर क्राइम ) के नेतृत्व में बेतिया साइबर थाना के पुलिस पदाधिकारी/कर्मी की एक टीम गठन किया गया। गठित टीम द्वारा बेतिया साईबर थाना एवं मनुआपुल थाना के सहयोग से नवलपुर जानेवाले मुख्य सड़क चमनिया पुल के पास चेकिंग लगाया गया। कुछ देर बाद देखा गया कि एक चार पहिया सलेटिया रंग का डिजायर गाडी एवं एक दो पाहिया हिरो डिल्कश काफी तेजी से आ रहा है जिसे पुलिस बल के सहयोग से रोका गया। उक्त दोनों गाड़ियों में बैठे 07 व्यक्तियों के पास से कुल 3 लाख रुपये नगद पाए गए। गहनता से पूछताछ करने पर इनके द्वारा बताया गया कि भारत के विभिन्न राज्यों के लोगो से की गई साईबर ठगी की राशि को विभिन्न बैंको के एटीएम से निकाल सीएसपी संचालक को देते है जिसे सीएसपी संचालक इनके केन्द्रो पर आये ग्राहक जिन्हें नगद रूपयो कि जरूरत होती है को दे देते है। बदले में उतनी ही राशि ये सीएसपी संचालक उस ग्राहक से अपने बैक खाते में यूपीआई के माध्यम से डलवा लेते है। अपने खाते में प्राप्त इन पैसो से अपना कमिशन काट कर शेष पैसा ये अपने सहयोगी साईबर अपराधियों के बताये गये खाते पर भेज देते है। इन सभी 07 साइबर अपराधियों को 3 लाख रुपये नगद 08 मोबाइल ,04 एटीएम , 01 चारपहिया वाहन एवं 01 दो पहिया वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया है।गिरफ़्तार लोगो में आदर्श कुमार, पे.-धनालाल प्रसाद, सा.-पकड़िहा, थाना- शनिचरी, जिला- पं. चंपारण, बेतिया,प्रमोद कुमार, पे. -स्व. चन्द्रदेव साह, सा.-सिसवा, थाना-चौतरवा, जिला पं. चंपारण, बगहा, इमरान हुसैन, पे.-मो. साबिर, सा.-पटखौलि थाना-भौरोगंज, जिला-पं. चंपारण, बगहा, अबसार आलम, पे. औरंगजेब आलम, सा.-तेलपुर, थाना-लौरिया जिला-पं. चंपारण, बेतिया, अरशद अंसारी, पे.-रहमतउल्लाह अंसारी, सा.-भोलापुर खरहत, थाना-भौरोगंज जिला-पं. चंपारण,बगहा, परवेज आलम, पे.-मो. फिरोज, सा. तेलपुर, थाना-लौरिया, जिला पं. चंपारण, बेतिया एवं मो. कासिम, पे.-अताउल्लाह, सा.-मील बहुअरी, थाना-रामनगर जिला-पं. चंपारण, बगहा शामिल हैं।



# उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सांसद खेल महोत्सव का किया उद्घाटन

## समाज में खेल मोबाइल तक सीमित होकर रह गया है : अभिनेता नीतीश भारद्वाज

राजीव कुमार/नबिटा ब्यूरो

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)** शहर के गांधी मैदान में सोमवार को सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन महाभारत बी आर चोपड़ा निर्देशित महाभारत में श्रीकृष्ण की भूमिका निभाने वाले प्रसिद्ध अभिनेता व पूर्व सांसद नीतीश भारद्वाज, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री सह सांसद राधा मोहन सिंह, बिहार सरकार के गन्ना मंत्री कृष्णनंदन पासवान, विधायक प्रमोद कुमार, सुनील मणि तिवारी, श्याम बाबू यादव, पवन जायसवाल, लालबाबू गुप्ता, राज्य मछुआरा आयोग बिहार के अध्यक्ष ललन सहनी, नगर निगम मोतिहारी के उप महापौर डॉ लालबाबू प्रसाद एवं अन्य गणमान्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए सांसद सह पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव का आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के निर्देश पर सभी संसदीय क्षेत्रों में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन पूरे देश भर में किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य पंचायत स्तर एवं प्रखण्ड स्तर से लेकर जिला स्तर तक खेल प्रतियोगिता के मध्यम से खेल प्रतिभा को पहचान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया जाना है। वहीं अभिनेता नीतीश भारद्वाज ने खेल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज समाज में खेल मोबाइल तक सीमित होकर रह गया है। सर्वांगीण विकास के लिए बच्चों को घर से बाहर खेलने जाना बहुत जरूरी है। बच्चे घर में सीमित हो जाते हैं जिससे उनका मानसिक एवं सामाजिक विकास प्रभावित होता है। खेल एवं शारीरिक अभ्यास के लिए सभी माता-पिता को अपने बच्चों को प्रेरित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राधामोहन सिंह जी के द्वारा सांसद खेल महोत्सव खेल गतिविधियों के प्रोत्साहन के लिए एक सुनहरा अवसर है। इस प्रतियोगिता में युवाओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेना चाहिए। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी शुभम कुमार, विभिन्न खेल संघों के अध्यक्ष व सचिव, साज़िद रजा, रवि राज, जिवेश कुमार सिंह, भानु प्रकाश, अरविन्द कुमार, अरुण कुमार, अप्पु कुमार आदि के द्वारा सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर किया गया। धन्यवाद ज्ञापन जिला खेल पदाधिकारी शुभम कुमार के द्वारा किया



# मंत्री एवं सांसद ने रेड क्रॉस भवन में किया सामुदायिक भवन का शिलान्यास

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रेड क्रॉस भवन, बेतिया परिसर में पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री सह बेतिया विधायक रेणु देवी ने अपने द्वारा अनुशंसित सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मंत्री रेणु देवी ने कहा कि पीड़ित मानवता हेतु सेवारत रेड क्रॉस के कार्यों में सहयोग हेतु हमें तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने रेड क्रॉस के कार्यों की प्रशंसा की एवं जिलेवासियों से भी सहयोग की अपील की। मुख्य अतिथि सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने कहा कि रेड क्रॉस के नाम से ही मन में सेवा भाव की छवि प्रस्तुत हो जाती है। रेड क्रॉस बेतिया इस पहचान को कायम रखने तथा उसे और बेहतर बनाने की दिशा में अग्रसर है। रेड क्रॉस चेयरमैन डॉ. सुशील प्रसाद चौधरी, वाईस चेयरमैन विश्वनाथ झुनझुनवाला, सचिव डॉ. जगमोहन कुमार ने आगत अतिथियों का अंगवस्त्र, पुष्प गुच्छ और फूलमाला से स्वागत किया। रेड क्रॉस सदस्यों ने बेतिया विधायक की अनुशंसा एवं सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह भी बताया कि रेड क्रॉस की सेवा के और अधिक विस्तार हेतु संसाधनों की आवश्यकता है। इस भवन के माध्यम से मानवता की सेवा को और गति मिलेगी। मौके पर स्थानीय निगम पार्षद राज कुमार, रेड क्रॉस प्रबंध समिति सदस्य सैयद शकील अहमद, रेमी पीटर हेनरी, सत्येन्द्र शरण, डॉ. इंतेसारुल हक, अनुज कुमार, इरशाद अख्तर दुलारे, आजीवन सदस्य प्रदीप केशान, अरुण वर्णवाल, संदीप श्रीवास्तव, बिहारी लाल प्रसाद, ललन प्रसाद, पिंकी देवी, अर्चना कुशवाहा, आशीष कुमार गुप्ता, बिनोद कुमार, बबुआ जी, अनिल कुमार, समीर खान, स्वयंसेवक इमरान कुरैशी, बब्लू कुमार, राम कुमार, कर्मी रामरतन प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स की 26वीं कार्यकारिणी की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)** छोटा बरियारपुर स्थित रामसन प्लाजा होटल के सभागार में चेंबर अध्यक्ष अंगद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई. महासचिव आलोक कुमार ने गत बैठक के कार्यवाही की रिपोर्ट और गतिविधियों की रिपोर्ट सभा के समक्ष रखी. कोषाध्यक्ष अभिषेक लोहिया ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक की शुरूआत ट्रेड लाइसेंस शिविर की समीक्षा के साथ शुरू हुई सभी सदस्य ने एक सुर से ट्रेड लाइसेंस शिविर की सफलता का श्रेय टीम वर्क को दिया, सभा में यह भी तय हुआ इस कार्य को चैंबर हर साल अप्रैल मई में प्राथमिकता के साथ करेगा। निर्णय हुआ की नगर निगम के आयुक्त को एक धन्यवाद पत्र सहयोग के लिए दिया जाए। सदस्यता नवीनीकरण शुल्क वसूली की समीक्षा भी हुई ,सदस्यता वृद्धि की रिपोर्ट प्रभारी सदस्य के द्वारा दिया गया. अध्यक्ष अंगद सिंह ने जानकारी दी की मोतिहारी चैंबर आगामी सितंबर महीना में बीरगंज उद्योग एवं वाणिज्य परिषद के आग्रह पर व्यवसाय के बारीकियों को समझने के लिए वहां का दौरा करेगी,अपनी पुरी कार्यकारिणी सदस्यों के साथ.अध्यक्ष अंगद सिंह ने सभा को बताया चैंबर अपना निजी भवन बनाने के लिए दृढ़ निश्चय है इसके लिए जगह की पहचान हो गई है इसके लिए एक पांच सदस्यीय कमिटी का गठन किया गया। बैठक में पूर्व अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, संजय जायसवाल अनुपम जायसवाल, राजीव विजडम उपाध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव,संयोजक मनीष कुमार, कोषाध्यक्ष अभिषेक लोहिया उपसचिव अनिल बोहरा, कार्यकारिणी सदस्य राजीव जायसवाल, सत्यव्रत जायसवाल, चंदू मिश्रा, श्याम कुमार,अरविंद सर्राफ और अभिमन्यु कुमार भी उपस्थित रहे, विशिष्ट आमंत्रित सदस्य के रूप में विनय देवकुलियर, गोपाल जी, सुधीर गुप्ता और मनोहर कुमार की उपस्थिती रही,तालियों के साथ इनका स्वागत किया गया तथा परिचय कराया गया.सभा का धन्यवाद ज्ञापन रवि शेखर के द्वारा किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ बैठक स्थगन की घोषणा की गई. उक्त जानकारी महासचिव सह मीडिया प्रभारी श्री आलोक कुमार ने दिया ।



# बीईओ ने सभी सरकारी विद्यालयों के एच एम के बीच टैबलेट का किया वितरण

## प्राथमिक विद्यालय को दो, वही उच्चतर माध्यमिक को उपलब्ध कराए गए तीन टैबलेट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता।

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड संसाधन केंद्र में सोमवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सरोज कुमार सिंह ने प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं प्रधान शिक्षकों को आमंत्रित कर उनके बीच टैबलेट का वितरण किया। इस बारे में बीईओ श्री सिंह ने कहा कि प्राथमिक विद्यालय को दो टैबलेट और वही उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को तीन टैबलेट उपलब्ध कराया गया है। ताकि स्कूल में तकनीकी संसाधनों को मजबूत किया जा सके और शैक्षिक गतिविधियों की निगरानी की जा सके। जिससे विद्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता आए और शिक्षण पद्धति बेहतर हो सके। स्कूलों में इंटरनेट कनेक्टिविटी और अन्य तकनीकी संसाधनों को बेहतर बनाना, निगरानी और रिपोर्टिंग करना इसका मुख्य उद्देश्य है। कहा कि सभी एचएम को टैबलेट में सिम लगाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि विद्यालय की गतिविधियों, बच्चों की उपस्थिति और शैक्षिक प्रगति की निगरानी की जा सके एवं विभागीय कार्यों में तेजी लाने और विद्यालय संचालन में पारदर्शिता लाने में मदद मिल सके। टैबलेट के रखरखाव और सही उपयोग की जानकारी हेतु एचएम सहित शिक्षकों को प्रशिक्षण दिए जाने के संबंध में पूछे जाने पर बीईओ श्री सिंह ने कहा कि विभाग से दिशा - निर्देश प्राप्त होते ही इस बारे में आवश्यक जानकारी दी जायेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी टैबलेट का सुचारू रूप से संचालन होने के बाद डाटा की पहुंच अब विद्यालय स्तर से सीधे जिला और राज्य स्तर तक पहुंच सकेगा। मौके पर प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह, दयाशंकर पंडित, अरुण कुमार सुमन, संतोष कुमार, राजकिशोर प्रसाद, प्रधान शिक्षक कार्तिक कुमार, शिक्षक कुंदन कुमार, मुनीचंद प्रसाद, लेखापाल अखिलेश प्रसाद, डाटा इंट्री ऑपरेटर प्रकाश कुमार सहित सभी विद्यालय के एचएम मौजूद थे।



# संदिग्ध हालात में विवहिता की मौत, हत्या की आशंका, ससुराल पक्ष फरार

## मृत विवाहिता के पिता ने दर्ज करायी एफआईआर, लगाया दहेज को लेकर हत्या का आरोप

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के रोआरी में एक विवाहिता की मौत संदिग्ध स्थितियों में हो गयी है। मृतक की पहचान रोआरी गांव निवासी निक्कु पांडेय की पत्नी नेहा देवी (25 वर्ष) के रूप में की गयी । घटना रविवार देर शाम की है। घटना की सूचना पर शिकारपुर थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह सदल बल घटना स्थल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया की प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है गले पर निशान पाया गया है। हालांकि हत्या की वजहो का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। इधर मामले में मृतक के पिता और केहुनिया गांव निवासी टुनटुन मिश्र ने शिकारपुर थाना में एफआईआर दर्ज करायी है। एफआईआर में बताया है कि उनकी बेटी की शादी वर्ष 2015 में रोआरी निवासी निक्कु पांडेय से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष लगातार दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित कर रहे थे। 31 अगस्त की सुबह नेहा ने मायके फोन पर बात की थी, लेकिन शाम तक सूचना मिली कि उसकी मौत हो गई है। जब वे ससुराल पहुंचे तो बेटी का शव बिछावन पर पड़ा था और घर के सभी सदस्य मौके से फरार थे।

# पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएगी : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

## सभी मतदान केंद्रों के लिए बूथ स्तर एजेंट नियुक्त करें राजनीतिक दल

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पश्चिम चम्पारण में विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 की प्रगति को लेकर आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकरी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि 1 अगस्त 2025 को प्रकाशित प्रारूप निर्वाचक नामावली में जिले के कुल 25 लाख 69 हजार 614 मतदाता शामिल हैं, जिनमें लगभग 13 लाख 70 हजार पुरुष, 12 लाख महिला और 92 तृतीय लिंग के मतदाता हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के पूर्व निर्वाचक नामावली में दर्ज लगभग 1 लाख 91 हजार प्रारूप निर्वाचक नामावली में शामिल नहीं हो पाए हैं, जिनकी जानकारी विधानसभा स्तर पर सार्वजनिक की गई है। ऐसे मतदाताओं की सूची जिले के वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि दावे और आपत्तियों की अंतिम तिथि आज है। इसके बाद कोई भी नया दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। विशेष गहन पुनरीक्षण के क्रम में अबतक जिले में लगभग 30 हजार नए नाम जोड़ने (फॉर्म-6), 27 हजार नाम विलोपन (फॉर्म-7) और 11 हजार संशोधन (फॉर्म-8) के आवेदन प्राप्त हुए हैं। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को प्रपत्र 9/10/11/11क/11ख में प्राप्त दावे और आपत्तियों की सूची निरंतर उपलब्ध कराई गई हैं।

# आठ सूत्री मांगों को लेकर स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं कर्मी संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल हेतु बीडीओ को दिया आवेदन

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार प्रदेश स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मी संघ के आवाहन पर आठ सूत्री मांगो को लेकर एक सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चलें गयें हैं।प्रखंड अध्यक्ष सह जिला संचालक अमित कुमार गुडडू सहित स्वच्छता पर्यवेक्षक नितेश कुमार,अशोक कुमार, राकेश कुमार, पंकज कुमार,अशोक ठाकुर, पुरुषोत्तम कुमार के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी शिवजन्म राम को आवेदन दिया गया। आवेदन में स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मी द्वारा आज से स्वच्छता का कार्य पूर्ण रुप से बंद रखने की बात लिखी गयी हैं।संघ ने पर्यवेक्षक एवं कर्मियों पर सौतेलापन का आरोप लगाया हैं।आज की मंहगाई के समय में कर्मी को तीन हजार एवं पर्यवेक्षक को साढे. सात हजार मानदेय दिया जा रहा हैं।सरकार ने कर्मी एवं पर्यवेक्षक को अंशकालिक कर्मी मानकर अगस्त से मामूली बढ़त के तौर पर कर्मी को पाँच हजार एवं पर्यवेक्षक को नौ हजार की गयी हैं जो कि अनैतिक हैं।इसी लिए कर्मी एवं पर्यवेक्षक धरना हेतु गर्दनीबाग पटना में शामिल होंगे और सरकार से अपनी मांगो को मनवाकर लौटेंगे।आठ सूत्री मांग में स्वच्छता कर्मी एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक को अंशकालिक कर्मी नही माना जायें।स्वच्छता कर्मी का मानदेय कम से कम दस हजार एवं पर्यवेक्षक का मानदेय बीस हजार किया जायें।संविदा कर्मी का दर्जा देते हुयें स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं कर्मी का सेवा विस्तार साठ वर्ष किया जायें।सभी बकाया भुगतान अविलंब किया जाये।कार्य अवधि में मृत्यु होने पर आकस्मिक मृत्यु के लाभ के साथ-साथ उस परिवार के सदस्य का चयन किया जायें।

# नेशनल स्पोर्ट्स एकेडमी चैंपियन ट्राफी पर कब्जा

राजीव कुमार/नबिटा ब्यूरो

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)** नेशनल स्पोर्ट्स अकैडमी द्वारा मजुरहा वार्ड नंबर 32 मोतिहारी मेंआयोजित अंडर-19 बालक वर्ग में आदित्य राज एमएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल के छात्र ने अपने लिग के सभी मुकाबले जीतकर अपराजित रहकर चैंपियन बनकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया आदित्य ने पहले मुकाबले में शौर्यशुक्ला को दूसरे मुकाबले में शिवम कुमार दुबे को तीसरे मुकाबले में की सूरज को चौथे मुकाबले में श्लोक जायसवाल को पांचवें मुकाबले में हर्षित सोनी को एवं छठे मुकाबले में कार्तिक बोहरा को पराजित कर चैंपियन बना प्रतियोगिता में कार्तिक बोहरा को उपवविजेता अक्षय आनंद तीसरे स्थान पर किशु राज चौथे स्थान पर एवं राजकुमार पांचवें स्थान पर रहे प्रतियोगिता का उद्घाटन वरीय अधिवक्ता शंभू नारायण सिंह ने किया जबकि पुरस्कार वितरण पूर्वी चंपारण जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष धनंजय पांडे अंतरराष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त जिला के सबसे सीनियर खिलाड़ी रामचरण जी एवं शेर मोहम्मद जी संयुक्त रूप से सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया विजेता खिलाड़ियों के अलावा संदीप कुमार एवं सोनू सिंह को भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया श्री कश्यप ने बताया कि जिला में नेशनल स्पोर्ट्स अकैडमी है ऐसा एकेडमी है जिसमें विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के भी खिलाड़ी दिया है शतरंज के क्षेत्र में भी प्रत्येक महीने अकादमी के द्वारा मैच का आयोजन किया जाएगा साथ ही साथ अगले वर्ष तक कम से कम जिला को पांच नए रेटेड खिलाड़ी देने का लक्ष्य बनाया है इसके लिए खिलाड़ियों के अभिभावक विद्यालय के डायरेक्टर एवं स्पॉन्सर को आगे आने की भी बात कही है उन्होंने कहा कि चंपारण में खेल प्रतिभा की कमी नहीं है बस उन्हें सपोर्ट करने की आवश्यकता है उक्त जानकारी नेशनल स्पोर्ट्स अकादमी के संस्थापक सचिन दीपक कश्यप ने दी यह प्रतियोगिता दीपक कश्यप मजुरहा के नेशनल स्पोर्ट्स अकादमी में आयोजित की गई।



# जनता को पारदर्शी और निष्पक्ष सेवा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने सोमवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित सोमवारीय बैठक में पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में जिला प्रशासन का स्टैंड बिल्कुल साफ और सख्त है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि भ्रष्टाचारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। जिला पदाधिकारी ने कहा कि शासन और प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता जनता को पारदर्शी और निष्पक्ष सेवा उपलब्ध कराना है। इस प्रक्रिया में यदि कोई पदाधिकारी, कर्मचारी अथवा संवेदक गड़बड़ी करते हुए पकड़ा जाता है, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई तय है। उन्होंने यह भी कहा कि जिले के किसी भी स्तर के पदाधिकारी एवं कर्मी के विरुद्ध यदि साक्ष्य सहित शिकायत मिलती है तो तत्काल उसकी सूक्ष्म जांच करायी जाएगी और जांच में दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जायेगी। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी और निष्ठा के साथ करें। साथ ही अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों एवं कर्मियों की गतिविधि पर भी नजर रखें। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों में किसी प्रकार की अनियमितता या गड़बड़ी सामने आने पर संबंधित अधिकारी-कर्मी सीधे जिम्मेदार माने जाएंगे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देने की दिशा में सरकार और जिला प्रशासन दोनों प्रतिबद्ध हैं।

# योग्य व्यक्तियों को निर्वाचक सूची से जोड़ने व अयोग्य को हटाने में सहयोग की अपील

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की गई बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** समाहरणालय के सभा कक्ष में मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष एवं सचिवों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि इस पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत निर्वाचक सूची का प्रारूप 01 अगस्त 2025 को प्रकाशित किया गया था तथा दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने की अवधि 01 अगस्त से 01 सितंबर 2025 तक निर्धारित की गई थी। गृहवार गणना प्रपत्रों पर निर्णय तथा दावों और आपत्तियों का निष्पादन 25 सितंबर 2025 तक किया जाएगा और अंतिम निर्वाचक सूची का प्रकाशन 30 सितंबर 2025 को किया जाएगा। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि अब तक किसी भी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के बीएलए द्वारा बीएलओ को कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई है और न ही किसी दल के प्रतिनिधियों द्वारा ईआरओ, एईआरओ अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय को कोई आवेदन समर्पित किया गया है। सभी दलों के प्रतिनिधियों ने इस तथ्य की पुष्टि की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी बताया कि प्राप्त दावे एवं आपत्तियां केवल ऑनलाइन आवेदकों अथवा बीएलओ ऐप के माध्यम से ही दर्ज की गई हैं। 01 से 31 अगस्त तक प्राप्त दावे एवं आपत्तियों की विधानसभावार स्थिति पर चर्चा करते हुए बताया कि गोह विधानसभा में कुल 7581, ओबरा में 8880, नबीनगर में 5794, कुटुंबा (अजा) में 6576, औरंगाबाद में 8172 तथा रफीगंज में 7187 आवेदन प्राप्त हुए है। इस अवधि में कुल 34,394 प्रपत्र- 6 प्राप्त हुए हैं जिनमें 20,347 महिलाओं द्वारा भरे गए है। सभी विधानसभाओं से प्राप्त प्रपत्र-7 की संख्या 20,347 तथा प्रपत्र-8 की संख्या 2659 रही है और कुल मिलाकर 44,190 आवेदन दर्ज किए गए है। निर्वाचक सूची के प्रारूप प्रकाशन के उपरांत जिले में लिंगानुपात 907 से घटकर 881 तथा ईपी अनुपात 0.59 से घटकर 0.55 हो गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि प्राप्त आवेदनों के निष्पादन एवं मतदाता सूची में नाम जुड़ने के बाद ईआर अनुपात एवं जेंडर अनुपात में सुधार होगा। शतत अद्यतीकरण अवधि में भी छूटे हुए योग्य व्यक्तियों का नाम सूची में जोड़ने का कार्य जारी रहेगा। बैठक के अंत में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे मतदान केंद्रवार बीएलए की प्रतिनियुक्ति शीघ्र करें और योग्य व्यक्तियों का नाम निर्वाचक सूची में जोड़ने तथा अयोग्य व्यक्तियों का नाम सूची से हटाने में निर्वाचन आयोग का सहयोग करें।

# क्षेत्रवार भ्रमण कर वास्तविक मतदाताओं का करें सत्यापन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सदर के सभागार में बीएलओ सुपरवाइजरों के साथ सदर अनुमंडल पदाधिकारी सह औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी संतन कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित बीएलओ सुपरवाइजरों को आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के मद्देनजर मतदाता सूची से संबंधित सभी कार्यों को समयबद्ध और सटीक रूप से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अनुमंडल पदाधिकारी ने फार्म-6 (नए मतदाता का पंजीकरण), फार्म-7 (नाम विलोपन) तथा फार्म-8 (नाम, पता, आयु एवं अन्य विवरण संशोधन) के महत्व पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ सुपरवाइजर यह सुनिश्चित करें कि क्षेत्रवार भ्रमण कर वास्तविक मतदाताओं का सत्यापन किया जाए तथा पात्र मतदाताओं का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित हो। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की त्रुटि अथवा शिकायत प्राप्त होने पर उसका तत्परता से निवारण किया जाए और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से की जाए। बैठक में विशेष बल दिया गया कि प्रत्येक सुपरवाइजर अपने अधीनस्थ बीएलओ को निरंतर मार्गदर्शन देते हुए कार्य की नियमित प्रगति की समीक्षा करेंगे। साथ ही, यह भी कहा गया कि मतदाता सूची का अद्यतन कार्य निर्वाचन आयोग के मानकों एवं समयसीमा के अनुरूप ही किया जाए। सभी सुपरवाइजरों को निर्देशित किया गया कि वे निर्धारित प्रारूप में प्रतिवेदन प्रस्तुत करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के अंत में अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी बीएलओ सुपरवाइजरों से अपील की कि वे निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू एवं सफल बनाने में पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ योगदान दें।

## एक नजर

### कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर स्थल का मुआयना

**अंबा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी सात सितंबर को कुटुंबा विधानसभा में प्रस्तावित एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी को लेकर भाजपा एवं हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के नेताओं ने सोमवार को कार्यक्रम स्थल का मुआयना किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन चिल्हकी हाई स्कूल अंबा के मैदान में किया जाएगा। जिसमें बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इस मौके पर हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेक्युलर के राष्ट्रीय महासचिव सुनील चौबे, जिला अध्यक्ष रणधीर सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष प्रवीण कुमार, जीतू तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।

### रालोमो राष्ट्रीय अध्यक्ष पहुंचे ईटवां गांव

**हसपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के इटवां गांव में बीते दिन पूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद के 35 वर्षीय पुत्र जितेंद्र कुमार का निधन हो गया था।इसकी जानकारी जैसे ही राज्यसभा सांसद सह रालोमो राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा को मिली वे आज इटवां गांव में पूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद के घर पहुंचे और परिजन को दुख की घड़ी में धैर्य रखने की ढांढस बंधाया और उन्होंने दिवंगत के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर साथ में बसंत पटेल, मालती कुशवाहा, अंजली देवी, रिंकू सोनी, अजय कुशवाहा, कृष्ण कुमार उर्फ श्रीबाबू, प्रकाश सिंह,प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, चन्द्रभूषण वर्मा, विकास कुमार, विनोद कुमार सिन्हा, प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा, अशिवनी कुमार, रामबली सिंह,बिजेंद्र सिंह,श्रीकांत प्रसाद, रामजीत सिंह सहित दर्जनों समाजसेवी व पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विधवा महिला से मारपीट में देवर गिरफ्तार

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आपसी विवाद में मारपीट को लेकर एक आरोपी को जम्होर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के कर्मा गांव निवासी भीम शर्मा के रूप में की गई है। आरोप है कि अभियुक्त ने अपने विधवा भाभी के साथ मामूली बात को लेकर मारपीट की। घटना को लेकर दर्ज प्राथमिकी के आधार पर आरोपी देवर को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष राज किशोर प्रसाद ने कहा कि आपसी विवाद में एक विधवा महिला के साथ रविवार को मारपीट की गई थी जिसमें पकड़े गए आरोपी को आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### आर्म्स एक्ट के आरोपित सहित दो गिरफ्तार

**मखदुमपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जहानाबाद जिले के विसुनगंज थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के दो जगहों पर छापेमारी कर दो लोगो को गिरफ्तार किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष फूलचंद कुमार यादव ने बताया कि पुलिस ने शेरपुर गांव में छापेमारी कर लाल वारंटी मनसुल यादव को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि ये लम्बे समय से फरार चल रहे थे। जिन पर न्यायालय द्वारा स्थायी वारंट निर्गत किया गया था। साथ ही उन्होंने बताया कि तोतवा बिगहा गांव में छापेमारी कर पुलिस ने आर्म्स एक्ट में फरार चल रहे आरोपी बजरंगी कुमार को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि बजरंगी कुमार के विरुद्ध पूर्व में हथियार लहराते एवं गोली चलाने का मामला प्रकाश में आया था, जिसे लेकर उसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले में वह लंबे समय से फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि फरार दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया के बाद उन्हें जेल भेजा है।

### मारपीट में युवती गंभीर

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ओबरा थाना क्षेत्र के विशनपुरा गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पाटीदारों के बीच मारपीट की घटना घटी। इस घटना में एक युवती गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जख्मी युवती की पहचान उस गांव निवासी संजय चौधरी की पुत्री नीलम कुमारी के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि घर के पास ही नाली का निर्माण कराया जा रहा था। बगल में पाटीदार द्वारा गैर मजरूआ जमीन को अतिक्रमण कर घर का निर्माण कराया जा रहा था। जब कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर घर बनाने का विरोध किया तो पाटीदार द्वारा गाली-गलौज किया जाने लगा। जब नेहा ने गाली-गलौज का विरोध किया तो पाटीदार ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे नीलम गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घटना के बाद परिजनों ने जख्मी नेहा को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल रेफर कर दिया, फिलहाल घटना की सूचना ओबरा थाना की पुलिस को दी गई है।

### शिविर में रैयतों ने जमा किया प्रपत्र

**हसपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भूमि सुधार राजस्व महाअभियान के तहत प्रखंड के हसपुरा व ईटवां पंचायत भवन में सोमवार को शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रैयतों ने जमाबंदी, नामांतरण व उतराधिकार प्रपत्र जमा किया। बताया जाता है कि इसके पहले रैयतों को जमाबंदी, परिमार्जन तथा नामांतरण का प्रपत्र उपलब्ध करा दिया गया था। सीओ कौशल्या कुमारी ने कहा रैयतों से महाअभियान शिविर में खाता, प्लौट में सुधार करने का प्रावधान तय किया गया है इसके साथ ही इच्छुक किसान वंशावली के आधार पर आपसी बंटवारा कर सकते हैं। शिविर का मुनेटरिंग कर रहे बीडीओ ने कहा रैयतों को किसी तरह कि असुविधा नहीं हो जिसे लेकिन अंचल कर्मी , प्रखंड कर्मी के अलावा विकास मित्र प्रियंका कुमारी , ग्राम कचहरी के सचिव विकास कुमार, प्रपत्र जमा करने में सहयोग कर रहे हैं। महा अभियान शिविर कार्य में लगे जीबोध कुमार, राजस्व कर्मी विनय कुमार,विवेक देव, मुखिया राकेश कुमार,अक्षय कुमार,स्वच्छता कोडिनेटर प्रियंका कुमारी, चिन्ता कुमारी, सुनैना कुमारी, सूर्यकांति कुमारी ने बताया कि शिविर में ग्रामवार अलग-अलग काउंटर बनाया गया है।

# डीएम ने सुनी समस्याएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने अपने कार्यकाय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए कुल 15 परिवादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदनों में जन वितरण प्रणाली दुकानदार द्वारा राशन नहीं देना, समरसेबल मोटर लगाने, अतिक्रमण हटाने, दाखिल-खारिज, भूमि कब्जा, नल-जल योजना, अनुकंपा बहाली, आशा बहाली में अनियमितता, सड़क, नाली एवं गली निर्माण जैसी जनहित की अनेक समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। जनता दरबार में रसलपुर गांव निवासी रामाशीष विश्वकर्मा ने जन वितरण प्रणाली अंतर्गत अगस्त माह तक गल्ला नहीं मिलने की शिकायत दर्ज की। रसलपुर निवासी संत बिलास सिंह ने भी इसी विषय से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया। वहीं रफीगंज प्रखंड के सुखदेव प्रसाद ने मौजा अब्दुलपुर, थाना-रफीगंज अंतर्गत भूमि विवाद से संबंधित मामले में बिक्री पर रोक लगाने का अनुरोध किया। सीपी सिकिरिवाल ने नवनिर्मित भवन में समरसेबल मोटर की स्थापना की मांग रखी। इसके अलावा कई अन्य परिवादियों ने भी गांव और कस्बों की सड़क, नाली, पुल और नल-जल आपूर्ति व्यवस्था की मरम्मत एवं सुधार संबंधी समस्याएं रखीं।

# चुनाव की तैयारियों व पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** रफीगंज प्रखंड स्थित बहुउद्देशीय भवन में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (रफीगंज विधानसभा) सह उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी एवं चिन्हित बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों तथा संक्षिप्त गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान मतदान केंद्रों पर उपलब्ध न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की स्थिति पर चर्चा की गई और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से भेद्यता मानचित्रण पर विशेष बल दिया गया तथा इस संबंध में सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने मतदाता सूची के लिंगानुपात को संतुलित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए अधिकारियों को नियमित क्षेत्र भ्रमण कर अधिक से अधिक नये महिला मतदाताओं का नामांकन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही आदर्श आचार संहिता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा की गईं और सभी को इसके पूर्ण अनुपालन के प्रति सजग रहने को कहा गया। बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अनन्या सिंह ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी और सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सतर्कता, निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ करें। इस अवसर पर डायरेक्टर एनईपी ओम राजपूत, प्रखंड विकास पदाधिकारी रफीगंज, थानाध्यक्ष रफीगंज सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे।

# असमानता और विसंगति पर शिक्षकों में दिखा आक्रोश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिले के घोषी प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को शाम 4:00 बजे के बाद स्थानीय उच्च विद्यालय घोषी के प्रांगण में बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ (गोप गुट) मूल शाखा घोषी का बैठक प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष ने शिक्षकों की समस्या, संगठन के सुदृढ़ीकरण एवं आंदोलनात्मक कार्य पर विस्तार से बातें रखी। बैठक में संघ के प्रखंड सचिव राम रतन कुमार ने शिक्षकों की समस्या निदान हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा संघ से वार्ता के लिए तिथि एवं समय का निर्धारण नहीं करने के कारण उनको कड़ी आलोचना करते हुए बैठक में इनके खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया। साथ ही उनके इस तानाशाही रवैया के खिलाफ क्रमबद्ध आंदोलन चलाने की बात कही गई। पूर्व में पदाधिकारी के साथ संघ की समझौत यथा- स्थानांतरित शिक्षकों का एलपीसी निर्गत जल्द से जल्द किया जाए, कालबद्ध प्रोन्नति हेतु वेतन निर्धारण में व्यापक धांधली, विशिष्ट विकलांग शिक्षकों का यात्रा भत्ता का भुगतान करने, सेवा पुस्त जिला कार्यालय में कई महीनो से जमा है, उसका निष्पादन करने, सभी प्रकार के बकाया का वेतन भुगतान करने, विशिष्ट -2 उर्तीण शिक्षकों का प्रमाण पत्र वितरण करने, 34540 शिक्षकों का कालवद्ध प्रोन्नति एवं एमएएसपी का बकाया वेतन, शेष शिक्षकों को कालबद्ध प्रोन्नति देने, टीआरई- 3 में नियुक्त शिक्षकों को वेतन भुगतान करने तथा उच्च न्यायालय एवं विभागीय आदेश का अनुपालन नहीं करने, शिक्षकों पर दंडात्मक कार्रवाई वेतन बंद एवं निलंबन की कार्रवाई, कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप शिक्षक नेताओं ने लगाया। वही सरकार द्वारा पुरानी पेंशन लागू नहीं करने के खिलाफ एनएमओपीएस के बैनर तले 5 सितंबर को जिला कार्यालय के समीप धरना एवं उपवास करने, 12 सितंबर को जिला मुख्यालय पर मशाल जुलूस निकालने एवं 14 सितंबर को पटना में पेंशन महा रैली में 1000 शिक्षक तथा कर्मचारियों को ले चलने का लक्ष्य रखा। बैठक में बतौर पर्यवेक्षक जिला सचिव सत्येंद्र कुमार के अलावे मोहम्मद जनरल इरशाद, रंजीत कुमार भारती, सुशील कुमार, अजय कुमार, मनोज कुमार प्रभाकर, मोहम्मद परवेज आलम, नीरज कुमार, सुभाष कुमार आजाद, मुकेश कुमार राम रतन कुमार, विनोद कुमार, संतोष कुमार, धर्मेंद्र कुमार रविदास, जयशंकर कुमार, सरवन कुमार शिक्षक नेता उपस्थित रहे।

# क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** 1500 सौ शाला जश्न ईद मिलादुन्नबी के उपलक्ष्य मे सुन्नी दावत इस्लामी रफीगंज के सौजन्य से सीरतुन्नबी क्विज प्रतियोगिता आयोजन हेवेंस ब्लॉसम स्कूल में परीक्षा संपन्न हुआ। जिस में रफीगंज के सभी स्कूलों मदरसे मकतब के छात्र और छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता कराने का उद्देश्य था कि नए नौजवान नस्लों में मोहम्मद सल्ललाहों की सीरत का हकीकी इल्म आम हो जाए ताकि वह अपनी जिंदगी हुजूर की सीरत के मुताबिक गुजार सके। इस कॉम्पटीशन में लगभग 300 छात्र और छात्राओं ने भाग लिया। मुबल्लिग सुन्नी दावत इस्लामी डॉ आबिद नूरी, डॉ आदिल नूरी, साजिद नूरी, महफूज नूरी ने खूब मेहनत किया क्विज का प्रश्न तबरेज नूरी बेहतर तरीके से तैयार किया इन के साथ राजू नूरी मकसूद आलम सरवर नूरी हाफिज आदिल डॉ अशरफ नसीम गुलशन भाई मौलाना नकीब आलम हाफिज अल्ताफ रजा नूरी ने सीरत उन नबी क्विज कंटेस्ट को कामयाब बनाया इस कॉम्पटीशन का इनाम वितरण समारोह होगा। क्विज कंटेस्ट में शामिल होने वाले छात्र और छात्राओं को पुरस्कारों से दिया जाएगा और उनके साथ ही नूरी एजुकेशनल एंड सोशल वेल्फ़ेयर सोसाइटी रफीगंज के सौजन्य से फ्री मेडिकल कैम्प का भी आयोजित किया जाना है।

# वैज्ञानिकों की टीम ने लम्पी बीमारी की जांच के लिए लिया ब्लड सेंपल



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** प्रखंड मखदुमपुर के पंचायत भैंख, ग्राम लोहगढ़ तथा प्रखंड काको के पंचायत डेढ़सैया, ग्राम धरमपुर में पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, पटना से आये वैज्ञानिकों की टीम द्वारा लम्पी त्वचा रोग सदृश्य बीमारी से ग्रस्त गौ-वंशीय पशुओं का ब्लड सीरम एवं अन्य नमूने संग्रहित किए गए। ये नमूने रोग की पुष्टि हेतु संस्थान, पटना को भेजे गए हैं। उल्लेखनीय है कि गत कुछ दिनों से जिले के विभिन्न हिस्सों से पशुपालकों द्वारा दूरभाष पर इस रोग सदृश्य बीमारी की सूचना प्राप्त हो रही थी। प्राप्त सूचना के आलोक में जिलान्तर्गत पदस्थापित पशु चिकित्सकों एवं मोबाइल वेटनरी यूनिट की टीम द्वारा लगातार शिविर आयोजित कर रोगग्रस्त पशुओं का उपचार, बचाव संबंधी जागरूकता एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे थे। वैज्ञानिक दल में डॉ. निभा कुमारी, डॉ. अनामिका कुमारी, डॉ. रणवीर कुमार एवं डॉ. मनोज कुमार सम्मिलित थे। इनके साथ जिलान्तर्गत भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारीगण एवं मोबाइल वेटनरी यूनिट, जहानाबाद ने संयुक्त प्रयास से कुल 35 नमूने संग्रहित कर निदेशक, पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, पटना को प्रेषित किए।

# भाई के प्रति अटूट प्रेम और श्रद्धा का पर्व है कर्मा पूजा

## भाई की कुशलता और लंबी उम्र की कामना को लेकर बहने रखती हैं कर्मा का व्रत

डा. रंजीत कुमार
भारतीय/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**जहानाबाद।** भाइयों के समृद्धि एवं लंबी उम्र की कामना लिए बहनें कल कठिन उपवास के साथ कर्मा का व्रत रखेंगी। भाई के प्रति बहनों के स्नेह एवं प्रेम का प्रतीक माने जाने वाला कर्मा पूजा का बिहार में विशेष महत्व माना जाता है। भाद्र मास शुक्ल पक्ष एकादशी के दिन बहनें दिन भर उपवास कर शाम में झार और कुश जमीन में लगाकर करम गोसाई की पूजा कर बहनें अपने भाइयों के लिए कुशल स्वास्थ्य एवं लंबी उम्र के साथ-साथ खुशहाली की कामना करती है। इस दौरान पूरी रात जाकर लड़कियां, शादीशुदा स्त्रियों के साथ मिलकर परंपरागत रूप से झूमर नृत्य भी करती हैं।कर्मा पूजा के समाप्ति के बाद अगले दिन कर्म की डाली को नदी या जलाशय में प्रवाहित करने के बाद गुड़, चना खीरा एवं दूसरे फल प्रसाद के रूप में ग्रहण करने के बाद अपना व्रत खोलती हैं। इस दौरान बहनें अपने भाइयों के कलाइयों पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके दीर्घायु जीवन और खुशहाली की कामना करती हैं।

ऐसी परम्परा रही है कि बहनें पूजा का थाली सजाकर करम देव की पूजा करती हैं। पूजा के समय बहनें अपने भाई की सुख- समृद्धि और उन्नति के लिए प्रार्थना करती हैं। पूजा के बाद, करमा और धरमा की पौराणिक कथाएं सुनाई जाती हैं, जिसमें अच्छे कर्म करने का महत्व और उसके फल को समझाया जाता है। शादीशुदा महिलाएं इस पर्व को अपने मायके में मनाती हैं, जो इस त्योहार की अनूठी पहचान है। शादीशुदा स्त्रियों के लिए यह पर्व ससुराल के साथ उसके मायके से गहरा संबंध भी जोड़ता है।

**स्नेह और प्रकृति का पर्व है कर्मा**

कर्मा पर्व मानव के प्रकृति के साथ जुड़ाव को प्रदर्शित करता है, साथ ही इस पर्व में भाई-बहन के प्रेम और स्नेह की छाप देखने को मिलती है। विवाहित महिलाएं कर्मा पर्व करने के लिए अपने ससुराल से मायके खास रूप से आती हैं। कर्मा पूजा मानव जीवन का प्रकृति के साथ गहरा लगाव और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी दर्शाता है।

**कर्मा पर्व को लेकर बाजार में दिख रही रौनक**

कर्मा पूजा आज मंगलवार को नहाए खाए के साथ प्रारंभ हो जाएगा। बुधवार को महिलाएं पूरे दिन निर्जला- निराहार उपवास रखकर रात में कर्म गोसाई की पूजा कर केवल जल या शर्बत ग्रहण करेंगे। देखा जाए तो कर्मा को लेकर बाजार में सब्जी, फल आदि की मांग काफी बढ़ गई है। कर्मा पूजा पर खीरा का सबसे अधिक महत्व माना जाता है, लिहाजा खीरा अभी से?100 किलो तक बाजार में बिक रहा है। इस दौरान विभिन्न सब्जियों के दाम में भी तेजी देखने को मिल रहा है।

# राजनीति की काली कोठरी में बेदाग रही महामाया बाबू की काया : हरेन्द्र प्रताप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/एरलिंगटन (यूएस)।** आजादी की लड़ाई के अनसंग हीरो थे महामाया बाबू। एक विधायक वाली पार्टी के नेता होकर भी वे संयुक्त बिहार के पांचवें और पहले गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री बनने में सफल रहे थे। उनका जीवन त्याग एवं सादगी की मिसाल रहा। भारतीय राजनीति की काली कोठरी में बेदाग रही उनकी काया। ये विचार अमेरिका के बोस्टन में एरलिंगटन शहर में भारतीय समयानुसार 31 अगस्त को सम्पन्न बिहार महोत्सव के अंतर्गत धुरंधर सिंह मेमोरियल लेक्चर में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री महामाया प्रसाद सिन्हा के योगदान की चर्चा करते हुए मुख्य वक्ता हरेन्द्र प्रताप सिंह ने ऑनलाइन मायम से राजस्थान से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रकट किये। श्री प्रताप ने बताया कि महामाया बाबू अपने समय के बेहद लोकप्रिय नेता थे तथा महेश बाबू एवं के. बी. सहाय जैसे दिग्गज नेताओं को हराने में सफल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को उनसे नैतिक मूल्यों के गुण सीखने चाहिए। अमेरिका में इस कार्यक्रम के आयोजक परमित सिंह ने बताया कि बहुत सारे बुद्धिजीवियों की सलाह पर धुरंधर सिंह मेमोरियल लेक्चर में इस बार महामाया बाबू को मुख्य विषय बनाया गया। कार्यक्रम में महामाया बाबू पर आयोजित व्याख्यान के बाद कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों से आनलाइन मायम से कवियों ने भाग लिया। इसमें हिंदी कवियों में उत्तराखंड से राजर्षि अरूण, कर्नाटक से अनिता सिंह रूहानी, उत्तर प्रदेश से देवाशीष, बिहार से सुषमा एवं निभा झा और दिल्ली से प्रीतम मिश्रा ने भाग लिया। भोजपुरी कवयित्री के रूप में दिल्ली से कुमारी शुभम मिश्रा ने भाग लिया। सुश्री शुभम ने प्रख्यात कवि एवं गीतकार गोपाल सिंह नेपाली की एक लोकप्रिय रचना को भोजपुरी में सुनाया। मुख्य आयोजक परमित सिंह ने महामाया बाबू के साथ-साथ भारतीय रचनाकारों के योगदान की सराहना की। कवि गोष्ठी में भारत और विशेष रूप से बिहार विषयों पर रचनाओं के पाठ ने माहौल में गर्मी पैदा कर दी। बिहार की कवयित्री सुषमा ने जहां भारतवंशी पर कविता सुनाई, वहीं उत्तर प्रदेश से देवाशीष ने एनआरबी की व्याख्या करते हुए बिहार पर रचना सुनाई। कवयित्री निभा झा ने नालंदा से एक दिन लिखूंगी रचना में कहा कि अंततः जो रह जाता है, वह प्रेम है। राजर्षि अरुण, अनिता सिंह रूहानी और प्रीतम मिश्रा ने भी बेहद मार्मिक रचनाएं सुनाई। महोत्सव के दौरान बिहार के प्रमुख हिंदी दैनिक नवबिहार टाइम्स की चर्चा हुई और इस कार्यक्रम पर बनाये गये रिल्स में नवबिहार टाइम्स को शामिल किया गया।

**नवबिहार टाइम्स की भी हुई चर्चा**
**अमेरिका के बोस्टन में बिहार महोत्सव का अवसर**

## संक्षिप्त समाचार

### पिपरा के नये थानाध्यक्ष बने कलेंद्र

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा थाना के थानाध्यक्ष का तबादला हो गया है। नए थानाध्यक्ष के रूप में कैलेंद्र ने पदभार ग्रहण कर लिया है। वहीं पूर्व थानाध्य राम कुमार पाल की विदाई सामारोह का आयोजन किया गया।और नए थानाध्यक्ष कलेंद्र कुमार का स्वागत समारोह किया गया मौके पर,डीएसपी -2 कन्हैया कुमार सिंह, इंस्पेक्टर लालबाबू यादव ,पुनपुन थाना प्रभारी बेबी कुमारी , केवड़ा थाना प्रभारी संतोष कुमार ,पटना जिला ग्रामीण जिलाध्यक्ष अशोक सिंह ,ओम सिंह , पारथू पंचायत पूर्व मुखिया शंभु सिंह , अन्य सैकड़ों स्थानीय ग्रामीणों ने भावभीनी विदाई दिए ।

### धनरूआ में दरधा नदी में डूबने से एक की मौत

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के भखरी स्थित दरधा नदी में अचानक पैर फिसलने से नदी मे डुबने एक ब्यक्ति की मौत हो गई है।मृतक की पहचान रूदल यादव पिता सुवा यादव उम्र 42 है।स्थानीय लोगों ने बताया रूदल यादव अपने भैस चाराने के लिए बाधार में निकला था,जहाँ भैस नदी में चली गई और नदी पार होने लगे,वहीं रूदल यादव भी अपने भैस को बहार निकालने के नदी मे उतर गया जहां गहारे पानी में चले जाने से उसकी मौत हो गई है।हो हल्ला होने पर आसपास के लोग दौडे और उसे नदी से निकाला गया जहां उसकी मौत हो चुकी थी,पुलिस मामले की जांच मे जुटी।घटना के बाद परिजनों मे कोहराम मचा है।

### पलटी ई रिक्शा, तीन लोग हुए जख्मी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र की रजिस्ट्री कार्यालय मोड़ के पास सोमवार की दोपहर में एक ई रिक्शा पलटने से ई रिक्शा पर सवार तीन लोग जख्मी हो गए हैं: इसमें एक यात्री को ज्यादा चोटें आई हैं। दरअसल बताया जाता है कि कपूरी चौक से यात्री लेकर स्टेशन की ओर जा रहे थे, जहां मेंन रोड में जाम की स्थिति को देखते हुए रजिस्ट्री कार्यालय की ओर गांधी मैदान जाने की कोशिश करने लगे वहीं जैसे ही रजिस्ट्री कार्यालय से मुड़े वहीं पर एक अचानक बाइक आगे आ गया, जहां बाइक से टकराने से पहले वह ई रिक्शा को घुमाने के चक्कर वह पलटी खा गया, जिस पर सवार तीन लोग जख्मी हुए हैं जिसमें एक यात्री की ज्यादा चोटें आई है।ई रिक्शा पलटने के बाद आसपास के लोग दौड़े और ई रिक्शा को खड़ा किया ई रिक्शा पलटने से कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बनी रही।

### सड़क हादसे में जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया डोभी फोरलेन के पास पुनपुन थाना क्षेत्र के रसीलचक के पास बीते रविवार की देर रात सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप में जख्मी हो गया था, जिसे आनन फानन मे इलाज के लिए पीएमसीएच भेजा गया था। जहां इलाज के दौरान सोमवार की सुबह में इसकी मौत हो गई है। मृतक की पहचान मुकेश कुमार उम्र 30 वर्ष पिता स्वर्गीय चंदेश्वर विश्वकर्मा पोठही का रहने वाला है, जो पटना से अपने घर लौट रहा था, जहां किसी अज्ञात वाहन की ठोकर से वह सड़क के बैरियर से टकरा गया और गंभीर रूप में जख्मी हो गया था, पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया की जख्मी युवक का इलाज पीएमसीएच में चल रहा था, जिसकी मौत सुबह में इलाज के दौरान हो गई है।

### लापता अधेड़ का शव बरामद, मचा कोहराम

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अस्थावां थाना क्षेत्र के नोअवां गांव में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब ग्रामीणों ने छोटकी बांध, दौलुचक ठंड के पास एक शव देखा। शव की पहचान गांव के ही 58 वर्षीय राजाराम प्रसाद के रूप में हुई, जो लंबे समय से मानसिक बीमारी से ग्रसित थे। जानकारी के अनुसार, स्वर्गीय रामेश्वर सिंह के पुत्र राजाराम प्रसाद 26 अगस्त को शौच के लिए घर से निकले थे। इसके बाद वे वापस नहीं लौटे। परिवार ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। हताश परिजनों ने अस्थावां थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सूचना मिलते ही अस्थावां थाना प्रभारी राजमणि दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### आज से 9 सितंबर तक पीडीएस दुकानदारों की होगी सघन जांच

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने जन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्यव्यापी निरीक्षण अभियान की शुरूआत की है। इस संदर्भ में प्रधान सचिव पंकज कुमार ने सभी जिला पदाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि प्रत्येक जन वितरण प्रणाली दुकान का अनिवार्य रूप से निरीक्षण किया जाए ताकि पात्र लाभुकों को निर्धारित मात्रा एवं गुणवत्तायुक्त खाद्यान्न ससमय मिलना सुनिश्चित हो सके। मसौढी आनुमंडल के एडीएसओ रंजीत कुमार ने बताया की 2 सितम्बर से 9 सितम्बरे तक सभी जन वितरण प्रणाली दुकानों का क्रमवार और नियमित निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित बनाने के लिए मसौढी आनुमंडल के सभी प्रखंडों के आपूर्ति पदाधिकारियों को अपने संबंधित सभी जन वितरण प्रणाली दुकानों का पंचायतवार रोस्टर तैयार कर निरिक्षण करेंगे। इसके अंतर्गत सभी पदाधिकारियों को प्रतिदिन कम से कम दो पंचायतों की सभी दुकानों का निरीक्षण अनिवार्य होगा। निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लाभुकों को सरकार द्वारा निर्धारित खाद्यान्न की मात्रा और गुणवत्ता पूरी तरह उपलब्ध हो रही है या नहीं,वहीं इस पहल का मूल उद्देश्य खाद्यान्न वितरण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, प्रभावी और लाभुक केंद्रित बनाना है।

### पुरानी रंजिश में धनरूआ के नीमा में एक युवक को मारी गोली,पीएमसीएच रेफर,पुलिस जुटी जांच में

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनरूआ थाना क्षेत्र के नीमा गांव में सोमवार की शाम को अचानक दो गुटों में जमकर गोलीबारी होनी शुरू हो गई, जहां एक युवक को पीठ के पीछे पंजडे में गोली लगी है, जिसे आनंद-फानन में अनुमंडल अस्पताल मसौढ़ी लाया गया है और बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर किया गया है। जख्मी युवक का नाम रोहित कुमार उम्र 30 वर्ष पिता स्वर्गीय सिद्धनाथ शर्मा बताया जाता है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि पूरे मामले की छानबीन की जा रही है, पुरानी रंजिश मे यह घटना घटी है अभी फिलहाल घटना का स्पष्ट कारण नही जानकारी है। सूत्रों के मुताबिक दोनों गुटों के बीच दर्जनों राउंड फायरिंग हुई है। बताया जाता है की जख्मी राहुल कुमार शाम को अपने घर जा रहा था उसी समय गली में किसी युवक से किसी बात को लेकर झगड़ा झंझंट हो गया, उसी बीच वह हवाई फायरिंग की, जहां दूसरे गुट ने इस पर सामने आकर गोली चला दी जहां पर पीठ के पीछे पंजड़े में गोली लगी है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस दलबल के साथ पहुंची है जहां जख्मी युवक को सबसे पहले अनुमंडल अस्पताल लाई उसके बाद पीएमसीएच रेफर कर दी है। पुलिस नीमा गांव में पूरे मामले की छानबीन में जुटी है, एक बार फिर से नीमा गांव में फायरिंग के बाद सन्नाटा पसरा हुआ है।

# सुशासन का सार आपके द्वार, अभियान के तहत जदयू का मसौढी शहर में जनसंपर्क



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जदयू की ओर से 'सुशासन का सार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत सोमवार को मसौढी शहर में डोर टू डोर चलाया जा रहा है।कार्यक्रम में,रूबेल रविदास, अश्विनी उर्फ गोल्डी, सुनील कुमार वर्मा,कुमारी खुशबूरानी, सतिश कुमार सिंह,लालमोहन सिंह आदी शामिल रहे। रूबेल रविदास ने बताया की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना इस अभियान का उद्देश्य है। मसौढी शहर के मेन रोड,स्टेशन रोड,संगत पर,कपूरी चौक,पटेल नगर, गांधी मैदान,रहमतगंज से होते हुए अनुमंडल चौराहा आदी जगहों पर कैंपेन चलाया गया।इस अभियान में सरकारी योजनाओं से वंचित लोगों को लाभ दिलाने का प्रयास किया जाना है। कुमारी खुशबूरानी ने कहा कि आधी आबादी को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बड़ा योगदान है. अश्विनी गोल्डी कहा कि अब समय है कि प्रदेशभर में बूथ स्तर तक सघन अभियान चलाकर महिला सशक्तीकरण की दिशा में नीतीश सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को बुकलेट, हैंडबिल और स्टिकर के माध्यम से प्रत्येक महिला मतदाता तक पहुंचाया जाये. इस अभियान की सफलता के लिए गांव से लेकर शहर तक सरकार के बिस वर्षो के कार्यकाल की उपलब्धियों को जन जन पहुंचाना है। मुख्यमंत्री निरंतर जनता के हित में ऐतिहासिक निर्णय ले रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में वृद्धि एवं 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली की सुविधा से गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। इन जनहितकारी निर्णयों और उपलब्धियों को घर-घर, जन-जन तक पहुंचाया जाए।इस अभियान में जदयू विधानसभा प्रभारी संतोष चौधरी,राज्य अनुसूचित आयोग रुबेल रविदास,प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्ना चौधरी,पटना जिला प्रवक्ता राहुल पटेल,खुशबु रानी,चन्द्रकला सिंह, पूनम सिन्हा,लालमोहन सिंह, सिंकी सिन्हा,सुनील वर्मा,भोला कुमार, राहुल रजनी,एसके सुमन, पुष्पेंद्र पटेल,जयराज पटेल, सुजीत वर्मा, अभिषेक पटेल,नीरज टिल्लू, बिट्टू निशांत,अशोक शर्मा, राकेश, फूलचंद ठाकुर,वैद्यनाथ पासवान, अमित पटेल आदी शामिल रहे।

# आईटीसी होटल्स के साथ सहयोग में वेलकम होटल बोधगया का शुभारंभ

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कुमार इन्फ्राट्रेड एंटरप्राइजेज प्रा. लि. को गर्व है कि आईटीसी होटल्स के साथ सहयोग में वेलकमहोटल बोधगया का शुभारंभ किया गया। यह नया होटल विश्वस्तरीय आतिथ्य सेवाओं, पर्यावरणीय स्थिरता के उच्च मानकों और भारतीय परंपरा की आत्मीयता का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है। बोधगया, जो विश्वभर के यात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए एक प्रमुख आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र है, अब इस होटल के उद्घाटन के साथ एक नई पहचान हासिल करेगा। इस अवसर पर कुमार इन्फ्राट्रेड एंटरप्राइजेज प्रा.





लि. के प्रबंध निदेशक, श्री मनीष कुमार ने कहाः "वेलकमहोटल बोधगया का उद्घाटन हमारे लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। आईटीसी होटल्स के साथ हमारी साझेदारी हमें गर्व का अनुभव कराती है, क्योंकि इसके माध्यम से हम बोधगया जैसे पवित्र स्थल पर विश्वस्तरीय सुविधाएँ लेकर आ रहे हैं। हमें विश्वास है कि यह पहल न केवल क्षेत्रीय पर्यटन को गति देगी, बल्कि स्थानीय समुदाय के आर्थिक और सांस्कृतिक विकास में भी अहम योगदान करेगी।"

**भूसौला रिजवान हत्या कांड का खुलासा**

# भाभी और भाई ने मिलकर रची साजिश, देवर रिजवान की गोली मारकर हुई थी हत्या

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के फुलवारी शरीफ के भूसौला दानापुर में हुई मोहम्मद रिजवान की हत्या का खुलासा पुलिस ने चंद घंटे में कर दिया. पटना के सिटी एसपी भानु प्रताप ने प्रेस कांफ्रेंस करके बताया कि रिजवान की हत्या के लिए उसके बड़े भाई ने अपनी पत्नी यानी रिजवान की भौजाई को हथियार चलाने का बाकायदा प्रशिक्षण दिलाया. इसके बाद रिजवान की भौजी ने गोली मारकर उसका भेजा उड़ा दिया और उसे मौत के घाट उतार दिया. पुलिस ने घटना वाले दिन ही उसके भाई शहबाज को गिरफ्तार कर लिया था. मुख्य अभियुक्त मृतक की भाभी शबनम भी गिरफ्तार कर ली गई है. पुलिस ने हथियार बेचने वाले को भी गिरफ्तार किया है और हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया गया है. सिटी एसपी पश्चिमी भानु प्रताप सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 31 अगस्त की सुबह अपने ही घर में रिजवान कुरैशी को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया था. इस मामले में मृतक की पत्नी यासमीन खातुन के बयान पर प्राथमिकी दर्ज हुई और एसडीपीओ-1 के नेतृत्व में बनी विशेष टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों झ शहबाज कुरैशी, उसकी पत्नी शबनम खातुन और सैयद रजा झ को गिरफ्तार कर लिया. जांच में सामने आया कि रिजवान कुरैशी का अपनी भाभी शबनम खातुन से शादी से पहले से ही संबंध था. शादी के बाद रिजवान इस रिश्ते से पीछे हटना चाहता था लेकिन शबनम जबरदस्ती उसी रिश्ते को बनाए रखना चाहती थी. यह बात शहबाज कुरैशी को पहले से ही नागवार गुजर रही थी और उसने अपनी पत्नी को इस बार दबाव दिया और दोनों ने मिलकर रिजवान को रास्ते से हटाने की साजिश रच डाली.

# पुनपुन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को बृजुबिगहा शिफ्ट करने को लेकर विरोध प्रदर्शन, उपमुख्यमंत्री से लगाई गुहार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन बाजार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को बृजुबिगहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थानांतरित करने को लेकर एक बार फिर से गुस्सा पनप उठा है और स्थानीय लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अस्पताल परिसर में दर्जनों की संख्या में लोग धरना प्रदर्शन पर उतारू हो गए है। बीजेपी के प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पर सैकड़ों की संख्या में लोग एकजुट होकर इसका विरोध जताया है। आक्रोशित लोगों की माने तो पुनपुन बाजार में तकरीबन 15 पंचायत के लोग इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लाभान्वित होते हैं, इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को यहां से 10 किलोमीटर की दूरी पर बृजुबिगहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थानांतरित किया जा रहा है, जो पुनपुन वासियों के लिए बेहद ही परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी सार्वजनिक मंच से घोषणा की थी कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुनपुन पुनपुन बाजार में ही रहेगी यह कहीं दूसरे जगह शिफ्ट नहीं होगी, उपमुख्यमंत्री के दो बार घोषणा करने के बावजूद उनकी घोषणाओं पर अभी तक अमल नहीं किया गया है, नतीजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सारी सेवाएं धीरे-धीरे बंद कर दी जा रही हैं, सुनील कुमार ठाकुर ने बताया कि महज ओपीडी चल रही है इसके अलावा सभी तरह की सुविधा बिरजू बीघा में स्थानांतरित की जा रही है हम सबों ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से एक बार फिर से पत्र भेज कर गुहार लगाया है कि जल्द ही इस दिशा में कार्रवाई की जाएगी और इसके लिए फिर से महाआंदोलन चलाया जाएगा, धरना कार्यक्रम में कामेश्वर कुमार विश्वकर्मा, गौतम दुबे, राजेश सिंह, पप्पू कुमार, सरयू यादव, जगदीश सिंह, मयानंद ठाकुर, विजय यादव, मुखिया मुकेश कुमार, जूली देवी, राजकुमारी देवी, इंदु देवी समेत कई लोग शामिल रहे।



# सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित 5 दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत चला स्वच्छता अभियान

**नालंदा/पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो ।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा नालंदा के बिहारशरीफ स्थित श्रम कल्याण के मैदान में आयोजित ह्यविकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 सालह्न विषय पर 5 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान के तहत आज तीसरे दिन स्वच्छता अभियान चलाया गया। आज के स्वच्छता अभियान का नेतृत्व सीबीसी, पटना के क्षेत्रीय प्रचार पदाधिकारी प्रकाश कुमार सिंह, डाक अधीक्षक कुंदन कुमार, भारतीय डाक विभाग, बिहारशरीफ और प्रधानमन्त्री स्वच्छता पुरुस्कार से सम्मानित रिंकू कुमारी,नालंदा के द्वारा किया गया। आज के इस स्वच्छता के अभियान के तहत सी. बी. सी. के अधिकारी और कर्मचारी, भारतीय डाक विभाग के अधिकारी और कर्मचारी, प्रधानमन्त्री स्वच्छता पुरुस्कार से सम्मानित रिंकू कुमारी,नालंदा की टीम और जिला प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी द्वारा श्रम कल्याण मैदान और इसके आस पास के क्षेत्र का साफ-सफाई किया गया। तत्पश्चात, सी.बी.सी. द्वारा लगाए गए चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत आरम्भ करते हुए सी. बी. सी. के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी प्रकाश कुमार सिंह ने इस जगरूकता अभियान के मुख्य उद्देश्य - 'जन-जन जागरूकता और योजनाओं का निशुल्क सेवा' प्रदान करना हैं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रधानमन्त्री स्वच्छता पुरुस्कार सम्मानित रिंकू कुमारी ने लोगों से अपील की कि आप जहाँ भी रहते है वहाँ के आस-पास के जगह को साफ-सुथरा रखें ताकि आप स्वस्थ और सुंदर लग सके। माननीय प्रधानमन्त्री जी द्वारा चलाए जा रहे इस महा अभीयान का हिस्सा बनें और अपने देश को स्वस्थ्य और सुंदर बनाने में सशक्त भूमिका निभाए। कार्यक्रम के दौरान डाक अधीक्षक ने कहा कि डाक विभाग द्वारा सरकार की योजनाओं को घर - घर तक पहुँचाने के लिए अथक प्रयास किया जा रहा है जैसा की आप देख ही सकते है यहाँ पर विभिन्न कैंप लगाकर ऑन स्पॉट सुविधा प्रदान किया जा रहा है। इस 5 दिवसीय अभियान के तहत प्रतिदिन डाक विभाग द्वारा आधार सेवा, सुकन्या योजना, डाक बीमा योजना, स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुफ्त चिकित्तसा, आयुष्मान कार्ड, जीविका दीदी द्वारा जूट के समान का स्टॉल, रिंकू दिव्यांग फाउंडेशन आदि सेवा प्रदान की जा रही है।मौके पर, दिव्यांग बच्चे और अन्य छात्र-छात्राओं को सम्मानित और प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुधीर पांडे और धन्यवाद ज्ञापन सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अमरेंद्र मोहन द्वारा किया गया। मौके पर विभाग के अरविंद कुमार और विभागीय कलाकार व अन्य मौजूद रहे।



# इनर व्हील क्लब और स्वास्थ्य विभाग ने 183 छात्राओं को लगाई वैक्सीन

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला टीकाकरण अधिकारी, नालंदा और इनर व्हील क्लब ऑफ बिहार शरीफ के संयुक्त प्रयास से मंगला स्थान स्थित डैफोडिल पब्लिक स्कूल में छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर का टीका (एचपीवी वैक्सीन) लगाया गया। यह पहल जिले में कैंसर से बचाव के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान लगभग 183 छात्राओं को वैक्सीन दी गई। विशेषज्ञों के अनुसार सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में तेजी से फैलने वाली घातक बीमारी है, लेकिन समय पर वैक्सीन लगवाने से इससे 98% तक सुरक्षा मिलती है। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष रश्मि रानी ने कहा हमारा लक्ष्य है कि नालंदा की हर युवती सर्वाइकल कैंसर के खतरे और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक हो। हम सभी माता-पिता से अपील करते हैं कि अपनी बेटियों को वैक्सीन अवश्य दिलाएं। क्लब की पूर्व अध्यक्ष रचना दिनेश और मंजू प्रकाश ने भी छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया कि यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और महिलाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में बेहद प्रभावी है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. राजेंद्र चौधरी ने जानकारी दी कि अब तक जिले के 93 सरकारी व गैर-सरकारी स्कूलों में यह टीका लगाया जा चुका है। यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और आने वाले दिनों में इसे और अधिक स्कूलों तक पहुंचाया जाएगा। टीकाकरण अभियान के दौरान छात्राओं और अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला। सभी ने इस पहल को सराहा और कहा कि इससे नालंदा की बेटियां गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रहेंगी। इस मौके पर क्लब की सचिव कुमारी रश्मि, कोषाध्यक्ष सुनीता सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थे।




# ऐलोवेरा आयुर्वेदिक मेडिसिन एण्ड मम्यूनिटी बूस्टर : डॉ. सुनील कुमार दूबे

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रसिद्ध आयुवेर्दाचार्य, समाजसेवी एवं लंगरटोली स्थित दूबे क्लिनिक के निदेशक (गुप्त एवं यौन रोग विशेषज्ञ) डॉ. सुनील कुमार दूबे ने कहा है कि आयुर्वेद के अनुसार ऐलोवेरा शीतल, मीठा, कड़वा, मज्जा बढ़ाने वाला, कामोत्तेजक, कृमि नाशक, विष निवारक होता है। लिवर रोग, प्लीहा वृद्धि, त्वचा रोग, आँखों के रोग, पित्त रोग, पीलिया, पथरी व सौन्दर्य समस्याओं में इसका उपयोग लाभकारी है। ऐलोवेरा की फलियों की सब्जियाँ खाने से पेट के सभी विकार नष्ट होते हैं। इसके गुदे का हलुवा खाने से कब्ज व बवासीर की समस्या दूर होती है। डॉ. दूबे ने आगे कहा कि ऐलोवेरा के जूस के उपयोग से शारीरिक सूजन कम होती है। शरीर में सूजन के कारण फ्री-रैडिकल्स की वजह से ऑक्सीडेटिव डैमेज होता है, ऐलोवेरा में पर्याप्त मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट पाये जाते हैं। ये एंटी-ऑक्सीडेंट फ्री-रैडिकल्स की वजह से होने वाले डैमेज को रोकते हैं। ऐलोवेरा जूस ऑथार्राइटिस और रुमेटिज्म में भी काफी लाभदायक है। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. दूबे ने आगे कहा कि ऐलोवेरा को इम्युनिटी बूस्टर भी कहा जाता है। ऐलोवेरा की वजह से सेल्स में नाइट्रिक ऑक्साइड और साइटोकाइन्स उत्पनन होने लगते हैं। डॉ. दूबे ने आगे कहा कि जब ओरल हेल्थ की बात आती है, तो कई शोध से यह बात प्रमाणित हो चुकी है कि ऐलोवेरा टूथपेस्ट की तरह ही प्रभावी होता है। यह मुँह के घावों को ठीक करता है और मसूढ़ों को मॉइश्चराइज्ड रखता है। इससे मसूढ़ों की सूजन भी कम होती है। एण्टी-बैक्टीरियल गुणों के कारण कैविटी पैदा करने वाले कीटाणु दूर रहते हैं। इसका गाढा जेल त्वचा के लिए अत्यंत फायदेमंद माना जाता है। प्री-मैच्योर एजिंग की पहली निशानी झुर्रियाँ और फाइन लाइन्स होती है। ऐलोवेरा जेल चेहरे पर लगायें और फिर इसका जादू देखें। ऐलोवेरा की पत्तियों में बीटा कैरोटीन, विटामिन 'ए' और विटामिन 'इ' जैसे एंटी ऑक्सीडेंट होते हैं। यह सारी चीजें आपके त्वचा के टेक्सचर को अच्छा करती है। डॉ. दूबे ने आगे कहा कि ऐलोवेरा गुप्त एवं यौन रोगों में भी अत्यंत लाभदायक है। इसके अतिरिक्त महिलाओं में मासिक धर्म के चक्र को भी सामान्य बनाये रखता है।



# गार्गी शाखा ने राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल में कराया

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत विकास परिषद गार्गी दक्षिण बिहार से ( पूर्व क्षेत्र) गार्गी शाखा ने राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल में कराया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि प्रो अतुल आदित्य पाण्डेय सर जी पूर्व प्राचार्य पटना साइंस कॉलेज, हमारे विशिष्ट अतिथि डॉ राजेश कुमार शर्मा जी विवेकानंद, इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक , हमारे भारत विकास परिषद पूर्व क्षेत्र की क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीमती सुमन सिंह जी, क्षेत्रीय संगठन महासचिव डॉ बाल्मीकि कुमार जी, क्षेत्रीय महिला सहभागिता श्रीमती रेणु वार्ष्णेय जी, प्रांतीय महासचिव श्री मुकेश कुमार जी पत्नी सह, प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री अभिषेक कुमार जी,प्रांतीय संस्कार संयोजक एवं आज के कार्यक्रम के प्रवेक्षक श्री अजीत कुमार जी, महानगर सहभागिता डॉ मीनाक्षी स्वराज जी, हमारे शाखा के अभिभावक और मार्गदर्शक डॉ बाल कृष्ण सहाय जी, संस्कार सचिव श्री शशि भूषण तिवारी जी , संपर्क संयोजक डॉ संजय प्रताप सिंह राणा जी, डॉ अमोद कुमार जी, डॉ प्रणय कुमार जी, डॉ शिखा मिश्रा जी, शाखा अध्यक्षा श्रीमती अंबी चौबे जी, सचिव डॉ सत्य प्रकाश तिवारी जी , कोषाध्यक्ष श्रीमती इंदु सिंघानिया जी और शाखा के और भी सदस्य उपस्थित रहें। बच्चों ने एक से बढ़कर एक अपनी प्रस्तुति करी, सभी ने बहुत ही उत्तम प्रस्तुति करी। हमारे इस आयोजन में पटना के प्रसिद्ध 8 विद्यालयों ने भाग लिया। डी ए वी इंद्रपुरी, डी ए वी आर्य समाज रोड, डी ए वी खगौल, इंद्रापुरम पब्लिक स्कूल, जक्कनपुर साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल, विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल, लीड्स एशियन स्कूल और साउथपॉइंट पब्लिक स्कूल लोदीपुर ने भाग लिया। इन सभी स्कूलों में द्वितीय पुरस्कार इंद्रापुरम पब्लिक स्कूल को मिला और प्रथम पुरस्कार डी ए वी खगौल को मिलेगा। डी ए वी खगौल विद्यालय को 12 अक्टूबर को होने वाले प्रांतीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया।



# शहर में नहीं है एक भी यात्री शेड, लोगों को खुले में करना पड़ता है वाहनों का इंतजार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। शहर में नगर परिषद द्वारा किसी भी चौक-चौराहे पर यात्री शेड की व्यवस्था नहीं की गई है। यात्री शेड के अभाव में नागरिक इन दिनों सड़क किनारे खड़े रहकर वाहनों का इंतजार करते हैं। शहर के रमेश चौक, सदर अस्पताल, सब्जी मंडी, कारगिल चौक, जामा मस्जिद, सिन्हा कालेज मोड़, फारम, ओवरब्रिज से प्रतिदिन इ-रिक्शा व ऑटो से बैठकर यात्री विभिन्न स्थानों तक आवागमन करते हैं। अभी बारिश के दिनों में इन सभी यात्रियों को खुले में ही काफी देर तक खड़े रहने की मजबूरी बनी हुई है। यहां तक की गर्मी व



ठंड के समय में भी यात्री शेड के अभाव में लोगों को काफी परेशानी होती है। गर्मी में धूप में सड़क पर खड़े रहना पड़ता है। वहीं बारिश के दिनों भी यात्रियों को आसपास के दुकानों के शेड में शरण लेनी पड़ती है। जब कभी तो लोग सड़क पर घंटों खड़े रहते हैं ऐसे में लोग दुर्घटना का शिकार भी हो जाते हैं। इतना होने के बावजूद भी अधिकारियों का ध्यान यात्री शेड बनाने की ओर नहीं जा रहा है।

**पांच हजार से अधिक नियमित यात्रा करते हैं यात्री**

शहरी क्षेत्र में सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन डेली सर्विस के तौर पर चलाए जाते हैं। लगभग पांच हजार से ज्यादा नियमित यात्री ऑटो रिक्शा, साइकिल रिक्शा, इ रिक्शा, मैजिक और अन्य वाहनों से शहरी क्षेत्र में पांच से आठ किलोमीटर के बीच यात्रा करते हैं। रमेश चौक, ओवरब्रिज, फारम के समीप यात्री ऑटो रिक्शा के इंतजार में खड़े रहते हैं।

**बुजुर्ग और दिव्यांगों को होती है परेशानी**

यात्री शेड नही होने के कारण बुजर्गों और दिव्यांगों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। इन्हें सड़क किनारे खड़े होकर वाहन आने का इंतजार करना पड़ता है। यदि समय से वाहन न मिले तो उन्हें सड़क पर ही खड़े होकर वाहनों का इंतजार करना पड़ता है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर दो दिवसीय बैडमिटन टूर्नामेंट का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। शहर के इंडोर स्टेडियम में रोटरी क्लब औरंगाबाद द्वारा सोमवार को राष्ट्रीय खेल दिवस पर दो दिवसीय बैडमिटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन रोटरी क्लब प्रेसिडेंट अजीत चंद्रा, पास्ट प्रेसिडेंट सतीश कुमार सिह, नगर परिषद अध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता ने किया। खेल प्रतियोगिता में लड़की वर्ग के अंडर 13 रनर ब्यूटी कुमारी, विनर अंजलि र'ाकर, लड़का वर्ग अंडर 13 सिगल रनर गुंजन कुमार, विनर आदित्य रंजन, लड़का वर्ग अंडर 17 डबल रनर, मोनू और गुंजन, विनर आदिल और सुकृत शिवम, लड़का अंडर 17 सिगल रनर आदिल, विनर गुंजन, लड़का अंडर 19 सिगल रनर मोनू, विनर शोएब, ब्वॉयज अंडर 19 डबल रनर आदिल और सुक्रित शिवम, विनर शोएब और शान, मेंस सिगल रनर हर्ष, विनर रूपेश राज, मेंस डबल रनर सोनल सिह और आदित्य, विनर रूपेश राज और अभिषेक, 35 प्लस सिंगल रनर अमित आनंद, विनर अभिषेक, 35 प्लस डबल रनर जितेंद्र और रोहित, विनर अभिषेक और अजीत चंद्र रहे। इस मौके पर रोटरी क्लब के सचिव दीपक ठाकुर, लक्ष्मी गुप्ता, मरगूब आलम, सुनील सिह पप्पू, डा. राजीव, अजय राज, रौनक राज, अंशुल खेमका, गौरव अकेला, चंद्रशेखर सिह, नवीन सिन्हा, जीतेंद्र सिंह सहित मौजूद रहे।

## बाजार में जाम की समस्या से जूझ रहे नागरिक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। शहर में जाम की समस्या प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। जाम की समस्या से नागरिक जूझ रहे हैं। बाजार में जाम, बाईपास पर जाम जिधर देखिए जाम का नजारा दिख जाएगा। जाम के कारण आमजन की समस्या बढ़ गई है। ऐसा ही नजारा शहर के मुख्य बाजार में देखने को मिल रहा है। यहां जाम से लोग कराहते रहे। जाम के कारण यात्री एवं वाहन चालक परेशान रहे। तेज धूप व गर्मी होने के कारण परेशानी और बढ़ गई। जाम के कारण वाहनों की कतार लग गई जिससे नागरिकों को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। जाम में स्कूली बच्चे भी फंसे रहे जिस कारण छात्र-छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। नावाडीह मोड़ के पास यातायात पुलिस के जवान जाम को हटा रहे थे परंतु उनका कोई सुन नहीं रहा था। शाहपुर के दिनेश सिह, नावाडीह के विनोद सिह, बिट्टू सिह ने बताया कि बाजार में प्रतिदिन जाम लगती है। जाम के कारण न्यायालय, कलेक्ट्रेट जाना मुश्किल हो गया है। जाम का कारण शहर में फुटपाथी दुकानदारों के द्वारा अतिक्रमण है। अधिकारी जब कभी एक्शन में आते हैं अभियान चलाकर सड़क से अतिक्रमण हटाते हैं। अधिकारियों के सड़क से जाने के बाद पुनः फुटपाथी दुकानदार अपना कब्जा जमा लेते हैं।

## जहानाबाद का प्रखंड कृषि कार्यालय बना पशुओं का तबेला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। शहर के व्यस्त आबादी वाले काको रोड में बनाए गए सदर प्रखंड का कृषि भवन जो आरसीसी भवन जाने वाले रास्ते में पड़ता है कितने महत्वपूर्ण स्थान में बनाए गए प्रखंड कृषि कार्यालय भवन में कामगारों की जगह भैंस और पशुओं का जमावड़ा रहता है। दो मंजिला बनाए गए इस भवन में कृषि विभाग के कर्मियों की अनुपस्थिति के कारण कार्यालय में दिन में भी जाने में भय लगता है। कभी कभी ऊपर तल्ले के कमरों में कंप्यूटर ऑपरेटर सहित कुछ लिपिकीय वर्ग के कर्मी नजर आ जाते हैं। नीचे पूरे परिसर में जंगल, झाड़ी और घांस उगा रहता है। इसी घांस के लिए आवारा पशुओं के साथ कुछ आसपास के क्षेत्र से लोग जानबूझकर पशुओं को परिसर में बांधकर चले जाते हैं। पूरे परिसर में गंदगी, गोबर से स्पष्ट हो जाता है कि यहां अधिकारी भी कार्यालय निरीक्षण के लिए नहीं आते हैं। शहर के घनी आबादी के बीच बने इस कृषि कार्यालय का यह हश्र भी हो सकता है, यह अकल्पनीय भले है लेकिन यही इसकी सच्चाई है जिसे कार्यालय परिसर में आते ही देखा जा सकता है।

## समाज मे बढ़ रही विसंगतियों को रोकने के लिए मन पर नियंत्रण आवश्यक : संत विज्ञानदेव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दनियावां(पटना)**। ईश्वर का महान प्रसाद है मानव जीवन। हमारे भीतर अनन्त की शक्ति है, अनन्त आनन्द का श्रोत है। आत्मा के अंदर अन्तर्यात्मा रूप से ईश्वर ही विराजमान है। आवश्यकता है आध्यामिक ज्ञान की , स्वर्वेद सद्ज्ञान की, विहंगम योग के ध्यान की, जिसके आलोक में एक साधक का जीवन सर्वोन्मुखी विकास होता है।ये बातें दनियावां-हिलसा मार्ग पर अवस्थित रामबाबू हाई स्कूल हिलसा के मैदान में आयोजित विहंगम योग यात्रा के दौरान आयोजन प्रवचन कार्यक्रम में संत विज्ञानदेव महाराज ने स्वर्वेद कथा क्रम में कही।महाराज जी ने बताया कि आज मन पर नियंत्रण न होने से समाज में विसंगतियाँ बढ़ रहीं हैं। युनेस्को की एक प्रस्तावना कहती है कि युद्ध की प्राचीरें कुत्सित मन से निकलती हैं। अतः मन पर नियंत्रण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारे मन में असीम शक्ति है। ईश्वर ने हमें बड़ी शक्तियों वाला अन्तःकरण दिया है। मानव के मन में अशांति है और जब तक यह अशांति है तब तक विश्व में शांति की कल्पना नहीं की जा सकती। मन की अशांति को विहंगम योग की ध्यान साधना के द्वारा दूर किया जा सकता है। उन्होंने जय स्वर्वेद कथा के क्रम में कहा कि भारत की आत्मा का नाम अध्यात्म है। आध्यात्मिक महापुरुषों के बदौलत ही भारत विश्व गुरु रहा है, विश्वगुरु है और मैं कहता हूं भारत विश्व गुरु रहेगा। संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को विहंगम योग के क्रियात्मक योग साधना को सिखाया।

---

## न्यायालय गृह नियंत्रक-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी,छत्तरपुर,पलामू

ज्ञापांक– 1061 / दिनांक– 29.08.2025
विविध वाद ( Execution ) संख्या– 01 / 2025– 26

**नोटिस बनाम्**

1–मल्ला विजय प्रसाद पिता– स्व0 जोसेफ नायडु, प्रबंध निदेशक, मेसर्स वेलफेयर बिल्डिंग एण्ड स्टेट प्रा0 लि0, डूर नं0– 10–1–13 / 1,2,3 वेलफेयर कॉम्प्लेक्स, आरटीसी कॉम्प्लेक्स के पास, असिलमेट्टा, विशाखापटनम, आन्ध्र प्रदेश, पिन कोड– 530003

चूँ वजरीय इस नोटिस के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि Eviction Suit No- 01/2023-24 राधा साहुन वगैरह बनाम् मल्ला विजय प्रसाद में दिनांक– 17.01.2025 को आदेश पारित करते हुए 30 दिनो के अंदर मकान को खाली करने का आदेश दिया गया था। उक्त आदेश का आपके द्वारा अनुपालन नहीं करने के कारण प्रथम पक्ष के द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में विविध वाद (Execution) सं0– 01/2025-26 दायर किया गया, जिसमें सुनवाई हेतु तिथि दिनांक– 05.08.2025 को निर्धारित करते हुए आपको सीधे निबंधित डाक के माध्यम से नोटिस भेजा गया। उक्त नोटिस आपके द्वारा प्राप्त करने के उपरांत भी आप न्यायालय मे उपस्थित नहीं हुए। ज्ञात हो कि उक्त वाद में सुनवाई हेतु तिथि दिनांक– 12.09.2025 को समय 11:00 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित की गई है।

अतः आपको आदेश दिया जाता है कि उक्त निर्धारित तिथि को ससमय न्यायालय में उपस्थि होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा उक्त वाद में आदेश पारित करते हुए मकान को खाली कराने हेतु दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कर दी जायेगी।

आज दिनांक–29 / 08 / 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

इसे सख्त ताकिद जाने।

गृह नियंत्रक
–सह–
अनुमण्डल पदाधिकारी,छतरपुर, पलामू

PR 360879 District(25-26).D

---

## कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,पलामू
### पलामू समाहरणालय
### प्रपत्र VI 'क'
### झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अर्जन निदेशालय) या
समाहर्त्ता या समुचित सरकार
प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

**संख्या :–845 E भू0अ0** **पलामू, दिनांक :–29.08.2025**

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा–बानालात थाना सं0–152 थाना–चैनपुर, अंचल– चैनपुर, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना पलामू जिला अन्तर्गत **कुटी से हुटार भाया रामगढ़, (ब्लॉक हेड क्वॉटर) पथ (कुल लंबाई–24.100 कि0मी0) पथ का मजबूतीकरण और पुर्ननिर्माण कार्य परियोजना / प्रयोजन** हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा–बानालात थाना सं0–152, थाना–चैनपुर, अंचल–चैनपुर, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 8.721 एकड़ यानि 3.5293 हेक्टेयर मानक माप का भूखड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

ग्राम–बानालात, थाना सं0– 152 कुल रकबा–8.721 एकड़

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में ) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 1 | 1 | गै0मा0 | जंगल झाड़ी | 2.894 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 2 | 1 | 297 | गै0मा0 | जंगल झाड़ी | 2.725 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 3 | 1 | 299 | गै0मा0 | जंगल झाड़ी | 0.011 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 4 | 1 | 326 | गै0मा0 | जंगल झाड़ी | 2.031 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 5 | 13 | 328 | रैयती | – | 0.100 | रोअन मांझी पिता घासी मांझी | | | | |
| 6 | 4 | 329 | रैयती | – | 0.162 | 1. अमरनाथ मांझी पिता काई मांझी 2. लखन सिंह वगै0 3. विजयमल सिंह वगै0 | | | | |
| 7 | 1 | 332 | गै0मा0 | जंगल झाड़ी | 0.798 | झारखण्ड सरकार | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30 / 2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

PR 360891 Palamu(25-26).D

जिला भू–अर्जन, कानुनगो पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

---

## कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
### पलामू समाहरणालय
### प्रपत्र VI 'क'
### झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
### (भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिसूचना**
**(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–11 (1) के अधीन)**

**संख्या :–834 B भू0अ0,** **पलामू, दिनांक :–29.08.2025**

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा–लोहरसिमी, थाना सं0–93 थाना–चैनपुर, अंचल–चैनपुर, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना पलामू जिला अन्तर्गत **सलतुआ मोड़ (लोहरसिमी) ( MDR–127 पर) करसो–मतौली मोड़ (रंका–रमकण्डा पथ पर) कुल लम्बाई 21.110 कि0मी0) परियोजना निर्माण** हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा–लोहरसिमी, थाना सं0–93, थाना–चैनपुर, अंचल–चैनपुर, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 0.0110 एकड़ यानि 0. 0044 हेक्टेयर मानक माप का भूखड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

ग्राम–लोहरसिमी, थाना सं0– 93 कुल रकबा–0.0110 एकड़

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में ) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा(भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 72 | 433 | रैयती | धान–III | 0.0050 | विजय सिंह पिता इन्द्रदेव सिंह, विनोद सिंह वो अखिलेश सिंह पिता देवनन्दन सिंह | | | | |
| 2 | 124 | 421 | बकास्त | धान–III | 0.0060 | रामाधार साव पिता सीताराम साव, सच्चीदानन्द पाण्डेय, दिनेश शर्मा, बजरंगी पासवान, लालबहादुर साव, मुनी प्रसाद | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30 / 2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

**जिला भू–अर्जन, कानुनगो पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।**

PR.NO.360908 Palamu(25-26):D

---

## कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।
### पलामू समाहरणालय
### प्रपत्र VI 'क'
### झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू–अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिसूचना**
(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

**संख्या :–845 I भू0अ0,** **पलामू, दिनांक :–29.08.2025**

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा–सरहुआ थाना सं0–88 थाना–चैनपुर, अंचल–चैनपुर, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना पलामू जिला अन्तर्गत **कुटी से हुटार भाया रामगढ़, (ब्लॉक हेड क्वॉटर) पथ (कुल लंबाई–24.100 कि0मी0) पथ का मजबूतीकरण और पुर्ननिर्माण कार्य परियोजना / प्रयोजन** हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा–सरहुआ थाना सं0–88, थाना–चैनपुर, अंचल–चैनपुर, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 10.915 एकड़ यानि 4.4172 हेक्टेयर मानक माप का भूखड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

ग्राम–सरहुआ, थाना सं0– 88 कुल रकबा–10.915 एकड़

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में ) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2 | 85 | गै0मा0 | जंगल झाड़ी | 2.266 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 2 | 5 | 83 | रैयती | टाड़ | 0.248 | नेमन होरो पिता इलियाजार होरो | | | | |
| 3 | 2 | 82 | गै0मा0 | जंगल झाड़ी | 1.554 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 4 | 2 | 81 | गै0मा0 | जंगल झाड़ी | 0.344 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 5 | 2 | 88 | गै0 मा0 | जंगल झाड़ी | 0.191 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 6 | 2 | 225 | गै0 मा0 | जंगल झाड़ी | 0.952 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 7 | 3 | 141 | बकास्त | टाड़–2 | 0.164 | लोचन भईयां पिता जोखन भुईया | | | | |
| 8 | 3 | 138 | बकास्त | टाड़–2 | 0.007 | अनिरूद प्रसाद वो कामेश्वर प्रसाद वो राजेश्वर प्रसाद पिता गोपी साव | | | | |
| 9 | 3 | 135 | बकास्त | टाड़–2 | 0.047 | अनिरूद प्रसाद वो कामेश्वर प्रसाद वो राजेश्वर प्रसाद पिता गोपी साव | | | | |
| 10 | 25 | 163 | रैयती | टाड़–2 | 0.363 | फूलमति देवी पति रामदत साव | | | | |
| 11 | 3 | 169 | बकास्त | टाड़–2 | 0.091 | अज्ञात | | | | |
| 12 | 27 | 134 | रैयती | टाड़–2 | 0.028 | घुमा कोरवा पिता सलोकी कोरवा | | | | |
| 13 | 2 | 171 | गै0मा0 | जंगल झाड़ी | 0.134 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 14 | 41 | 121 | गै0आम | रास्ता | 0.004 | अनाबाद सर्व साधारण | | | | |
| 15 | 2 | 120 | गै0मा0 | जंगल झाड़ी | 0.253 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 16 | 2 | 394 | गै0मा0 | परती नाला | 0.016 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 17 | 2 | 393 | गै0 मा0 | परती पथल | 0.052 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 18 | 3 | 391 | बकास्त | टाड़ | 0.014 | जरहु कोरवा पिता कोलहाई कोरवा | | | | |
| 19 | 15 | 358 | रैयती | टाड़–2 | 0.024 | अज्ञात | | | | |
| 20 | 15 | 360 | रैयती | टाड़–2 | 0.109 | अज्ञात | | | | |
| 21 | 1 | 364 | रैयती | टाड़–1 | 0.504 | भोगता कोरवा पिता करमु कोरवा | | | | |
| 22 | 2 | 371 | गै0मा0 | परती पथल | 0.009 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 23 | 15 | 380 | रैयती | टाड़–3 | 0.028 | अज्ञात | | | | |
| 24 | 2 | 379 | गै0मा0 | – | 0.026 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 25 | 15 | 372 | रैयती | टाड़–3 | 0.131 | अज्ञात | | | | |
| 26 | 2 | 432 | गै0मा0 | जंगल | 0.100 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 27 | 2 | 377 | गै0मा0 | परती | 0.162 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 28 | 2 | 378 | गै0मा0 | – | 0.024 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 29 | 2 | 376 | गै0मा0 | जंगल झाड़ी | 0.398 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 30 | 2 | 424 | गै0मा0 | जंगल | 0.285 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 31 | 2 | 423 | गै0मा0 | परती नाला | 0.082 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 32 | 2 | 144 | गै0मा0 | – | 0.021 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 33 | 2 | 310 | गै0मा0 | जंगल | 2.284 | वन विभाग झारखण्ड सरकार | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30 / 2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

**जिला भू–अर्जन, कानुनगो पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।**

PR 360899 (Palamu) 25-26 (D)

---

## कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
### पलामू समाहरणालय
### प्रपत्र VI 'क'
### झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अर्जन निदेशालय) या
समाहर्त्ता या समुचित सरकार
प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

**संख्या :–845 K भू0अ0** **पलामू, दिनांक :–29.08.2025**

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा–हिसरा थाना सं0–89 थाना–चैनपुर, अंचल–चैनपुर, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना पलामू जिला अन्तर्गत **कुटी से हुटार भाया रामगढ़, (ब्लॉक हेड क्वॉटर) पथ (कुल लंबाई–24.100 कि0मी0) पथ का मजबूतीकरण और पुर्ननिर्माण कार्य परियोजना / प्रयोजन** हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा–हिसरा, थाना सं0–89, थाना–चैनपुर, अंचल–चैनपुर, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 6.917 एकड़ यानि 2.7992 हेक्टेयर मानक माप का भूखड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

ग्राम–हिसरा, थाना सं0– 89 कुल रकबा–6.917 एकड

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में ) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखड स0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 100 | 802 | गै0मा0 | जंगल झाड़ी | 0.203 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 2 | 100 | 553 | गै0मा0 | जंगल झाड़ी | 2.004 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 3 | 100 | 804 | गै0मा0 | जंगल झाड़ी | 0.055 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 4 | 100 | 562 | गै0मा0 | जंगल झाड़ी | 0.386 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 5 | 100 | 733 | गै0मा0 | जंगल झाड़ी | 1.755 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 6 | 60 | 684 | रैयती | – | 0.4140 | कईल महतो पिता रामखेलावन महतो | | | | |
| 7 | 100 | 682 | गै0मा0 | – | 0.0170 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 8 | 86 | 683 | रैयती | | 0.0810 | बैजनाथ महतो वो ललू महतो पिता डोभर महतो | | | | |
| 9 | 100 | 687 | गै0मा0 | | 0.0720 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 10 | 67 | 715 | रैयती | | 0.3000 | रामरतन महतो वो रामलखन महतो पिता जीतन महतो | | | | |
| 11 | 86 | 713 | रैयती | टाड़–2 | 0.3370 | अज्ञात | | | | |
| 12 | 100 | 714 | गै0मा0 | – | 0.0120 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 13 | 100 | 677 | गै0मा0 | – | 0.1050 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 14 | 100 | 717 | गै0मा0 | – | 0.0300 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 15 | 1 | 719 | रैयती | – | 0.559 | 1. रामलाल यादव वगै0 पिता देवनारायण यादव 2. बंधु यादव पिता रामवृक्ष यादव 3. कमलेश यादव पिता रामरतन यादव 4. जयमंगल यादव पिता रामरतन यादव 5. भरत यादव पिता रामरतन यादव | | | | |
| 16 | 101 | 722 | रैयती | – | 0.0450 | अज्ञात | | | | |
| 17 | 27 | 725 | रैयती | – | 0.2770 | 1. बंधु महतो पिता रामवृक्ष महतो 2. महाबीर महतो पिता बन्धु महतो | | | | |
| 18 | 27 | 726 | रैयती | – | 0.0940 | 1. बंधु महतो पिता रामवृक्ष महतो 2. महाबीर महतो पिता बन्धु महतो | | | | |
| 19 | 100 | 727 | गै0मा0 | | 0.0300 | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 20 | 100 | 728 | गै0मा0 | | 0.1410 | झारखण्ड सरकार | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30 / 2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

**PR 360901 Palamu(25-26).D**

**जिला भू–अर्जन, कानुनगो पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।**

# एनसीईआरटी स्थापना दिवस पर पूर्व सांसद ने अनुग्रह स्कूल के बच्चों को बांटे स्कूल बैग




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय के सभागार में एनसीईआरटी के 65वें फाउंडेशन डे के अवसर पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह , डीईओ सुरेंद्र कुमार, डीपीओ भोला कुमार कर्ण एवं विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने सभी पढ़ रहे बच्चों के बीच बिहार सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए स्कूल बैग वितरित किए।पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि सरकार के लिए शुरू से ही शिक्षा एक अहम एजेंडा रहा है। उन्होंने विद्यालय के निरन्तर एवं शानदार विकास के लिए हेडमास्टर उदय कुमार सिंह की सराहना की। उन्होंने एनसीईआरटी के स्थापना दिवस पर बच्चों के बीच शैक्षणिक सामग्री वितरित करने को अपना सौभाग्य बताया और कहा कि आज यह संस्था अपने श्रेष्ठतम स्वरूप में कार्य निष्पादित कर रहा है। आज शिक्षकों को प्रभावी तरीके से प्रशिक्षित किया जा रहा है एवं शोध की अनेकानेक अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अनुग्रह स्कूल के बच्चों के चेहरे पर दिख रहे आत्मविश्वास की एवं बच्चों के द्वारा ही कार्यक्रम को संचालित होने को बेहद प्रशंसनीय बताया।सरकारी स्कूलों में हुए बड़े बदलाव को सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया। अनुग्रह स्कूल में अगस्त माह के लिए टीचर ऑफ द मंथ के लिए चयनित मीना सिंह को पूर्व सांसद एवं डीईओ ने मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही अष्टम वर्ग के छात्र पार्थ को भी सिंगापुर एंड एशियन मैथेमेटिक्स ओलंपियाड में ब्रॉन्ज मेडल विजेता को भी सम्मानित किए।डीईओ सुरेंद्र कुमार ने कहा कि जिले के सभी स्कूलों में समय पर बैग्स, पाठयपुस्तक एवं अन्य शैक्षणिक सामग्रियां उपलब्ध करा दिया गया जिससे बच्चों का सशक्तिकरण हो रहा है।वितरण कार्यक्रमों में विद्यालय के स्थानीय जनप्रतिनिधि की भागीदारी को अच्छी पहल बताया एवं पूर्व सांसद के अनुग्रह स्कूल में आगमन के लिए उनके प्रति आभार जताया। स्कूली बैग वितरण कार्यक्रम में सुजीत कुमार सिंह उर्फ पीकू, वरिष्ठ नेता रविंदर कुमार सिंह,सूर्यपत सिंह, विनोद सिंह , प्रवक्ता मितेंद्र कुमार सिंह के साथ साथ स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मंजु कुमारी ने किया।बैग प्राप्ति के उपरांत बच्चे काफी हर्षित थे।

# माई-बहन योजना के नाम पर ठगी के मामले को पूर्व सांसद ने पकड़ा

## पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने जालसाजी से बचने की दी सलाह




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** ओबरा प्रखंड के कारा बाजार में माई बहन योजना के नाम पर हजारों महिलाओं से ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवा राजद के जिला उपाध्यक्ष फहीम अंसारी द्वारा महिलाओं को यह विश्वास दिलाया जा रहा था कि यदि वे राजद को वोट देंगी तो उन्हें ढाई हजार रुपये की राशि दी जाएगी। इसके लिए उनसे फॉर्म भरवाए जा रहे थे और फॉर्म भरने के एवज में पैसा भी लिया जा रहा था। जानकारी मिलने पर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और उपस्थित महिलाओं को इस पूरे मामले से अवगत कराते हुए कहा कि यह एकदम फर्जी और धोखाधड़ी है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे इस तरह के छलावे में न आएं और अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई किसी भी व्यक्ति को न सौंपें। महिलाओं ने भी स्वीकार किया कि उन्हें कहा गया था कि राजद को वोट देने पर माई बहन योजना के तहत ढाई हजार रुपये मिलेंगे। पूर्व सांसद ने मौके पर ओबरा थाना प्रभारी से बात कर पूरे प्रकरण की जानकारी दी और कार्रवाई की मांग की। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की गतिविधियां महिलाओं और गरीब तबके को गुमराह करने वाली हैं। वहीं, इस घटना ने चुनावी माहौल में राजनीति और वोटरों को प्रभावित करने की कोशिशों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# बैंक ऋण से संबंधित मामलों के निपटारा के लिए सहयोग की अपील : जिला जज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** 13 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला जज सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राज कुमार द्वारा बैंक ऋण से संबंधित मामलों के निस्तारण हेतु बैठक की गई। बैठक में पंजाब नेशनल बैंक अंचल मंडल प्रमुख अग्रणी बैंक प्रबन्धक आनन्द वर्धन, बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक अरविंद कुमार, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के निदेशक अनुपम कुमार एवं बैंकिग उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव के साथ अपने प्रकोष्ठ में बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा बैंकिंग से जुडे सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा –निर्देश के अनुरूप बैंक ऋण से संबंधित मामलों का लोक अदालत में निस्तारण करायें तथा पक्षकारों को अधिक से अधिक राहत प्रदान करें। जिला जज द्वारा उपस्थित बैंकिंग क्षेत्र से जुडे पदाधिकारियों को कहा सरकारी अनुदान पर बैंक शाखाओं द्वारा सूद लगाने तथा वसूलने की कार्रवाई से संबंधित मामला प्रकाश में आया है, जिसके लिए सभी बैंक से जुड़े पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि स्थापित प्रक्रियाओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए जिससे कि लोक अदालत के उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सके। जिला जज द्वारा कहा गया कि लोक अदालत में बैंक ऋण से संबंधित मामलें में पक्षकार अधिक राहत पाने के उद्धेश्य से आतें है, इसलिए ऐसे मामलों में बैंक से जुडे सभी पदाधिकारियों को लचिला रूप अपनाकर ऋण वादों का निस्तारण करना चाहिए और ऋण से जुडे जिन मामलों में अनुदान दिया जा सकता है। अनुदान का लाभ ऋणधारियों को प्राप्त हो। इस प्रक्रिया का अनुपालन भी आवशयक रूप से करना चाहिए।

# धूमधाम से मनाई गई महर्षि कश्यप जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाऊदनगर।** कसौधन समाज के आराध्य देव एवं सृष्टिकर्ता माने जाने वाले महर्षि कश्यप ऋषि की जयंती रविवार को कसौधन पंचायत सभा दाऊदनगर के तत्वाधान में कृष्णा कॉन्वेंट स्कूल परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, सचिव महेंद्र प्रसाद, राष्ट्रीय महामंत्री आनंद प्रकाश, कृष्णा ग्रुप के चेयरमैन मदन कुमार समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात महर्षि कश्यप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर आरती की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद ने कहा कि समाज को महर्षि कश्यप के आदर्शों पर चलना चाहिए। राष्ट्रीय महामंत्री आनंद प्रकाश ने कहा कि समाज में एकजुटता बेहद जरूरी है। साथ ही उन्होंने कसौधन समाज को केंद्रीय सूची में अति पिछड़ा वर्ग में शामिल करने की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कृष्णा ग्रुप के चेयरमैन मदन कुमार ने महर्षि कश्यप की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि वे ब्रह्मा पुत्र मारीच ऋषि के पुत्र और दक्ष प्रजापति के दामाद थे। उन्होंने दक्ष ऋषि की 17 कन्याओं से विवाह किया था, जिनसे विभिन्न प्रजातियों का जन्म हुआ। इस कारण उन्हें देवता, दानव, पशु-पक्षी और मानव सभी का जनक माना जाता है। जयंती समारोह में मुख्य रूप से अशोक कुमार गुप्ता, विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता, वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार, दीपक कुमार, अतीश कुमार, गुड्डू कुमार, मनोज कुमार, राकेश कुमार, राजेश कुमार, विक्रम प्रकाश, अजय कुमार, सुदामा कुमार, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, सुधीर कुमार, लक्ष्य कुमार, विश्वनाथ प्रसाद, आदित्य प्रकाश, सुमित कुमार, धीरज कुमार, गोलू कुमार, कृष्ण कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि महर्षि कश्यप के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज को एकजुट कर देश की प्रगति में योगदान देना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।




# मारपीट में दंपति जख्मी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मामूली विवाद में दो गुट आपस में भिड़ गए जिसमें युवक ने दंपत्ति पर फल काटने वाले चाकू से हमला कर दिया। मामले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायलों की पहचान 40 वर्षीय राकेश साव और 35 वर्षीया अर्चना देवी के रूप हुई है। घटना देव थाना क्षेत्र के एरकी गांव की है। राकेश ने बताया कि घर में टाइल्स लगाने का काम चल रहा है। पड़ोस की रहने वाली एक विक्षिप्त लड़की बार-बार वहां आ रही थी। मजदूरों को काम करने में परेशानी हो रही थी। जब उसके घर वालों को उसे रोकने को कहा तो भड़क गए। बहस शुरू हो गई। वहां मौजूद लोगों ने उस समय मामला शांत करा दिया। कुछ देर बाद पड़ोसी सुदामा साव, उसके पुत्र आशीष कुमार और नीतीश कुमार घर में घुस गए। लाठी-डंडे और चाकू से हमला कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही देव थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल पहुंचाया। थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया कि मारपीट मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। अभी तक कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने पर केस दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रक की टक्कर से ऑटो सवार जीजा-साला गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग - 19 पर देव मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रही ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दिया जिसमें ऑटो सवार जीजा-साला गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में फेसर थाना क्षेत्र के शेख बिगहा गांव निवासी मो. मंसूर के पुत्र मो इमरान व रफीगंज थाना क्षेत्र के राजा बगीचा निवासी लाल मोहम्मद हुसैन कादरी के पुत्र मो छोटू के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायलों के परिजनों ने बताया कि दोनों आपस में जीजा-साला है। छोटू औरंगाबाद से अपने ऑटो में सीएनजी भरवाकर इमरान के साथ रफीगंज लौट रहा था। इसी दौरान देव मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रही एक अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया और उस पर सवार दोनों घायल हो गए। घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया।

# भाई का जीवन बचाने के लिए भाई ने दान में दी किडनी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के दाउदनगर नगर परिषद के वार्ड नं- 16 निवासी प्रफुल्ल चंद्रा ने अपने बड़े भाई प्रमोद कुमार की जीवन के लिए अपनी किडनी दे दिया। साथ ही आज मानवता और त्याग की एक मिसाल बन गए हैं। प्रफुल्ल का यह साहसिक कदम सफल रहा और अब प्रमोद कुमार जो राज्य सरकार में कार्यपालक अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। वे मेदांता अस्पताल गुड़गांव में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। जानकारी देते हुए लोजपा नेता सह जिले के समाजसेवी डॉ0 प्रकाश चंद्रा ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि प्रमोद से वीडियो कॉल पर बात हुई, जिसमें यह जानकर खुशी हुई कि वे अब ठीक हो रहे हैं। प्रफुल्ल के इस बलिदान की सराहना करते हुए कहा कि प्रफुल्ल जैसे कर्मवीर, त्यागी और संवेदनशील साथी पर हमें गर्व है। उनका यह साहसिक कदम हम सबके लिए एक बड़ी सीख है। यह सिर्फ एक किडनी दान नहीं, बल्कि दो भाइयों के बीच गहरे प्रेम और अटूट बंधन का प्रतीक है। कहा कि प्रफुल्ल उनकी पत्नी और पूरे परिवार को इस कठिन समय में उनके साथ खड़े रहने के लिए धन्यवाद है। प्रफुल्ल और प्रमोद की यह कहानी आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कामना करते हुए कहा कि दोनों भाई जल्द से जल्द स्वस्थ होकर वापस लौटें।

# एडमिट कार्ड देने से मना करने पर क्लर्क की पिटाई




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शहर के सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में कुछ मनचले छात्रों ने परीक्षा विभाग के क्लर्क की जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी क्लर्क की पहचान शहर के ही सत्येंद्र नगर मुहल्ला निवासी रामानुज सिंह के पुत्र शशि रंजन कुमार के रूप में हुई है। वैसे शशि रंजन का पैतृक गांव रफीगंज थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव में है। घटना सोमवार की दोपहर की बताई जा रही है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी क्लर्क शशि रंजन ने बताया कि वह सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में परीक्षा विभाग में क्लर्क के पद पर पदस्थापित है। सोमवार की दोपहर अचानक कुछ छात्र पहुंचे और एक छात्रा का मार्कशीट मांगा। शशि रंजन ने कहा कि लड़की का मार्कशीट तभी दिया जायेगा, जब आप उसके परिजन या रिश्तेदार होंगे अन्यथा नहीं दिया जायेगा। इसके बाद मनचले छात्रों ने शशि रंजन के साथ गाली-गलौज करने लगे। डांट-फटकार लगाने पर सभी मनचले छात्र बाहर चले गए। लेकिन थोड़ी देर बाद एक दर्जन की संख्या में मनचले छात्र पहुंचे और उसे लाठी-डंडे से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद महाविद्यालय में अफरा-तफरी की स्थिति मच गई। क्लर्क शशि रंजन की पिटाई कर सभी लोग मौके से फरार हो गए।

# दो पक्षों के बीच मारपीट में पांच लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** दो पक्षों के बीच मारपीट मामले में माली थाना की पुलिस द्वारा पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के एक पक्ष से मोती बिगहा महेंद्र यादव, सुशील यादव एवं बीरबल बिगहा निवासी मनोज कुमार यादव के रूप में की गई है। वहीं दूसरे पक्ष से अभियुक्त की पहचान सिमरी धमनी गांव निवासी धनेश्वर रविदास के पुत्र विजय रविदास एवं शिवपूजन रविदास के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि दो लड़कों के बीच विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच रविवार को मारपीट की घटित हुई थी जिसमें कई लोग जख्मी हुए है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर जख्मियों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजवाया गया था। मामले में दोनों पक्षों से प्राप्त आवेदन के आधार पर जांच-पड़ताल की गई जिसमें दोनों पक्षों से पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# लम्पी बीमारी की जांच के लिए लिया गया ब्लड सैंपल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिलान्तर्गत प्रखंड मखदुमपुर के पंचायत भैंख, ग्राम लोहगढ़ तथा प्रखंड काको के पंचायत डेढ़सैया, ग्राम धरमपुर में पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, पटना से आये वैज्ञानिकों की टीम द्वारा लम्पी त्वचा रोग सदृश्य बीमारी से ग्रस्त गौ-वंशीय पशुओं का ब्लड सीरम एवं अन्य नमूने संग्रहित किए गए। ये नमूने रोग की पुष्टि हेतु संस्थान, पटना को भेजे गए हैं। उल्लेखनीय है कि गत कुछ दिनों से जिले के विभिन्न हिस्सों से पशुपालकों द्वारा दूरभाष पर इस रोग सदृश्य बीमारी की सूचना प्राप्त हो रही थी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद(बिहार)
पिन - 824101
मो.9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web: www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


# पशुपालक कैलेंडर

बिहार सरकार
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग
पशुधन द्वारा जीवन में गुणात्मक सुधार

## सितम्बर



- सितम्बर माह में वातावरण के तापमान में उतार–चढ़ाव के दुष्प्रभावों से पशुओं को बचाने के उपायों पर ध्यान दें। ऐसे समय में पशुओं को दिन के समय धूप से बचाने तथा पीने के पानी की समुचित व्यवस्था करें और रात के समय ठंड से बचाने के लिए छप्पर इत्यादि के नीचे पशुओं को बांध कर रखें।
- पशुओं को यथासंभव सूखे व ऊँचे स्थान पर रखें।
- पशुघर में वर्षा जल निकासी का समुचित प्रबंध करें।
- रक्त परजीवी रोगों जैसे–थाइलेरिया, ट्रिपैनोसोमा, बबेसिया इत्यादि वर्षा काल में जन्म लेते हैं तथा मच्छर, कीट व कीचड़ इत्यादि के द्वारा फैलते हैं। अतः बाड़े के आस–पास गंदा पानी एवं गंदगी एकत्रित न होने दें।
- गर्मी व नमी जनित रोगों में मुख्य रूप से कोलीबेसिलोसिस, साल्मोनेलोसिस, कवक (फंफूदी) जनित रोग है। इसके अतिरिक्त गलाघोंटू (एच.एस.) और लंगड़ी बुखार (बी.क्यू.) के फैलने की संभावना भी अत्यधिक रहती है। अतः समय रहते इनके टीके पशुओं में अवश्य लगवा लें अथवा रोग होने पर पशुचिकित्सक से तुरंत संपर्क करें।
- चारे के संग्रहण पर विशेष ध्यान दें। नमी के कारण कई फंफूद जनित रोगों के संक्रमण का खतरा रहता है।
- हरे चारे से साईलेज बनाएँ अथवा हरे चारे के साथ सूखे चारे को मिलाकर खिलाएँ क्योंकि हरे चारे के अधिक सेवन से पशुओं में दस्त की समस्या हो सकती है।

PR No.- 013429 (Animal)D. 2025-26

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, पशुपालन सूचना एवं प्रसार कार्यालय, बिहार, पटना द्वारा जनहित में प्रचारित